सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-280 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 05 अप्रैल 2025
06 शव्वाल 1446 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



### बैंकॉक में प्रधानमंत्री मोदी और मोहम्मद यूनुस की मुलाकात

# माहौल खराब करने वाले बयानों से बचें : मोदी

- बैंकॉक में मो. यूनुस को पीएम मोदी की खरी-खरी
- बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताएं साझा कीं
- विवादों में रहा है मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की शुक्रवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में मुलाकात हुई। शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। दोनों नेता बिम्सटेक सम्मेलन से इतर मिले। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट बातचीत हुई। पीएम मोदी की मोहम्मद यूनुस से मुलाकात को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने एक बार फिर लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने प्रोफेसर यूनुस के भारत के साथ सकारात्मक संबंधों की इच्छा को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने अपील की कि माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचा जाए। सीमा पर सख्ती से अवैध घुसपैठ को रोका जा सकता है और सीमा सुरक्षा को कायम रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जाहिर की। बीते साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उसके बाद से मोहम्मद यूनुस ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल विवादों में घिरा रहा है और उनके कार्यकाल में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं। इसके चलते भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में भी खटास आई है। बीते हफ्ते ही चीन के दौरे पर मोहम्मद यूनुस ने भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आई है।

### दिया था आपत्तिजनक बयान

दरअसल मोहम्मद यूनुस ने चीन दौरे पर चीन की सरकार से बांग्लादेश में निवेश बढ़ाने की अपील की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्य चारों तरफ जमीन से घिरे हैं और उनके पास समुद्र तक पहुंच नहीं है। ऐसे में ये चीन के लिए अवसर हो सकता है। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश ही ऐसी ताकत है, जिसके पास समुद्री पहुंच है। हालांकि मोहम्मद यूनुस का यह बयान भारत को नाराज कर गया और इसे लेकर आधिकारिक चैनल से भारत ने नाराजगी भी जाहिर की है।

# मथुरा की शाही ईदगाह को नहीं मान सकते मस्जिद

### मुस्लिम पक्ष पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, आठ अप्रैल को सुनवाई

**मथुरा शाही ईदगाह केस में नया मोड़**

**नई दिल्ली।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मामले में नया मोड़ आ गया है। हिन्दू पक्ष की शाही ईदगाह को एएसआइ संरक्षित स्मारक बताए जाने के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। शाही मस्जिद ईदगाह की इंजतामिया कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत पांच मार्च के फैसले को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की ओर से दाखिल अर्जी को स्वीकार करते हुए मूल वाद (शाही ईदगाह पर दावा करने वाला मूल मुकदमा) में संशोधन करने और शाही ईदगाह को एएआइ संरक्षित स्मारक बताने के तथ्य को शामिल करने की इजाजत दी थी। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने पक्षकारों के तौर पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) और केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी थी।

मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा है कि इससे मूल मुकदमे का स्वरूप बदल गया है और इतना नहीं इससे मस्जिद कमेटी द्वारा पूजा स्थल कानून को आधार बनाकर मूल वाद की सुनवाई पर उठाए सवाल की दलीलें भी नकर जाती हैं। यह याचिका शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए लगी थी जिस पर कोर्ट ने आठ अप्रैल को विचार करने का निर्णय लिया और सुनवाई टाल दी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद कमेटी की हाई कोर्ट द्वारा सभी मुकदमों को एक साथ सुनवाई के लिए संलग्न करने के आदेश को चुनौती देने वाली अर्जी को सुनवाई के लिए पुर्न बहाल करने की मांग पर भी हिन्दू पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। शुक्रवार को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष दोनों याचिकाएं सुनवाई पर लगीं थीं।



## आरबीआई जारी करेगा 10 और 500 रुपये के नए नोट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही महात्मा गांधी सीरीज में 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा।



आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि इन नए नोटों का डिजाइन पहले से जारी किए गए महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 10 रुपये और 500 रुपये के नोटों के समान ही होंगे। 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने बताया कि नए नोटों के डिजाइन पहले के नोटों जैसे ही रहेंगे। पहले जारी किए गए सभी 10 रुपये के नोट पूरी तरह से वैध मुद्रा बने रहेंगे। महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 500 रुपये के सभी पुराने नोट भी वैध मुद्रा के रूप में मान्य रहेंगे।

## अभिनेता मनोज कुमार का निधन बॉलीवुड में शोक की लहर

### पीएम मोदी सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा जगत (बॉलीवुड) के जाने-माने अभिनेता और



निर्देशक मनोज कुमार ने शुक्रवार तड़के इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। अभिनेता मनोज कुमार आज 87 वर्ष की आयु में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। खास कर अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जानेवाले मनोज कुमार को लोग प्यार से भारत कुमार भी कहते हैं। मनोज कुमार के निधन की खबर आते ही बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई। मनोज कुमार के पारिवारिक मित्र एवं फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि कुमार कुछ समय से बीमार थे और उम्र संबंधी समस्याओं के कारण तड़के करीब साढ़े तीन बजे उनका निधन हो गया। दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित कुमार को शहीद, उपकार और पूरब और पश्चिम जैसी फिल्मों के लिए जनता का अपार स्नेह मिला। मनोज कुमार के निधन पर पीएम मोदी सहित कई नेताओं ने शोक जताया। वहीं पीएम मोदी ने मनोज कुमार के निधन पर एक्स पर पोस्ट कर दिग्गज अभिनेता को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, मनोज कुमार जी, वे भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति के लिए याद किया जाता है, जो उनकी फिल्मों में भी झलकती थी।

# 18 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी

### मोदी कैबिनेट

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी
- महाराष्ट्र, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को मिलेगा लाभ
- मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से सुगम होगा रेल परिचालन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये है।

महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क करीब 1247 किलोमीटर बढ़ जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि परियोजनाओं में संबलपुर-जरापदा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा पांचवीं व छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण शामिल हैं। मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार से गतिशीलता में सुधार होगा। इससे भारतीय रेलवे के लिए बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव रेल परिचालन को सुगम बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे। रेल मंत्री ने बताया कि 19 नए स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों के निर्माण से महाराष्ट्र में गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव तक कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी।



**19 नए रेलवे स्टेशनों का होगा निर्माण**

उन्होंने बताया कि कनेक्टिविटी बढ़ने से लगभग 3350 गांवों और लगभग 47.25 लाख लोगों तक लाभ पहुंचेगा। रेल मंत्री के अनुसार, परियोजनाओं के चलते खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्र सीधे रेल कनेक्टिविटी से जुड़ सकेंगे। इसका लाभ यह होगा कि इस क्षेत्र में सीमेंट संयंत्रों सहित नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं पैदा होंगी। ये मार्ग कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, चूना पत्थर जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक हैं। क्षमता वृद्धि के चलते 88.77 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा बचाने वाला परिवहन का कुशल साधन है।



# वक्फ बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे मुस्लिम




- बंगाल, गुजरात समेत कई राज्यों में मुस्लिम समुदायों ने विरोध प्रदर्शन किए

**नई दिल्ली।** वक्फ बिल का रास्ता लगभग साफ हो चुका है। दोनों सदनों से बिल पारित हो चुका है। राज्यसभा में बिल के पक्ष में 128 वोट पड़े। वहीं, लोकसभा में बिल के समर्थन में 288 वोट पड़े।

गौरतलब है कि एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों ने बिल पर सहमति जाहिर की है। वहीं, विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन ने इस बिल को असंवैधानिक करार दिया है। कांग्रेस ने बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का मन भी बना लिया है। इसी बीच देशभर के कई राज्यों में मुस्लिम समुदाय द्वारा बिल का विरोध हो रहा है। बंगाल, गुजरात समेत कई राज्यों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिल की खिलाफत की है। कोलकाता में संयुक्त मंच के बैनर तले मुस्लिम संगठन वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। गुजरात के अहमदाबाद में विभिन्न मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में टीवीके महासचिव एन आनंद वक्फ संशोधन विधेयक पर केंद्र सरकार की निंदा करने के लिए एक विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बेंगलुरु में मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि कई मुस्लिम संगठन इस बिल के समर्थन भी कर रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने वक्फ विधेयक को लेकर अपना समर्थन किया और मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि इस कानून से समुदाय की संपत्तियों, मस्जिदों, दरगाहों, ईदगाहों या कब्रिस्तानों को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा, यह विधेयक अधिकार देने के लिए है, उन्हें छीनने के लिए नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 की वैधता को चुनौती दी और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। जावेद की याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधेयक में वक्फ संपत्तियों और उनके प्रबंधन पर मनमाने प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किये गये हैं, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वायत्तता कमजोर होगी। अधिवक्ता अनस तनवीर के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि विधेयक में मुस्लिम समुदाय से भेदभाव किया गया है, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो अन्य धार्मिक बंदोबस्तों में मौजूद नहीं हैं। ओवैसी की याचिका वकील लजफीर अहमद ने दायर की। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 95 ने विरोध में मतदान किया।

## नेपाल में भूकंप के तेज झटके उत्तर भारत में भी हिली धरती

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के झटके



महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गई। नेपाल के साथ ही उत्तर भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। अभी तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। अन्य ब्यौरे का इंतजार किया जा रहा है। उत्तराखंड के चंपावत में शुक्रवार देर शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जनपद में फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। जिला आपदा परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायं 07:52 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.0 मापी गई जबकि गहराई 20 किमी थी। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र नेपाल था। जिले में फिलहाल किसी प्रकार की अप्रिय सूचना नहीं है। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने समस्त आईआरएस अधिकारियों एवं तहसीलों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी अप्रिय स्थिति में जिला आपदा परिचालन केंद्र को अवगत कराएं।

# कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी ठहराया

- जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामला



**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से जुड़े एक मामले में चार आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया। आठ अप्रैल को दोषियों को सजा सुनाई जाएगी। यह मामला 13 मई, 2008 को चांदपोल में मिले बम से जुड़ा है। इस बम को सुरक्षा दस्तों ने निष्क्रिय किया था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि जयपुर बम विस्फोट मामले की विशेष अदालत ने सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि तय करने के लिए आठ अप्रैल की तारीख तय की है। उल्लेखनीय है कि 13 मई 2008 को जयपुर शहर में सिलसिलेवार आठ बम विस्फोट हुए थे, नौवां बम चांदपोल बाजार के पास मिला था, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया था। इन बम धमाकों में 71 लोगों की जान चली गई थी और 180 अन्य घायल हो गए थे।

# पीएम मोदी रामनवमी पर पंबन में करेंगे वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को रामनवमी के मौके पर तमिलनाडु के पंबन में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मोदी छह अप्रैल को तमिलनाडु के दौरे पर जाएंगे और रामनवमी के अवसर पर मध्याह्न करीब 12 बजे पंबन और रामेश्वर के बीच स्थित देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाएंगे तथा पुल के संचालन को देखेंगे।



विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसके बाद प्रधानमंत्री अपराह्न करीब 12:45 बजे रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। मोदी रामेश्वरम में अपराह्न करीब डेढ़ बजे 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली राज्य की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा मोदी रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नयी ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पुल का सांस्कृतिक महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि रामायण के अनुसार राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग का बेजोड़ उदाहरण है। इसका निर्माण 550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है।

**तोहफा** — सीएम योगी ने सिद्धार्थनगर में गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय का किया उद्घाटन

# भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनी : योगी

इरशाद सिद्दीक़ी/दीपक श्रीवास्तव/एजाज़ सिद्दीक़ी/

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भारतभारी पहुंचे। उन्होंने यहां गुरु गोरक्षनाथ ज्ञान स्थली विद्यालय का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। कहा कि, भारत भारी की इस पावन धरा को मैं कोटि-कोटि नमन कर हुं। दुनिया के अंदर करुणा और मैत्री का संदेश देने वाली पावन धरा राज कुमार सिद्धार्थ जिनके नाम पर ही सिद्धार्थनगर जनपद पड़ा है।



सीएम योगी ने गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय का उद्घाटन करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय का उद्घाटन करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा दस वर्ष में बदलते हुए भारत को देखा। सीएम ने कहा इसीलिए भारतीय मनीषा ने इस बात का विश्वास किया। यानी ज्ञान के चारों ओर खुला छोड़ो। जहां से भी ज्ञान की धारा आप तक पहुंच सकती है, उसका स्वागत होना चाहिए। क्योंकि जीवन में हमारे लिए प्रगति के अनेक मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इसीलिए आज हम भारत भारी में आकर के ज्ञान स्थली में आने का अवसर प्राप्त हुआ है। उस समय जब हम लोग 2008 में यहां आए थे, तब चुनौतियां ढेर सारी थी। असुरक्षा का वातारण था। न बेटी सुरक्षित थी। तत्कालीन सरकार के एजेंडे में शिक्षा कही भी नहीं आती थी। बार-बार हमारे पूर्वज इसको मानते रहे की शिक्षा के लिए जितना किया जाए कम है। हम कह रहे है शिक्षा पर किया जाने वाला निवेश कहीं व्यर्थ नहीं जा सकता। वो सदैव आपके जीवन कुछ

- **दस वर्ष में बदलते हुए भारत को देखा : सीएम**

अच्छा करके दिखाएगा। पिछले दस वर्ष ने अपने बदलते हुए भारत को देखा है। एक नया भारत का दर्शन हो रहा है। कभी भारत के सामने पहचान का संकट था। आज नया भारत है। एक भरता श्रेष्ठ भारत है। ये भारत दुनिया का पिछलग्गू नहीं, बल्कि दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में मात्र दो वर्ष में भारत दुनिया का तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें कोई शक नहीं है। आज पीएम के नेतृत्व में जीवन के हर एक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। याद करिए राज कुमार सिद्धार्थ का बचपन इसी सिद्धार्थनगर और लुंबनी में व्यतीत हुआ था। यही वो क्षेत्र है। ज्ञान प्राप्त करने के बाद बुद्ध कहलाए। याद करना जब गोरखपुर में पहला 1952 पहला सरस्वती मंदिर प्रारंभ हुआ था। उस समय सिर्फ पांच छात्र थे। आज लाखों छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे है। इस अवसर पर कई प्रमुख भाजपा नेता मौजूद रहे। इनमें पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक श्याम धनी राही, विधायक जय प्रताप सिंह और विधायक विनय वर्मा शामिल थे। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के साथ अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर विद्यालय के पास बने हेलीपैड पर उतरा। वहां से वह कार द्वारा विद्यालय परिसर में पहुंचे। कार्यक्रम में विद्यालय का उद्घाटन, शिलापट्ट का अनावरण और फीता काटा। इसके बाद गुरु गोरक्षनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया।

# दिव्यांग बच्चों के सपनों को संवारती नीरज शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** संकेतों की शक्ति से रोशन होते सपने, जहां हर प्रतिभा को मिलता है एक नया आसमान!÷ इसी संदेश को साकार करते हुए लखीमपुर खीरी के रिसोर्स सेंटर में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर श्रीमती नीरज शर्मा दिव्यांग बच्चों के जीवन में शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई रोशनी फैला रही हैं। उनके अथक प्रयासों से ये बच्चे न केवल पढ़ाई में आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि कला और संस्कृति के माध्यम से अपनी अनूठी पहचान भी बना रहे हैं चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उनके इस अनुकरणीय कार्य को सम्मानित करते हुए महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल के तहत नीरज शर्मा को सोशल मीडिया हैंडल्स समर्पित किए, जिससे उनके नवाचारों को व्यापक पहचान मिल सके और अधिक से अधिक लोग इस प्रेरणादायक यात्रा से जुड़ सकें नीरज शर्मा बताती है कि मुख्यमंत्री जी के विजन और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में हमें दिव्यांग बच्चों को शिक्षित और सशक्त करने का अवसर मिला है। ÷हर बच्चा खास होता है, बस जरूरत होती है उसे सही मार्गदर्शन और विश्वास देने की। जब हम उनकी भाषा समझते हैं, तो वे न केवल सीखते हैं, बल्कि अपनी क्षमताओं को नए आयाम भी देते हैं। मेरा सपना है कि हर दिव्यांग बच्चा आत्मनिर्भर बने, अपनी पहचान खुद बनाए और दुनिया को दिखाए कि हुनर किसी सीमा का मोहताज नहीं होता नीरज शर्मा का मानना है कि हर बच्चा विशेष होता है और सही मार्गदर्शन से अपनी छिपी क्षमताओं को निखार सकता है। वे संकेत भाषा (साइन लैंग्वेज) के माध्यम से बच्चों को पढ़ाती हैं, जिससे वे सीखने और खुद को व्यक्त करने में अधिक सहज महसूस करते हैं नीरज शर्मा की प्रेरणा से ये बच्चे गानों पर इशारों के माध्यम से प्रस्तुति देते हैं और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। इनके इशारों पर सजीव होती प्रस्तुति हर किसी के मन को छू जाती है और यह दिखाती है कि कला की कोई भाषा नहीं होती, यह सिर्फ अभिव्यक्ति का माध्यम है नीरज शर्मा का यह समर्पण दिव्यांग बच्चों के लिए एक नई उम्मीद बन चुकी है। उनकी यह पहल न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव ला रही है, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों की क्षमताओं को पहचानने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही है।

# शारदा नहर में कूदे 17 वर्षीय किशोर का दूसरे दिन भी कोई पता नहीं चल सका

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पढुआ क्षेत्र में गुरुवार को संदिग्ध हालत में शारदा नहर में कूदे 17 वर्षीय किशोर की तलाश में शुक्रवार को पीएसी की फ्लड यूनिट टीम मौके पर पहुंची। टीम ने नहर में उतरकर सर्च अभियान चलाया। वहीं गोताखोर भी उसकी तलाश करते रहे, लेकिन दूसरे दिन भी किशोर का कोई पता नहीं चल सका।

इससे उसके परिवार वालों का रो-रोकर हाल बेहाल है बता दें कि थाना निघासन क्षेत्र की एक किशोरी गायब है। उसके परिवार वालों को शक था कि पढुआ थाना क्षेत्र के गांव सरपतहा डंडूरी निवासी रमेश कश्यप उर्फ छोटू किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया था। बताते हैं कि गुरुवार को किशोरी के कुछ रिश्तेदार रमेश कश्यप को घर से बुलाकर लाए थे।

किशोरी के बारे में युवक से पूछताछ कर रहे थे। पूछताछ के दौरान रमेश उर्फ छोटू ने गायब चल रही किशोरी को बरामद कराने की बात कह नहर पटरी पर चलने की बात कही। रमेश सहित लड़की पक्ष के लोग शारदा नहर के किनारे पहुंचे इसी बीच रमेश नहर पटरी से भाग कर नहर में कूद गया और कुछ ही देर में गहरे पानी में लापता हो गया।

युवक के नहर में डूबने की सूचना जब परिजनों को मिली तो उनमें कोहराम मच गया।

रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने लड़की पक्ष के लोगों पर किशोर को नहर में फेंकने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश कराई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अंधेरा होने पर सर्च अभियान बंद कर दिया गया।

सुबह पीएसी की फ्लड यूनिट भी मौके पर पहुंची।पुलिस ने गोताखोरों को भी नहर में उतारा। पूरे दिन चले सर्च अभियान के बाद भी किशोर का कोई पता नहीं चल सका है।

# निर्माणाधीन मकान के पिलर को टक्कर मारते हुए मकान के बीम से जा टकराई कार , एक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** भीरा-लखीमपुर हाईवे पर शुक्रवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। संपूर्णानगर से लखीमपुर जा रही एक कार थाना भीरा क्षेत्र के गांव मूसेपुर के निकट अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन मकान के पिलर को टक्कर मारते हुए मकान के बीम से जा टकराई हादसे में कार सवार शिक्षक और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया, जहां शिक्षक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है हादसा शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे के करीब हुआ। थाना संपूर्णानगर के गांव रानीगंज निवासी शिक्षक धर्मेंद्र कुमार 55 किसी काम से कार में सवार होकर लखीमपुर जा रहे थे। कार शकील (21) पुत्र सगीर निवासी सुमेरनगर थाना संपूर्णानगर चला रहा था। बताते हैं कि कार अत्यधिक स्पीड में थी।थाना भीरा क्षेत्र के मूसेपुर गांव के पास चालक का कार की स्टीयरिंग से नियंत्रण छूट गया। कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बन रहे एक मकान के पिलरों को तोड़ते हुए उसके बीम से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने किसी तरह से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई कार में फंसे शिक्षक और चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी मौके पर पड़रिया तुला चौकी इंचार्ज उमराव सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। यूपी 112 की पीआरवी से दोनों घायलों को सीएचसी बिजुआ भेजा, जहां डॉक्टर ने शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत गंभीर होने पर चालक शकील को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है हादसे में मौत होने की खबर मिलते ही शिक्षक के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग और तमाम शिक्षक साथी भी बिजुआ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है बाइक को बचाने के प्रयास में हुआ हादसाप्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की स्पीड काफी अधिक थी। इसी बीच अचानक बाइक चालक कार के सामने आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में चालक कार को नियंत्रित नहीं कर सका और कार मकान के पिलरों को तोड़ते हुए बीम से टकरा गई, जिससे हादसा हो गया।उधर, मूसेपुर के ग्रामीणों का कहना है कि गांव के निकट हाईवे पर बनी पुलिया पर एक छोटा गड्ढा है। यह गड्ढा भी दुर्घटनाओं का सबब बन रहा है, लेकिन जिम्मेदार जानकर भी गड्ढे को ठीक नहीं कर रहे हैं।

# 25 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा थाना गोला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 198/2025 धारा 2(ड्ड)(ड्ढड्ढद्ब)/3 उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट, थाना गोला जनपद खीरी में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त मोनू उर्फ शफीक पुत्र खलील उर्फ नकवी निवासी ग्राम मुडिया मिश्र थाना गोला जनपद खीरी को थाना हैदराबाद क्षेत्रान्तर्गत गोला से खुटार रोड पर दतेली तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# सड़क के किनारे लगे खंभे को तोड़कर खाई में घुसी कार

**लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में लखीमपुर-पलिया हाईवे पर कार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे खंभे को तोड़कर खाई में घुस गई। इससे कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने बिजुआ सीएचसी भेजवाया। वहां एक व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

दूसरे का उपचार चल रहा है थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के गांव रानीनगर के निवासी धर्मेंद्र कुमार 55 वर्ष पुत्र रामलाल, चालक शकील 21 वर्ष पुत्र सगीर निवासी सुमेरनगर थाना संपूर्णानगर के साथ कार से लखीमपुर की ओर जा रहे थे।

लखीमपुर-पलिया हाईवे पर गांव मूसेपूर के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे को तोड़कर खाई में चली गई। इससे कार सवार दोनों लोग घायल हो गए हादसे की सूचना मिलते ही पड़रिया तुला चौकी प्रभारी उमराव सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को पीआरवी से बिजुआ अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने धर्मेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल चालक शकील का इलाज चल रहा है मूसेपुर गांव के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। मूसेपुर के पास पुलिया पर बीच रोड पर बने गड्ढे को बचाने के प्रयास में चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतक धर्मेंद्र के परिवार को एसआई उमराव सिंह ने सूचना दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बदायूं।** ग्राम पंचायत उरैना में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर की ओर से आरबीएस टीम द्वारा किया गया। प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजकुमारी द्वारा छह दर्जन से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय एवं तृतीय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती निशा सक्सेना एवं सहायिका रेखा रानी द्वारा 112 बालक एवं 121 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में डॉ राजीव,स्टाफ नर्स तुबा मैसी ओपटोमैटिस पूनम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों के परीक्षण उपरांत दवा का वितरण भी किया गया । इस मौके पर मास्टर वजीरूद्दीन ,राजेश कुमार सक्सेना ,रामादेवी,पूनम सिंह आदि मौजूद रहे।

# इस्लामिया कॉलेज में,डीएलएसए की ओर से किया गया,साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता





**बदायूं।** हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डीएलएसए सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया गया। जागरूकता शिविर का शभारंभ करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों से अपील करते हुए कहा कि छात्रों को इन्टरनेट का सही उपयोग करना चाहिए तथा सोशल मीडिया साइटों यथा फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का उपयोग उचित दिशा में करना चाहिए एवं अश्लील सामिग्री से दूरी बनाये रखना चाहिए ताकि विद्या अध्ययन करने वाले युवकों का विद्यार्थी जीवन नष्ट न हो। उन्होने कहा कि छात्रों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये साथ ही अच्छी सोच और पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए एवं घर से विद्यालय आने जाने पर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से हेल्मेट व शीट वेल्ट आदि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि असमय होने वाली गम्भीर दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अवयस्क लड़कों द्वारा किये गये विभिन्न प्रकार के अपराधों के मामले में विचारण हेतु भारतीय न्याय व्यवस्था के अधीन जनपद में किशोर न्याय बोर्ड, का गठन किया गया है जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को दण्ड स्वरूप बाल सुधार गृह बरेली में भेजा जाता है।उनके द्वारा शिविर में उपस्थित छात्रों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के कार्यों आदि तथा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु विधिक जानकारी दी गया। उन्होंने स्त्री-पुरूष सामानता सम्बन्धित प्रावधानों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सम्बन्धित विधिक प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 मई को वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण कराया जा सकता है।कार्यक्रम में असिस्टेन्ट, एल0ए0डी0सी0/जि0वि0से0प्रा0 , बदायूं कशिश सक्सेना, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों के विधिक अधिकारों से सम्बन्धित एवं 3 नये कानूनों के बारे में एवं भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-14 व 15 पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।। जिला प्रोबेशन कार्यालय के चाइल्ड हेल्प लाइन जिला समन्वयक, कमल शर्मा, द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, एवं पुलिस सहायता हेल्प लाइन नम्बर 112 एवं स्पांसरशिप योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी।

# युवक ने अपनी पत्नी पर लगाए गंभीर आरोप

**लखीमपुर-खीरी।** शहर निवासी एक युवक गुरुवार को एसपी से मिला। उसने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि सात माह के बच्चे को छोड़कर वह दूसरे युवक के साथ घूमती है। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करती है। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है मोहल्ला हाथीपुर कोठार निवासी आशीष गुप्ता ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी का किसी दूसरे युवक के साथ घूमना फिरना है।

वह अपने सात महीने के बच्चे को छोड़कर घर से गायब रहती है। दूसरे व्यक्ति के साथ घूमती फिरती है।23 मार्च को दिन भर कहां गायब रहने की बात पूछने पर आक्रोशित पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। एसपी संकल्प शर्मा ने उसकी पूरी बात सुनी और कार्रवाई की जाने का आश्वासन दिया है।

# गौरी मंदिर पर किया जा रहा है नौ दिवसीय दुर्गा जागरण

**लखीमपुर-खीरी।** क्षेत्र के गांव कपरहा मे गौरी मंदिर पर नौ दिवसीय कपरहा म्युजिकल गुप एन्ड पार्टी द्वारा नौ दिवसीय दुर्गा जागरण किया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन रामजीत, विक्रम, सौरभ, मंनत द्वारा सजीव व सुन्दर झांकियां दिखाई गई। इसके साथ ही विक्रम व मंनत द्वारा 'तेरे दरबार मैया खुशी मिलती है आदि भजनों पर गायन व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजक भोलाराम, हरिराम व सभ्भू दयाल के सहित तमाम भक्तगण और श्रोता मौजूद थे।

# राणा सांगा मामले में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के सामने एक और मुश्किल, दाखिल हुआ परिवाद



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** राणा सांगा पर विवादित बयान देकर फंसे सपा सांसद रामजी लाल सुमन की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं। आगरा की सिविल कोर्ट सीनियर डिवीजिन में पहले सपा सांसद के खिलाफ वाद दायर किया गया था। गुरुवार को विशेष मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में भी रामजीलाल सुमन के खिलाफ परिवाद प्रस्तुत किया गया है। इस पर 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। जानकारी अनुसार दयालबाग की मंगलशिला अपार्टमेंट निवासी कुलदीप कुमार सिंह ने अधिवक्ता के जरिए विशेष मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह की अदालत में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ एक परिवाद दिया है। परिवाद बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर पेश किया गया है। इस मामले में कई अधिवक्ता भी पैरवी के लिए पहुंचे। कुलदीप कुमार सिंह ने बताया कि 21 मार्च 2025 को सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने सभी हिंदुओं की भावना को आहत करने वाला बयान दिया। सपा सांसद ने सदन में हमारे पूजनीय पूर्वज राणा सांगा पर अपमानजनक झूठे लांछन लगाए उन्हें गद्दार कहा। सांसद ने सदन में अमर्यादित टिप्पणी करके सभी अनुयायियों को गालियां दी हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलाद हैं। सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने बिना सत्यता पता किए ऐसा वक्तव्य दिया है। वादी कुलदीप कुमार सिंह ने बताया कि मैंने परिवाद के साथ ही अदालत में महाराजा संग्राम सिंह उर्फ राणा सांगा का परिचय भी प्रस्तुत किया है। अदालत को बताया है कि राणा सांगा ने अपने जीवन काल में 100 से अधिक युद्ध लड़े। उन्होंने अपना अंतिम युद्ध सन 1527 खानवा में बाबर से लड़ा था इसमें वो घायल हो गए, जिसकी वजह से युद्ध हार गए।

# जिलाधिकारी आगरा ने निजी स्कूल संचालकों, स्टेशनरी विक्रेताओं को दिए कड़े निर्देश

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभिभावकों, निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, व्यापार मंडल व बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निजी स्कूल संचालकों, स्टेशनरी विक्रेताओं के विरुद्ध विभिन्न सामाजिक संगठनों,अभिभावक संघ आदि द्वारा निरंतर प्राप्त हो रहीं शिकायतों का संज्ञान लेते हुए सर्व प्रथम जिलाधिकारी ने अभिभावकों के पक्ष व शिकायतों की जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा संबंधित स्कूल से अधिकृत बुक्स-स्टेशनरी विक्रेताओं, दुकानदारों से ही पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म आदि की खरीद कराई जा रही है तथा अनावश्यक रूप से तय सिलेबस से अलग पुस्तकें,सप्लीमेंट्री मैटेरियल के रूप में अनावश्यक स्टेशनरी, ज्योमेट्री बॉक्स, ए-4 साइज सिंगल लाइन कॉपी आदि विभिन्न सामान खरीद हेतु विवश किया जा रहा है।

# एससी का बड़ा आदेश: पेड़ काटने पर माथुर फार्म हाउस पर 17 लाख का जुर्माना



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** आगरा में हरे पेड़ों को काटने वालों को सबक सिखाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा निर्णय दिया है। सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी की सिफारिश पर कोर्ट ने माथुर फार्म हाउस के संचालकों पर एक पेड़ काटने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। फार्म हाउस बनाने के लिए 17 हरे पेड़ काट दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ काटने की एवज में 20 गुना यानी 340 पेड़ लगाने का आदेश दिया है। इसके लिए माथुर फार्म हाउस संचालक को वन विभाग को जमीन देनी होगी। साथ ही, पेड़ों के रखरखाव का खर्च भी चुकाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला आगरा के पर्यावरणविद डॉ. शरद गुप्ता की याचिका पर गुरुवार को सुनाया।

आगरा के पर्यावरणविद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुईयां की बेंच ने फार्म हाउस मामले की सुनवाई की। याचिका में 17 हरे पेड़ काटने की शिकायत थी। इस मामले में कोर्ट ने 17 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। फार्म हाउस संचालक के अधिवक्ता ने कोर्ट में पेड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की रियायत मांगी थी। इस पर कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए अवमानना का नोटिस जारी करने की चेतावनी दे दी। कोर्ट के कहने पर अधिवक्ता ने सीईसी (सेंट्रल एंपावर्ड कमेटी) की सिफारिशें मानने के लिए सहमति दी।

# खुद स्वच्छता की शुरुआत करेंगे तो शहर होगा नंबर वन: पद्मश्री सेठपाल



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर पद्मश्री सेठपाल व दीपक गुप्ता के अलावा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, एनजीओ, सफाई कर्मियों एवं मौहल्ला समितियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। सभी वक्ताओं ने सफाई की शुरुआत स्वयं से करने का आह्वान करते हुए सहारनपुर को नंबर वन लाने का संकल्प दोहराया। जनमंच सभागार में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए निगम के ब्रांड एम्बेसडर पद्मश्री सेठपाल ने कहा कि 'मेरा शहर-मेरा गौरव','मेरा गांव-मेरा गौरव' और 'मेरा मौहल्ला-मेरा गौरव' की अवधारणा को ध्यान में रखकर हम अगर अपने आप और अपने मौहल्ले तथा आस-पास के परिवेश को साफ सुथरा रखेंगे तो निश्चय ही अपने शहर को स्वच्छ और सुदर बनाते हुए सहारनपुर को नंबर वन बनाने में कामयाब होंगे। जूडो के अंतर्राष्ट्रीय रेफरी और निगम के ब्रांड एम्बेसडर दीपक गुप्ता ने भी स्वच्छता और सफाई की शुरुआत खुद से करने और दूसरे लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ रहने की कुंजी है। नगरायुक्त संजय चौहान ने भी स्वच्छता की शुरुआत अपने आप से करने पर बल देते हुए कहा कि हमें अपनी सोच बदलनी होगी। 'मेरा गांव-मेरा गौरव' से और आगे जाते हुए 'मेरा घर-मेरी चिंता, मेरा कूड़ा-मेरी जिम्मेदारी' तक सोच को ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार उस समय सहारनपुर महानगर की आबादी आठ लाख 80 हजार थी जो आज लगभग 12-14 लाख पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आबादी की गंदगी को मात्र दो हजार जागरुक सफाई कर्मी साफ नहीं कर सकते। शहर के लोगों को भी अपने कूड़े के निस्तारण की जिम्मेदारी को समझना होगा। उन्होंने बताया कि महापौर जी के साथ बनायी एक योजना के तहत बेहट रोड पर देश का पहला सीबीजी (कूड़े से गैस बनाने का अत्याधुनिक संयंत्र) प्लांट लगाया जा रहा है। जिसका अगले पखवाड़े बीपीसीएल के साथ एमओयू साइन होने जा रहा है। एमओयू साइन होने के बाद तीन माह में प्लांट कार्य करना शुरु कर देगा।

इससे पूर्व नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीन शाह ने आयोजन का उद्देश्य तथा अपर नगरायुक्त ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 1533 पर यदि कोई शिकायत दर्ज होती है तो वह डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) पर दर्ज होती है।

# अधिवक्ताओं ने मनाया महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। दीवानी कचहरी प्रांगण में आयोजित भगवान महर्षि कश्यप जन्मोत्सव में अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से महर्षि कश्यप की आरती कर प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने महर्षि कश्यप के आदर्शो व विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनका अनुसरण करने का संकल्प लिया। इस दौरान सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष नीतिन कुमार धीमान, सुधीर मोहन, अशोक कुमार, संध्या धीमान, नेहा धीमान, अश्विनी शर्मा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बोधराम धीमान एडवोकेट, अरविंद शर्मा, दीपक सैनी, ओमवीर कश्यप, सतपाल कश्यप, श्रीपाल कश्यप समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पांचवीं बार बसपा की सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर करें काम: जगपाल

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बसपा की नीतियों व बहन मायावती के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें, ताकि आगामी विधान सभा चुनाव में जातिवादी व सांप्रदायिक ताकतों को हराकर उत्तर प्रदेश में बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बनायी जा सकें। बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह आज यहां देहरादून चौक स्थित मण्डल कार्यालय पर सहारनपुर नगर विधान सभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता बिना किसी भय के डटकर सुश्री मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर जीजान से जुट जाये। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत व वफादारी को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जायेगा। खासतौर पर पुराने कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी व सम्मान देने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सहारनपुर जिले की सातों विधान सभा सीटों पर बसपा प्रत्याशियों को रिकार्ड मतों से जिताना है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वसमाज की बैठक बुलाकर बसपा की नीतियों से अवगत कराने का काम करें। साथ ही बसपा के शासनकाल में कराये गये विकास कार्यो की जानकारी भी दें। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता कोर्डिनेटर सरफराज राइन व संचालन लोधी कुमार ने किया। इस दौरान डॉ.अहतेशाम, पार्षद अनिल पप्पू, अनिल धारिया, मौ.आसिफ, एस.आलम, पार्षद सौराज सिंह, गुलफाम अंसारी, रजनीश उजाला, जिशान गाड़ा, कमलेश, सुनीता उपाध्याय, अमित महेश्वरी, राजकुमार धोबी, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो दिन में सीएम के हाथों मिलेगा 2842 करोड़ रुपये का नवरात्र उपहार

**जीडीए की 1642 करोड़ की 107 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री आज**

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार और रविवार (5 व 6 अप्रैल) को गोरखपुर को 2842 करोड़ रुपये के विकास कार्यों तथा औद्योगिक प्रगति का नवरात्र उपहार देंगे। वह शनिवार को जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) की 1642 करोड़ रुपये की लागत वाली 107 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके अगले दिन रविवार को मुख्यमंत्री गीडा में 1200 करोड़ रुपये के निवेश वाली केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट का लोकार्पण कर गोरखपुर को एथेनॉल उत्पादन का हब बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। सीएम योगी चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर शनिवार को पैडलेगंज-आरकेबीके रिंग रोड का लोकार्पण, वर्ल्ड क्लास कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास, कार्निवाल पार्क का शुभारंभ और आवासीय योजना गोरक्ष एंक्लेव का उद्घाटन करने के साथ ही जीडीए की कुल 107 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन सभी विकास परियोजनाओं की सम्मिलित लागत 1642 करोड़ रुपये है। पैडलेगंज-आरकेबीके रिंग रोड महानगर के एक हिस्से में जाम की समस्या का समाधान करने में कारगर प्रोजेक्ट है। मुख्यमंत्री रामगढ़ताल इलाके में जीडीए की शानदार आवासीय योजना गोरक्ष एंक्लेव का उद्घाटन भी करेंगे। 55 करोड़ रुपये के इस हाउसिंग प्रोजेक्ट को 4313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत दो ब्लॉक में 86 बहुमंजिला फ्लैट बनाए गए हैं। उद्घाटन के अवसर सीएम योगी किसी एक या कुछ फ्लैट्स का निरीक्षण भी कर सकते हैं। यह सभी जानते हैं कि योगी सरकार रामगढ़ताल क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से चमका रही है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए निजी क्षेत्र की साझेदारी के तहत मेसर्स जेएसआर द्वारा आल इन वन कार्निवाल पार्क विकसित किया गया है। यहां एडवेंचर पार्क, आर्केड जोन, बीआर पार्क, इंफ्लेटेबल पार्क और एम्यूजमेंट पार्क को तैयार किया गया है। इन व्यवस्थाओं में कई प्रकार के मनोरंजक गेम्स का आनंद उठाया जा सकेगा। समग्र रूप से इस कार्निवाल पार्क का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को करेंगे। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप जीडीए रामगढ़ताल के सामने 25 एकड़ में विस्तृत और 1410 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड स्टेट ऑफ आर्ट कन्वेंशन सेंटर, क्लब एंड फाइव स्टार होटल का निर्माण कराने जा रहा है। इसका शिलान्यास शनिवार को मुख्यमंत्री के हाथों होगा। इसकी क्षमता 5000 व्यक्तियों की होगी। इसका निर्माण तीन साल में पूर्ण करने का लक्ष्य है। कन्वेंशन सेंटर में एलीट क्लब, आध्यात्मिक पुस्तकालय और इवेंट एंड एक्जीबिशन लॉन का भी प्रावधान किया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय वर्ना बुजुर्ग मे नवीनीकृत कार्य का फीता काट कर शुभारंभ किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गोद लेकर नवीनीकृत कराये गये प्राथमिक विद्यालय वर्ना बुर्जर्ग वि.ख. कमालगंज का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी की पहल पर विद्यालय में नवीनीकरण के तहत वाल पेन्टिंग कराई गई व बच्चों खेलने के लिए झूले लगवाये गये, विद्यालय प्रागंण में इंटरलॉकिगं कार्य कराया गया, सभी कक्षों में टाइल्स व पेन्टिंग का कार्य कराया गया, सभी शिक्षण कक्षो में नवीन फर्नीचर लगाया गया, बच्चों व शिक्षकों के लिए नवीन शौचालय का निर्माण कराया गया। विद्यालय में नवीन गेट व बाउड्री वाल का निर्माण कराया गया व विद्यालय में पार्क विकसित किया गया। मिड-डे- मील के लिए आधुनिक रसोई का निर्माण कराया गया व बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आर.ओ. प्लांट व वाटर कूलर की स्थापना कराई गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति समाज की रीढ़ होता है, विद्यालय बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में महत्तपूर्ण भूमिका निभाता है, जिलाधिकारी द्वारा शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया और बच्चों को परिश्रम से पढ़ाई करने और अनुशासन का पालन करने की सलाह दी गई। उन्होनें कहा कि शिक्षा से समाज और देश की प्रगति को और अधिक गति मिलेगी, जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग, ड्रेस, पाठय सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, आलू विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान व शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री चैतन्या अकेडमी और इन्फिनिटी लर्न ने लॉन्च किया आत्रेय




**वाराणसी अवधनामा संवाददाता।** श्री चैतन्या अकेडमी, इन्फिनिटी लर्न की एक पहल - भारत का एकमात्र हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म जो बड़े पैमाने पर परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करता है - ने आत्रेय को लांच किया, जो की एक अनूठा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट कार्यक्रम है। यह डिजिटल टूल और रियल-टाइम परफॉरमेंस ट्रैकिंग को जोड़ता है, जिसमें फिजिक्स विषय की कोचिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिसे नीट उम्मीदवारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। पिछले कुछ सालों में, नीट यूजी के लिए आवेदकों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है, 2020 में 15 लाख रजिस्ट्रेशन से लेकर 2024 में 24 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए है। श्री चैतन्या अकेडमी ने पिछले दस सालों में 1 लाख से अधिक डॉक्टर तैयार किए हैं, जिनमें से कई एम्स दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम करते हैं7 एम्स दिल्ली में पढ़ने वाले 24 प्रतिशत डॉक्टर इसी अकेडमी से हैं। पिछले दो सालों में, संस्थान ने लगातार नीट ऑल इंडिया रैंक में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तैयार किए हैं। संस्थान की बेहतरीन शिक्षण प्रणाली और अनुभवी शिक्षकों की मदद से, ग्रेड XI के छात्रों को आत्रेय प्रोग्राम के माध्यम से सर्वोत्तम मार्गदर्शन दिया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- मस्जिदिया वि.खं. शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 04.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मस्जिदिया विकास खण्ड शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 15.04.2025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मस्जिदिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मस्जिदिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मस्जिदिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मस्जिदिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सुकलावती**
**ग्रा.पं. मस्जिदिया**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

**सचिव- सुमन पटेल**
**ग्रा.पं. मस्जिदिया**
**वि.खं. शोहरतगढ़**


## इश्तियाक अली रिजवी का निधन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उप्र शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ के कर्मचारी सै0 अब्बास अली रिजवी, के बड़े भाई सै. दिलदार अली रिजवी पुत्र स्व0 सै0 इश्तियाक अली रिजवी का अल्प आयु मे आज दोपहर मे देहान्त हो गया है, जिसकी सूचना उ0प्र0 शिया सेण्ट्रल वक्फ बोर्ड, मे प्राप्त होते ही बोर्ड के कर्मचारियों ने उनकी आत्मा की शान्ति के लिये शोक सभा की गई, जिसमे सूरह फातिमा पढ़ कर मरहूम को बक्शा गया तथा दुआ की गई कि मरहूम को अल्लाह जन्नत मे आला मुकाम अता करे तथा मरहूम के परिवार को अल्लाह सब्रे जमील अता करे।

## पथ संचलन यात्रा पर की गयी पुष्प वर्षा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन




के सदस्यों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक की विशाल पथ संचलन यात्रा में कार्यकर्ताओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, संयोजिका श्रीमती ऊषा गुप्ता, पवन अग्रवाल,संतोष सोनी, रामजी अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अनुरुद्ध विश्नोई, अनिल माहेश्वरी, बृजेश उदैनिया, संतोष पोरवाल, मंगल सिंह चौहान, शिवमोहन अग्रवाल मनोज बाथम, नीलम गुप्ता, नैना साहनी, अनीता द्विवेदी, आशा प्रजापति, महेश बिलैया आदि के नेतृत्व में राधे राधे इलैक्ट्रोनिक पर बृजेश उदैनिया के संयोजकत्व में पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का अभिनन्दन किया। सम्मानित सदस्य अखिलेश लाक्षाकार के प्रतिष्ठान पर भी भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के सदस्यों ने पुष्प वर्षा की।

## भारती कृषक एसोसिएशन के नेता रामवीर जाटव की मांग पर एसडीएम कोर्ट द्वारा भू-माफियाओं के नाम सरकारी जमीन से बेदखली के नोटिस किए जारी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज मे भारती कृषक एसोसिएशन द्वारा दिए गए ज्ञापन पर हुई कार्यवाही काफी लंबे समय से



भाकृए के राष्ट्रीय महासचिव रामवीर जाटव द्वारा ग्राम भगौतीपुर में सरकारी जमीन गाटा संख्या 114 व 96 नान जेड ए जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग शासन से चल रही थी। किसान नेता रामवीर जाटव ने दबंग भूमाफिया श्रीकृष्ण गौतम सतीश गौतम आदि द्वारा नान जेड ए भूमि पर कब्जा की शिकायत की थी जिसपर संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी न्यायलय द्वारा कब्जा धारक के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया। क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर निवासी किसान नेता रामवीर ने विगत कई महीनों से बसपा से भाजपा में शामिल हुए भूमाफिया श्री कृष्ण गौतम के खिलाफ शिकायते करते आ रहे हैं कि श्री कृष्ण गौतम द्वारा नान जेड ए की भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिया है। हाल ही में एक शिकायत पर रिपोर्ट लगाई गई है कि जांचोपरांत में उक्त भूमि नान जेड ए श्रेणी,सड़क पुख्ता में दर्ज कागजात है। उक्त भू-माफियाओं द्वारा आराजी पर कब्जा किया है। अवैध कब्जेदारों के खिलाफ बेदखली की प्रक्रिया न्यायालय द्वारा की गई है जिसमें अग्रिम तिथि 15 अप्रैल 2025 नियत है।उक्त भू-माफियाओं द्वारा किसान नेता रामवीर को होली पर जान से मारने की धमकी दी गई थी शिकायत करने पर शिकायतकर्ता सहित विपक्षी श्रीकृष्ण गौतम आदि पर 126/35 की कार्यवाही कर दी गई।इस सम्बन्ध में किसान नेता रामवीर ने कहा कि पूर्व बसपा नेता द्वारा नान जेड ए श्रेणी की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। जिस पर न्यायालय द्वारा बेदखली की कार्यवाही अवश्य कराई जाएगी। मुझे न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है।

## डीएओ ने उर्वरक कम्पनी प्रतिनिधि एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ की बैठक

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में कार्यरत क्रियाशील व अक्रियाशील थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के सम्बन्ध में उर्वरक समीक्षा बैठक का आयेजन किया गया। बैठक में जिले के सभी उर्वरक कम्पनी प्रतिनिधि एवं समस्त थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहें। डीएओ ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जिन उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र या उर्वरक लाइसेंस आईएफएमएस पोर्टल पर क्रियाशील नहीं है या अपडेट नहीं है उनको किसी प्रकार के उर्वरक की आपूर्ति न की जाए। उन्होंने कहा कि जिन कम्पनी उर्वरक प्रतिनिधि द्वारा या थोक उर्वरक विक्रेता द्वारा अक्रियाशील एवं आईएफएमएस पोर्टल पर उर्वरक विक्रय लाईसेन्स अपटेड नही है को उर्वरक की आपूर्ति की जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं उर्वरक परिसंचलन आदेश 1973 में दिये गये प्राविधानों के तहत व आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर करा दी जायेगी।

## गांव का नाम बदलने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर का नाम बदल कर बाबा देव स्थल रखने की मांग को लेकर दर्जनों की संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सहजनवां को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि मोहिउद्दीनपुर की पूरी आबादी हिन्दू है। अधिकतर ब्राम्हण लोग निवास करते है। जब की गांव की पहचान देव स्थल के रूप में जाना जाता है। लेकिन सरकारी अभिलेख में मोहिउद्दीनपुर अंकित इस नाम को बदल कर बाबा देव स्थल किया जाय। इस संदर्भ में एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों के पत्रक को डीएम के यहां भेजा जायेगा। ज्ञापन देने वालो में पद्माकर तिवारी, विष्णु देव तिवारी रोशन मिश्रा, आनंद शुक्ल, प्रेमचंद शुक्ल, रोहन मिश्र, बंशीधर शुक्ल, त्रियुगी, दीपक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## सहजनवा स्थित कार्यालय पर विधायक प्रदीप शुक्ला ने की बैठक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा सेक्टर 26 में लगे केयान डिस्टीलरी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री 06 अप्रैल एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर करेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला के साथ सहजनवा स्थित कार्यालय पर बैठक किया। जनार्दन तिवारी ने कहा कि पूर्वांचल के विकास की धुरी बना गीडा क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हो चुका है यही कारण है कि गीडा में निवेशकों द्वारा लगातार कल-कारखाने स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी की जनसभा में आप-पास के क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं के साथ हजारों हजार की संख्या में आमजनमानस शामिल होंगे। जिनको कार्यक्रम में लाने व पहुंचाने के लिए साधन वाहन की व्यवस्था की गयी है। विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिये कार्यकर्ता हर स्तर से लग गये हैं लगातार उद्योगों की स्थापना से आमजन में भी बहुत प्रसन्नता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों से जनता संतुष्ट और उत्साहित है। इस अवसर पर जिला महामंत्री डा आर डी सिंह, छोटेलाल मौर्य,संजय शुक्ला, रामपाल सिंह,नागेंद्र सिंह, मनोज सिंह,अभिमन्यु मौर्य, उदयभान सिंह मंडल अध्यक्ष रवि सिंह रवि,शिवचरण प्रसाद, सूर्यनाथ विश्वकर्मा,इंद्र निगम समेत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुछ फूड सेफ्टी अधिकारियों के कारण फूड विभाग में थम नहीं रहा भ्रष्टाचार

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जनपद के खाद सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन के मुखिया डॉ दीनानाथ अपने विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करना चाहते हैं मगर उनके अधीनस्थ कुछ अधिकारी उनके इस प्रयास को धब्बा लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार खाद सुरक्षा अधिकारी नेहा सिंह भ्रष्टाचार फैलाने में सबसे आगे हैं। वह छापा को मारती हैं मगर सुविधा शुल्क लेकर कोई कार्रवाई नहीं करती । जिसका ताजा उदाहरण कुछ दिन पूर्व बुरा प्रोविजनल स्टोर पला रोड पर छापा तो मारा मगर लाइसेंस देख कर सुविधा शुल्क लेकर वापस चली आई। जबकि भूरा प्रोविजनल स्टोर के 4 शाखा है। इन चारों शाखाओं में कोई छापा नहीं पड़ा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विभाग में खाद सुरक्षा अधिकारी 12 बजे तक उपस्थिति नहीं होते। कल नेहा सिंह ने महेंद्र नगर में कूटो व सिगाड़े का आटा को लेकर छापा मारा। क्या नेहा सिंह ने कल मारे छापे पर विभाग से निर्देश लिए। नेहा सिंह का कहना है कि वह बिना निर्देश कही छापा नहीं मारती। यह भी उल्लेखनीय है कि निवर्तमान जिला खाद सुरक्षा अधिकारी सर्वेश मिश्रा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। लेकिन वर्तमान में जिला खाद सुरक्षा अधिकारी सहायक आयुक्त सेकंड डॉ दीनानाथ ने अपने 7 माह के कार्यकाल में विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है और विभाग को साफ सुथरा करने का प्रयास कर रहे हैं परंतु सर्वेश मिश्रा के कार्यकाल के कुछ एफएसओ मौजूद हैं जो भ्रष्टाचार को खत्म करने में सहयोग नहीं कर रहे। अब देखा जाए तो पूर्व की अपेक्षा विभाग में भ्रष्टाचार 30 परसेंट रह गया है। और अब विभाग के मुखिया इसको भी खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) का लिया साक्षात्कार

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) पद के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विकास योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन एवं निगरानी में बीआरपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित होनी चाहिए ताकि ब्लॉक स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि बीआरपी के लिए 57 व्यक्तियों ने आवेदन किया था, जिसमें जांचोपरांत 08 महिलाओं समेत 49 आवेदन पात्र पाए गए।


## सूचना

न्याय.मा.प्राधिकारी/एम ए सी टी,सहारनपुर. एम.ए.सी. वाद सं. 229 सन 2023

1..श्रीमति साजदा पत्नी इरशाद उम्र 35 वर्ष आधार नं0 4142 3300 9477 द्वारा नेक्सट फैनड सीमा पुत्री इरशाद 2 मेहरीन पुत्री इरशाद 3..सुम्बुल पुत्री इरशाद आदि सभी निवासीगण ग्राम चकवाली तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर वादी (बनाम)...1-सादिक खान पुत्र वकील खान निवासी मंसूर कालोनी थाना मण्डी,सहारनपुर। वाहन चालक वाहन नं. UPSOBT9089) 2-मोहम्मद इरफान पुत्र अशफ़ाक़ निवासी ग्राम निवादा तिवाया,थाना जनकपुरी ,सहारनपुर( वाहन स्वामीवाहन नं.UPBDBT9089) 2- यूनाईटिड इण्डिया इन्शयोरेन्स कम्पनी सहारनपुर द्वारा शाखा प्रबन्धक (बीमा कम्पनी वाहन HOUPADBT9089) - विपक्षीगण हरगाह वादीगण ने इस ट्रिब्यूनल में एक आवेदन/प्रार्थना पत्र अन्तर्गत एम वी एक्ट धारा 166 के प्रस्तुत किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 5.5.2025 को दिन में 10 बजे न्याय में हाज़िर हो कर जवाब अपना दाखलि करें आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह /दस्तावेज़ पेश कर जवाब देही दावा करें आपको इत्तिला दी जाती है कि बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से प्राधिकारी**
**एम.ए.सी.टी.सहारनपुर**

## सूचना

मेरा 1 असल बैनामा जिसका विक्रेता राकेश कुमार पुत्र प्रकाश् नि.म.नं. 775 बडतला यादगार, स.पुर, क्रेता मौ.नासिर पुत्र मौ.हनीफ नि.ग्राम रमजान पुरा, मजरा दरा मिलकाना ज़ि.सहारनपुर जो बही सं.1जि.सं 9699 पृष्ठ 363 से 408 क.स.1185 पर दि. 9.2.2016 को उप निबंधक 1st स.पुर में दर्ज है उक्त बैनामा कोर्ट रोड, सहारनपुर के निकट दि. 27.3.2025 को 11.30 बजे दिन में कहीं गिर गया है यदि किसी को मिले तो संपर्क करें।

**मुंतहिर मो 9319924960**


## सूना घर पाकर युवती से किया दुष्कर्म

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के बांकी मार्ग में एक युवक ने सुना घर पाकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के बांकी मार्ग में बुधवार को देर शाम एक युवक ने घर में अकेली देखकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। परिजनों के घर लौटने पर युवती ने आप बीती बताई। युवती के पिता ने थाने में पहुंचकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## स्वच्छता में नगर पंचायत रामकोला को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

### ईओ संतोष वर्मा को नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान की श्रेणी में नगर पंचायत रामकोला को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर अधिशाषी अधिकारी संतोष वर्मा को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बता दें नगर पंचायत रामकोला ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों का समुचित उपयोग कर इस सफलता को हासिल किया जिसमें घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रणाली, कूड़ा उठाने के लिए आधुनिक वाहनों का उपयोग, डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान, नागरिकों को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना, ठोस एवं गीले कचरे का पृथककरण, कचरे के उचित निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई गई, स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन, नगर में सफाई व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करना। ईओ ने कहा कि यह



प्रशस्ति पत्र के साथ ईओ रामकोला संतोष वर्मा

सम्मान नगर पंचायत की संगठित कार्यशैली, नागरिकों की भागीदारी और आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रमाण है। यह सम्मान न केवल प्रशासन के लिए, बल्कि समस्त नगरवासियों के लिए गर्व का विषय है। नगरवासियों और सफाई कर्मियों की अहम भूमिका नगर की जनता और सफाई कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने रात-दिन परिश्रम कर स्वच्छता बनाए रखने में अहम योगदान दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अरन्द, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 05-04-2025 से 16-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अजरा बानो**
**ग्राम प्रधान- अरन्द**
**वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**विनोद यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- अरन्द**
**वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# वाणी टाइमलेस अयोध्या कथेतर सम्मान एक नये पुरस्कार की घोषणा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** वाणी प्रकाशन ग्रुप और टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल के संयुक्त तत्त्वावधान में एक नये साहित्यिक पुरस्कार की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार शब्द-जगत् में एक नयी पहल के रूप में उन विशेष पाण्डुलिपियों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाएगा, जो ज्ञान, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रही हैं। इसे 'वाणी-टाइमलेस अयोध्या कथेतर सम्मान' (हिन्दी) और 'Vani-Timeless Ayodhya Non-Fiction Award' (अंग्रेज़ी) के नाम से जाना जाएगा। इस पुरस्कार के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है। चयन समिति द्वारा हर वर्ष अधिकतम तीन पाण्डुलिपियों का चयन किया जाएगा। इस वर्ष के पुरस्कार के लिए जूरी की घोषणा अप्रैल 2025 में की जाएगी। इस प्रतिष्ठित सम्मान के तहत, चयनित प्रत्येक पाण्डुलिपि को ?51,000/- की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। यह सम्मान वाणी प्रकाशन ग्रुप और टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल द्वारा संयुक्त रूप से दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पुरस्कृत पुस्तकों को वाणी प्रकाशन ग्रुप द्वारा प्रकाशित किया जाएगा और उनका औपचारिक लोकार्पण टाइमलेस अयोध्या लिटरेचर एंड आर्ट्स फ़ेस्टिवल के वार्षिक मंच पर किया जाएगा। इस पुरस्कार के अंतर्गत भारतीय ज्ञान-परम्परा, कला-साहित्य, संस्कृति, समाज-विज्ञान, इतिहास, दर्शन, यात्रा-वृत्तांत और अध्यात्म जैसे विषयों पर लिखी गई तीन सर्वश्रेष्ठ पाण्डुलिपियों को हर वर्ष चुना जाएगा। अरुण माहेश्वरी (प्रबंध निदेशक, वाणी प्रकाशन ग्रुप) ने कहा,÷अयोध्या भक्ति और शक्ति की नगरी है, और यहाँ से एक नए पुरस्कार की घोषणा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सम्मान का उद्देश्य उन उत्कृष्ट शोधपरक कथेतर कृतियों को पहचानना और पुरस्कृत करना है, जो ज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रही हैं।

# रेलवे विभाग की तानाशाही के चलते रुदौली स्टेशन के प्लेट फार्म दो से दीवार खड़ी कर नगर की ओर आवागमन बंद किया गया

## आम जन मानस में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी



*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या।** लखनऊ अयोध्या रेल मार्ग पर स्थित प्रमुख व्यवसायिक केंद्र रुदौली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो नगर की आबादी की ओर रेल विभाग द्वारा अपनी तानाशाही के चलते दीवाल खड़ी कर बंद कर दिया गया है जिसके कारण प्लेटफार्म नंबर 2 से रुदौली नगर की ओर आवागमन बंद हो गया है जिससे रुदौली नगर एवं क्षेत्र की जनता में व्यापक जनाक्रोश व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि रुदौली भेलसर मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग पर रेल विभाग द्वारा जनता की मांग पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा चुका है लेकिन रेल विभाग ने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का फायदा उठाते हुए पुरानी रेल क्रासिंग पर दोनो ओर ऊंची दीवाल उठा कर पैदल आवागमन मार्ग भी बंद कर दिया गया है । क्रासिंग के नीचे अंडर पास की मांग को रेल विभाग ने अनसुना कर दिया क्रासिंग बंद हो जाने से इस मार्ग पर स्थित सैकड़ो आवास दुकाने वीरान हो गई है।अब रेल विभाग ने क्रासिंग बंद करने बाद प्लेट फार्म दो के बगल काफी दूर तक पक्की दीवाल बनाकर प्लेट फार्म दो के आवागमन के रास्ते को पैक कर दिया है। रुदौली वासियों को अब स्टेशन जाने के लिए ओवर ब्रिज से होकर 1 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। सैकड़ो वर्ष से रुदौली स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 से यात्री लोग उतरकर नगर की ओर आते जाते रहे हैं लेकिन रेल विभाग द्वारा रुदौली क्षेत्र की जनता की उपेक्षा कर मनमाने रूप से प्लेटफार्म नंबर दो की तरफ काफी दूरी में आरसीसी दीवाल खड़ी कर देने से आवागमन बिल्कुल बंद हो गया है जिससे रुदौली वासियों में घोर रोष व्याप्त है। रेल एवं रुदौली स्टेशन की जन समस्याओं को प्रमुखता से हमेंशा उठाने वाले भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष शतींद्र प्रकाश शास्त्री का कहना है प्लेट फार्म दो से आवागमन मार्ग बनाने की मांग उनके द्वारा, सांसद जनप्रतिनिधियों एवं प्रधान मंत्री कार्यालय ,जनरल मैनेजर ,मंडलीय रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे सहित अनेकों बार अधिकारियों को बराबर पत्र लिखकर नगर की ओर से मार्ग बनाए जाने की मांग की जाती रही है लेकिन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा की यदि प्लेट फार्म दो से आवागमन का रास्ता खोला नही गया तो स्थानीय जनता के सहयोग से व्यापक जनांदोलन छेड़ा जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी रेल विभाग की होगी। रुदौली रेलवे स्टेशन लखनऊ अयोध्या मार्ग का सर्वाधिक आय वाला एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है जो व्यापारिक बाहुल्य है ।रुदौली में कई धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल भी हैं जहां प्रतिवर्ष हजारों लोग दर्शनार्थ देश के कोने-कोने से आते है। प्रसिद्ध मां कामाख्या शक्तिपीठ ,हजरत अब्दुल हक मखदूम साहब की दरगाह रुदौली का प्रसिद्ध इमाम बाड़ा , अति प्राचीन देवकली मंदिर, हनुमान किला मंदिर सहित अनेक दर्शनीय स्थल है प्रमुख आवागमन का केंद्र है। कई जिलों की सीमा से यात्री रुदौली रेलवे स्टेशन से आवागमन करते है । उसके फलस्वरूप इसकी उपेक्षा की रही है। भाजपा नेता शतींद्र शास्त्री का कहना है कि रुदौली रेलवे स्टेशन का कार्यालय मानक के विपरीत बना हुआ है जब नगर की आबादी दक्षिण दिशा में है तो स्टेशन विपरीत पूर्व दिशा में क्यों बनाया गया है यह स्टेशन स्थापना के समय ब्रिटिश हुक्मरानो ने क्रासिंग पार करने के झंझट से मुक्ति पाने की वजह से नगर के विपरीत दिशा में स्टेशन की स्थापना की जिसको स्टेशन के विस्तार होने पर सुधार कर नगर की ओर बनाया जाना चाहिए था ।रेल विभाग की हिटलर शाही का एक दूसरा उदाहरण रौजागांव स्टेशन है।

# रूदौली बार एसोसिएशन में 7 अप्रैल को होगा ईद मिलन

**रुदौली अयोध्या।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुदौली बार एसोसिएशन ईद मिलन समारोह का आयोजन कर रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोरख नाथ ने बताया कि कार्यकारणी की एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता सभागार में दिनांक 7 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को ईद मिलन समारोह मनाया जाएगा।

## अम्बेडकर जयंती पर हर गांव से निकाली जाएगी झांकी होगी विशाल जनसभाः राम चंद्र यादव

**रूदौली अयोध्या।** 14 अप्रैल को होने वाली भारत के संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को और अधिक यादगार बनाने के लिए बृहस्पतिवार को रुदौली विधान सभा क्षेत्र के मवई सभागार में भाजपा विधायक रामचंद्र यादव की अगुवाई में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान,भाजपा कार्यकर्ताओं और सम्मानित नागरिकों संग हुई।इस बैठक में कहा गया कि भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर रुदौली विधान सभा क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों से विशाल झांकी निकाली जाएगी और सभी झांकियां कूड़ा सादात गांव में स्थित अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होगी जिसके बाद एक विशाल जनसभा की जाएगी। इस मौके पर गन्ना समित गनौली के चेयर मैन निर्मल शर्मा,रामप्रेश यादव,कुलदीप मौर्य,विकास मिश्रा सहित आदि उपस्थित रहे।

# किसान विरोधी है केन्द्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारेंः भगत



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार व केंद्र की मोदी सरकार किसान विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि घटतौली करने वाली चीनी मिल मालिकों व प्रबंध तंत्र को सरकार जेल भेजने का काम करें। भगत सिंह वर्मा आज यहां पेपर मिल रोड कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहारनपुर मंडल की 19 चीनी मिलों पर चालू गन्ना सीजन का अभी भी 1757 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है। इसी प्रकार सहारनपुर जिले की आठ चीनी मिलों पर इस वर्ष का 457 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है। शुगर कंट्रोल ऑर्डर 1966 के अनुसार जो चीनी मील 14 दिन के अंदर गन्ना किसानों को गन्ना भुगतान नहीं करती हैं उन्हें 15 प्रतिशत वार्षिक दर से गन्ना किसानों को ब्याज का भुगतान करना चाहिए और गन्ना किसानों से ढुलाई किराया नहीं काटना चाहिए। भगत सिंह वर्मा ने बताया कि मंडल की 19 चीनी मिलों द्वारा पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज 1700 करोड रुपए बकाया है। जिसे दिलाने के लिए हाईकोर्ट प्रयागराज और सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली द्वारा भुगतान करने के आदेश कई वर्ष से दिए हुए हैं। ब्याज का भुगतान गन्ना किसानों को न होने के लिए प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार सीधे-सीधे जिम्मेदार और दोषी है। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने और संचालन प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने किया। बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फिरोज खान, राष्ट्रीय महामंत्री रामकुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.मुर्तजा सलमानी, प्रदेश सचिव डॉ.परविंदर मलिक, मंडल मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष रोहित फुटेला, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह व जिला मंत्री महबूब हसन आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त विकास आयुक्त ने की एमओयू की प्रगति की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यन्त कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि सभी विभाग जीबीसी हो चुके एमओयू की वर्तमान स्थिति सहित आ रही बाधाओं और उसके निस्तारण की रिपोर्ट बनाकर उपलब्ध कराएं। संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यन्त कुमार सिंह आज सर्किट हाउस के सभागार में मण्डलायुक्त अटल कुमार राय के निर्देश पर ग्लोबल इन्वर्स्टर में निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित एवं जीबीसी हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने एमओयू की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते निर्देश दिये कि संबंधित विभाग जिनके स्तर से कार्य लम्बित है वह यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण करें। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है इसलिए इसे जिम्मेदारी से करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित एमओयू की वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी रखें। जीबीसी हो चुके एमओयू के कॉमर्शियल प्रोडक्शन प्रारंभ कराएं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग निवेशकों के साथ सामंजस्य और संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का तत्परता से निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

# एकाक्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ पौधरोपण



**अयोध्या।** एकाक्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम भगोला में प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी के देखरेख में पौधारोपण अभियान चलाया गया। पौधरोपण का शुभारंभ वयोवृद्ध कृष्ण कुमार तिवारी ने किया और पौध संरक्षण की अपील की ।सया पीजी कालेज के पूर्व बीपीएड प्रवक्ता दिनेश तिवारी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए पौधरोपण आवश्यक है।इससे प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। प्रकाश चंद्र तिवारी ने भी प्राकृतिक आपदा को रोकने और अधिक से अधिक बरसात के लिए पौधरोपण को अहम बताया। प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी ने कहा पौधरोपण कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि सभी लोग अधिक से अधिक पौध रोपण कर इस धरा को हरियाली से मंडित करें ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके ।इस अवसर पर फलदार,छायादार आदि पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर राजशेखर तिवारी,कमलापति त्रिपाठी, ऋषभ पांडेय,के के तिवारी, महेश चंद्र तिवारी, प्रशांत तिवारी, यश श्रीवास्तव, अनुपम त्रिपाठी, शशांक त्रिपाठी, अभिषेक सैनी, आदि को कई लोग उपस्थित रहे।

# सिसवा प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा नगर के मीराबाई नगर वार्ड (स्टेट चौक) में स्थित प्राथमिक विद्यालय सिसवा प्रथम में वार्षिकोत्सव एवं अंकवितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिसवा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला जायसवाल उपस्थित रहीं। सिसवा नगर के मीराबाई नगर वार्ड के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं अंकपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जायसवाल ने कहा प्राथमिक विद्यालय किसी कॉन्वेंट से कम नहीं है। बच्चों ने खूब वाहवाही लूटी।अपने प्रतिभा से लोगो को भावुक होने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत अंकवितरण अध्यक्ष के हाथों से करके बच्चो का उत्साह वर्धन किया गया।इसके लिए प्रिंसिपल पूनम मल्ल नें सभी के योगदान की सराहना की।

# पुलिस ने की चोरी की बाईक बरामद, दो आरोपी भेजे जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने बाईक सवार व्यक्ति के साथ मारपीट कर बाईक चोरी की घटना में वांछित दो बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से बाईक व नाजायज असलाह बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। कोतवाली रामपुर मनिहारान संजीव कुमार ने बताया कि विगत् 3 अप्रैल को वादी सनव्वर पुत्र मुनव्वर निवासी मौ.पीरबनी कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान की तहरीर पर हिमांशु पुत्र कुलदीप, अंशुल पुत्र सीनू निवासी तेलीपुरा थाना रामपुर मनिहारान, मोईन उर्फ मुन्नू पुत्र धर्मेन्द्र निवासी नाजिरपुरा थाना रामपुर मनिहारान, कुणाल पुत्र राकेश, प्रियांशु उर्फ हैप्पी पुत्र टीटू निवासीगण मौ.काजियान कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान , शिवम पुत्र नामालूम, विशाल पुत्र अज्ञात निवासीगण गांव घाटहेड़ा थाना रामपुर मनिहारान, आर्यन पुत्र नामालूम निवासी मौ.गंगाराम कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान, सावन पुत्र नामालूम निवासी गांव सलेमपुर थाना रामपुर मनिहारान व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा विगत् 2 अप्रैल को वादी को बाईक से जाते समय रास्ते मे गाली गलौच करने व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने, वादी द्वारा बचाव में अपनी बाईक मौके पर छोड़कर भाग जाने व वापिस आकर देखने पर आरोपियों द्वारा बाईक चुराकर ले जाने के संबंध में कोतवाली रामपुर मनिहारान में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक आशीष कुमार व लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फ्लाई ओवर सर्विस रोड के पास से दो वांछित आरोपियों हिमांशु पुत्र कुलदीप व मोईन उर्फ मुन्नू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाईक, एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# अभियान चलाकर 30 अप्रैल तक करें शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्रीः जिलाधिकारी

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि आगामी 30 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य विशेष अभियान चलाकर एवं कैंप लगाकर शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद में राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य हेतु डयूटी लगायी है। इन कैम्पों में सी.एस.सी. के द्वारा, सैल्फ मोड, कैम्प मोड, एवं सहायक मोड पर जो भी संभव हो उन सभी पर कार्य किया जाए, इसके लिये सभी कर्मचारी अपने मोबाइल फोन में सहायक एप, तथा ऑपरेटर एप अवश्य डाउनलोड कर ले। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कैम्पों का आयोजन प्रत्येक राजस्व ग्राम में ऐसे स्थान पर किया जाए जहाँ ऑनलाइन कार्य करने हेतु इन्टरनेट, कुर्सी-मेज, और बिजली आदि की उपलब्धता हो।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर लुटेरे, नगदी व जेवर बरामद



**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने तीन शातिर लुटेरो को दबोचकर महिलाओं से छिनैती की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाईक, नगदी व पीली धातु को कुण्डल बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। कोतवाली सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने बताया कि विगत् 3 नवम्बर को वादी शैलेन्द्र अग्रवाल पुत्र पवन अग्रवाल निवासी चन्द्र नगर थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वादी की माता का पर्स व मोबाइल छीन कर ले जाने तथा विगत् 2 अप्रैल को वादी की पवन कुमार पुत्र बुध प्रकाश निवासी न्यू कलेमन टाउन थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादी की पत्नी के कांनो के कुण्डल झपट कर ले जाने के संबंध में थाना सदर बाजार पर अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत किए गए थे। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छिदबना मोड़ से मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर लुटेरो आयुष शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी मौ.शारदा नगर दरबारी वाली गली थाना कुतुबशेर, राहुल कुमार पुत्र धर्म सिंह निवासी मौ.नंदपुरी कालोनी थाना कुतुबशेर, रोहित सैनी पुत्र अशोक कुमार सैनी निवासी शारदा नगर थाना कुतुबशेर को गिरफ्तार लिया। पुलिस ने दबोचे गये लुटेरो के कब्जे से 1500 रूपये की नगदी, पीली धातु के कुण्डल व घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# स्वच्छता के लिए इन लोगों को किया गया सम्मानित

**सहारनपुर।** डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने वाले जिन लोगों को सम्मानित किया गया उनमें निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर पद्मश्री सेठपाल व दीपक गुप्ता के अलावा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के आर सी पाण्डेय, अमित शर्मा,गुलशन जहां, शब्बर, जावेद व रीटा शामिल रहे। जबकि ट्यूलिप से तुषार तथा स्वच्छ योद्धा के रुप में सफाई नायक सुमित व राजकुमार तथा होम कम्पोस्टिंग का उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नजराना, गुलसनव्वर, मंजू पाण्डेय, नमिता कश्यप, अंदलीब इरम व अनीता त्यागी शामिल रही। स्कूलों में गठित 'स्वच्छ सारथी क्लब' के बच्चों में ज्ञान कलश स्कूल की कु.शगुन, एमएम इंटरनेशनल स्कूल की कु.इंशया व ग्रेस एकेडमी स्कूल की कु.आफिया जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों में मनमोहन जुनेजा, अमित शर्मा, बिलाल, सुरैय्या व सुरैय्या को सम्मानित किया गया।

# शक्ति वाटिका कार्यक्रम के तहत धार्मिक स्थलों पर किया पौधरोपण



*अवधनामा संवाददाता*

**श्यामदेउरवा(महराजगंज)** वन विभाग की ओर से चलाए जा रहे शक्ति वाटिका अभियान के तहत धार्मिक स्थलों पर शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। परतावल ब्लॉक के ग्राम सभा अन्ध्या मे बाकी रेंज, गोरखपुर प्रभाग द्वारा बृक्षारोपण का शुभारंभ भाजपा नेता निर्भय सिंह द्वारा क्षेत्रीय लोगों को पेड़-पौधों की महत्ता के बारे जागरूक कर अधिक से अधिक पौधे लगाने को प्रेरित किया। इस दौरान कुल दस पौधा लगाया गया। यह कार्यक्रम 07 अप्रैल को समाप्त होगा। क्षेत्रीय वनाधिकारी/रेंजर जगदंबा पाठक ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत क्षेत्र के धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर उनके परिसर में फलदार तथा छायादार पौधे रोपित करना है। गाँव के वट-वृक्ष वाले मंदिर तथा रेंज कार्यालय परिसर में स्थित मंदिर से पौधरोपण कर शक्ति वाटिका कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के दौरान रेंजर जगदम्बा पाठक, फारेस्टर मनीष तिवारी, वन दारोगा अजीत पति त्रिपाठी, कौशल श्रीवास्तव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीवान में आग के तांडव से लोग सहमे



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहां (महराजगंज)।** सिन्दुरिया थानाक्षेत्र के रामपुर कला गांव के सीवान में शुक्रवार के दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लगने से लोग सहम गये।चारों तरफ अफरा तफरी मच ग ई।लोगों के प्रयास और फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।रामपुर कला गांव के पश्चिम सीवान में शुक्रवार के दोपहर करीब एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी।पछुआ हवा के थपेडों से आग विकराल रूप लेकर गांव की तरफ बढ़ने लगा।आग का भयंकर रुप देखकर गांव के लोग हाथों में बाल्टी भरा पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सिन्दुरिया अखिलेश कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी चिउटहां रणविजय वर्मा भी अपने टीम के साथ आग बुझाने में काफी प्रयास किया।कुछ समय बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश गुप्ता ने बताया की आग रामपुर कला और मुजहना गांव के सीवान में लगी है।ज्यादा गेंहू की पहले कट गई थी।लेकिन रामपुर कला निवासी चंडीप्रसाद गुप्ता का 75 डिस्मिल तथा चंद्रभान व बेचने गुप्ता का 18 डिस्मिल खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।

# समाज को संगठित रहने की आवश्यकता : माता प्रसाद पाण्डेय

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के विधायक व नेता अपोजीशन माता प्रसाद पाण्डेय द्वारा शुक्रवार को फलाहार कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और एक साथ फलाहार किए। हर तरफ आपसी समरसता का माहौल दिखाई दिया। चैत्र नवरात्र सत्तमी पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों पर माता का आशीर्वाद बना रहे। इसके भी प्रार्थना की गई। नेता विरोधी दल ने फलाहार के आयोजन के महत्व पर बृहद रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को संगठित करने के साथ सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। नवरात्र में फलाहार का विशेष महत्व है। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है। हमारी जो संस्कृति है उसको बढ़ाने की जरूरत है। फलाहार जैसा कार्यक्रम सौहार्द का संदेश दे, इसका प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोग एक साथ बैठ कर प्रसाद ग्रहण किए। इस फलाहार कार्यक्रम में अजय चौधरी, उदयभान तिवारी, बड़कू पांडेय, बबलू खान, पल्लन पांडेय, सत्येंद्र यादव, अब्दुल लतीफ, केके चौधरी, बबलू पाठक, शक्तिनाथ पांडेय, सुशील तिवारी, बीएन तिवारी, विजय गौंड़, सौरभ श्रीवास्तव, अजय चतुर्वेदी, सुरेश पांडेय, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत युवक को भेजा जेल

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को एक किलो से अधिक नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर उस के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस पकड़ में आया अभियुक्त जलालपुर स्थित भांग ठेके का सेल्समैन है। कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम भगवानपुर भट्ठा के पास पहुंची जहां एक संदिग्ध व्यक्ति को हाथ में झोला लिए हुए खड़ा देखा । जिसे पकड़कर पूछताछ व तलाशी ली गयी। तो उस ने अपना नाम प्रेमचंद उर्फ दासु निवासी ग्राम रुकुनपुर कासिमपुर बताया।

पकड़े गये प्रेमचंद के हाथ में लिए गये थैले के बारे में जब पूछा गया तो उस ने बताया कि इस में गांजा है जिस को मैं मुहल्ला पश्चिम तरफ पुरानी सब्जी मंडी जलालपुर स्थित भांग के ठेके पर पुड़िया बना कर ग्राहकों को चोरी से बेचता हूं। इस भांग के ठेके पर मैं सेल्समैन हूं। जो शेष बच गया था उस को मैं घर ले जा रहा हूं।

# ग्राम पंचायत अहिरौला व सिसवा बुजुर्ग में लगा चौपाल, गांव की समस्या गांव में समाधान

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अहिरौला में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम, ग्राम प्रधान लाल सिंह चौधरी, पंचायत सहायक अजय कुमार यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुराधा त्रिपाठी, सुनीता चौधरी, शशि बाला,सदल ,धनई, वंश गोपाल गिरी आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत सिसवा बुजुर्ग चौपाल कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पंचायत सचिव संजय कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। वहीं आरोह फाउंडेशन के एएफसी अंबुज श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना व मुद्रा योजना बचत खाता खोलने के लाभ, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव संजय कुमार ,ग्राम प्रधान रविन्द्र कुमार यादव उर्फ लालू यादव,सफाई कर्मी रामकुमार यादव, भागीरथी, विरेन्द्र कुमार, रोजगार सेवक सरिता चौधरी, पंचायत सहायिका शिवांगी श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री माला श्रीवास्तव, राजमती यादव, विजय लक्ष्मी, मीना चौधरी, निर्मला देवी, कुसुम आदि लोग उपस्थित रही।

# आयुष्मान योजना के नाम पर लूट का खेल, जीएस मल्टी हॉस्पिटल में मरीजों के साथ धोखा

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** मालवीय रोड, सत्येंद्र होटल के पास स्थित जीएस मल्टीहॉस्पिटल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के नाम पर मरीजों से जमकर लूट का मामला सामने आया है। अस्पताल द्वारा आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को भर्ती तो किया जा रहा है, लेकिन उन्हें सिर्फ बेड उपलब्ध कराकर इलाज के नाम पर मिलने वाली सरकारी राशि को हड़प लिया जा रहा है।

मरीजों को जांच और दवाइयों के लिए अपनी जेब से पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि योजना के तहत यह सुविधा मुफ्त होनी चाहिए। इस मामले की सत्यता जांचने गई मीडिया टीम ने जो देखा, वह चौंकाने वाला था। दिनांक 2 अप्रैल, 2025 को आयुष्मान योजना के तहत जीएस मल्टीहॉस्पिटल में एक बच्ची को भर्ती किया गया। मीडिया टीम ने जब अस्पताल परिसर का दौरा किया तो पाया कि बच्ची को सिर्फ बेड दिया गया है, जबकि उसका कोई इलाज नहीं हो रहा था। बच्ची की मां ने बताया कि उनकी बेटी को 2 अप्रैल से भर्ती किया गया है, लेकिन आयुष्मान योजना के तहत उन्हें सिर्फ बेड की सुविधा मिली। जांच और दवाइयों के लिए उन्हें खुद पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। मां ने बताया कि अब तक वे 700 रुपये से अधिक की जांच और 2000 रुपये से ज्यादा की दवाइयां खरीद चुकी हैं। उन्होंने कहा, ÷आयुष्मान के नाम पर हमें भर्ती तो कर लिया गया, लेकिन कोई सुविधा नहीं मिल रही। हम गरीब लोग हैं, कहां से इतना पैसा लाएं?÷ जब मीडिया कर्मियों ने अस्पताल में तैनात आयुष्मान मित्र से इस बारे में बात की और जांच के पैसे रिफंड करने की मांग की, तो उनका जवाब हैरान करने वाला था। आयुष्मान मित्र ने कहा, ÷हम अपने हिसाब से आयुष्मान का लाभ देते हैं, किसी के कहने से नहीं।÷ यह बयान साफ तौर पर अस्पताल प्रशासन की मनमानी और मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मीडिया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन दो बार फोन करने के बावजूद उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे प्रशासनिक स्तर पर भी इस मामले में उदासीनता का संकेत मिलता है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना है, लेकिन जीएस मल्टीहॉस्पिटल जैसे संस्थानों द्वारा इसका खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। मरीजों को भर्ती कर सरकारी फंड हड़पने और इलाज के नाम पर उनसे पैसे वसूलने का यह खेल न केवल योजना की मूल भावना के खिलाफ है, बल्कि गरीब मरीजों के जीवन के साथ भी खिलवाड़ है। यहां प्रश्न यह उठता है कि क्या आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों की नियमित जांच नहीं हो रही? मरीजों से पैसे वसूलने वाले अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? सीएमओ जैसे जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में चुप्पी क्यों साधे हुए हैं? इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मरीजों और उनके परिजनों ने मांग की है कि जीएस मल्टीहॉस्पिटल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

## किशोरी ने लगाई राप्ती नदी में छलांग, तलाश जारी



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** घर से नाराज होकर निकली कस्बे के गौतमबुद्ध नगर वार्ड निवासी किशोरी ने बृहस्पतिवार की देर शाम शाम राप्ती नदी में लगाई छलांग लगा दिया है। किशोरी की मां की सूचना पर पुलिस व प्रशासन स्थानीय गोताखोरों को तलाश में लगा दिया है। लेकिन बीस घंटा बीत जाने के बाद शुक्रवार की शाम तक उसका कुछ पता नहीं चलने पर लोगो ने एस डी आर एफ की टीम मंगाने की मांग किया है। देर रात कस्बे के गौतमबुद्ध नगर वार्ड निवासी स्व हरिशंकर तिवारी की पत्नी ने देर रात कोतवाली में सूचना दिया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री राधिका पुत्री स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी घर से नाराज होकर निकली है और नदी में छलांग लगा दिया है। उसके बाद कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई परंतु उसका कुछ पता नहीं चला है। सुबह से ही स्थानीय गोताखोरों नदी में किशोरी की तलाश कर रहे थे परंतु शाम तक कुछ पता नहीं चला। यह जानकारी होने पर नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने राप्ती नदी तट पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया है। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार तिवारी का कहना है कि स्थानीय गोताखोरों से तलाश कराया जा रहा है, एस डी आर एफ की टीम को बुलाया गया है जल्द ही पहुंच जाएगी।

## श्रीराम कथा के पांचवे दिन श्रीराम विवाह का वर्णन

**सोनभद्र/ चोपन।** अवकाश नगर में स्थित काली मंदिर पर चल रह सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पंडित दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी ने प्रभु श्री राम के विवाह का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान कथा वाचक ने प्रभु श्री राम और माता सीता के दिव्य मिलन की कथा को विस्तार से बताते हुए दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कथा में राजा जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ का प्रसंग, श्री राम द्वारा शिव धनुष भंग करना, और भगवान श्री राम और माता सीता के साथ विवाह का दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक और आनंदमय रहा वहीं भगवान श्री राम माता सीता की मनमोहक झांकी देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

## गमछा व्यापारी के गोदाम मे लगी आग

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के काजीपुरा निवासी हाजी सनी अख्तर जलालपुरी जो की पावरलूम से गमछा बनाने का काम करते हैं और घर में ही गोदाम बना रखे हैं। शुक्रवार की सुबह 10 बजे शॉर्ट सर्किट से कपड़े के गोदाम में आग लग गई घरवालों ने देखा कि गोदाम से धुआं निकालना है आनन-फानन में गोदाम को खोल गया और बचें कपड़ों को बाहर निकल गया स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस आग में लगभग एक लाख का गमछा जलकर राख हो गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा नोटिस**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 142-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **01.05.2025** समय (11:30 Hrs) दो पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT. संख्या | 142-Dy.CEEC-LKO-2024-25 दिनांक 04.04.2025 |
| निविदा संख्या | 142-Dy.CEEC-LKO-2024-25 |
| कार्य का नाम | काशी यार्ड रिमॉडलिंग फेज–I एवं शिवपुर–वाराणसी के बीच तीसरी लाइन के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हर्ट्ज, 2x25 केवी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के शाहगंज और जौनपुर में बाईपास लाइन के संबंध में 50 हर्ट्ज, सिंगल फेज 1x25 केवी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण तथा कमीशनिंग का कार्य |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 17,69,65,172.39 (सत्रह करोड़ उनसठ लाख पैंसठ हजार एक सौ बहत्तर रूपये और उनतालीस पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा/अग्रिम राशि (EMD) | रु. 10,34,800/– |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 04.04.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है | 17.04.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 01.05.2025 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

**ध्यान दें :** 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"

**टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।**

**No. 142-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 दिनांक 04.04.2025** **1032/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पहुँचे कैबिनेट मंत्री एवं विधायक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** विधानसभा बांसी के खेसरहा मंडल में ग्राम मैथवलिया में मां कालेश्वरी देवी मंदिर पर नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पहुचे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री एवं सिद्धार्थनगर के जिला प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह रहे।।

इस अवसर पर पधारे बगल के विधान सभा मेहदावल के लोकप्रिय विधायक अनिल त्रिपाठी एवं पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री इटवा विधानसभा के पूर्व विधायक सतीश द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार कुंवर, लाल बाबा त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, कार्यक्रम के आयोजक- प्रभाष्कर राय, अर्जुन राजभर ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर के सम्मानित किया तथा कार्यक्रम में आने के लिए सबका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर स्वागत करने वालों में कौशलेंद्र राय, आदर्श राय, अशोक राव, जगदीश राजभर, नागेंद्र राय,शैलेंद्र राय, रजत राय, अतुल राय, हरकेश राजभर जी, शिवम् राजभर, नित्यानंद पांडे, प्रमुख यादव, विश्राम कुमार, संदीप पांडे, चंदन पांडे, शिव स्नेही गौड़, दीपू यादव, दीपक राज पांडे, कृष्णा कुमार मिश्र, मनीष शर्मा, साधना यादव, अमरेश राय, अंगद यादव, क्षेत्रीय जनता जर्नादन आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों में वितरित हुआ पाठ्यपुस्तक



**उस्का बाज़ार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत स्थित परिषदीय विद्यालय तिवारीडीह में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामप्रधान मनोज साहनी ने शुक्रवार को बच्चो में निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया । उन्होंने कहा कि सत्र की शुरुआत से ही परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की हाथों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा की बहुत खुशी है कि इस बार सत्र शुरु होते ही बच्चों को पुस्तकें मिलनी लगीं। परिषदीय विद्यालयों में योग्य शिक्षक तैनात हैं। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरुक रहना चाहिए। बच्चों को नियमित विद्यालय भेजना चाहिए और घर पर भी शिक्षण कार्य के लिए प्रेरित करना चाहिए। ग्राम प्रधान ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे समाज में परिषदीय विद्यालयों के प्रति विश्वास बनाने के लिए सजग रहें। प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह ने कहा कि बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सभी अभिभावक बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन परिषदीय स्कूलों में कराए। बच्चो की पढ़ाई के लिए सरकार कई तरह की योजना बनाकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर बुद्धिराम, राम सेवक, राम शब्द, पिंटू दूबे , अनंत मिश्र आदि रहे।

## हीट वेव के खतरे पर विस्तार से चर्चा की

**बस्ती।** जिलाधिकारी के निर्देशन में हरैया तहसील मे नायब तहसीलदार रवि कुमार की अध्यक्षता में हीट वेव के प्रति जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने हीट वेव के खतरे और उससे निपटने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हीट वेव से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गो और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों पर। उन्होने बताया कि हीट वेव तब होती है जब किसी क्षेत्र में सामान्य से अधिक तापमान लंबे समय तक बना रहता है।

यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकती है और हीटस्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और अन्य गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। अभियान में हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए तैयार किए गए साहित्य का वितरण किया गया


**कार्यालय ग्राम पंचायत धतुरा खास, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत धतुरा खास, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्यवित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत सत्र-2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, बालू, सीमेण्ट, सरिया, मोरंग, इण्टरलाकिंग, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, कैमरा, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08.04.2025 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर अन्य वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय धतुरा खास के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय धतुरा खास में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि 5000/ (पांच हजार) रूपया होगी। नियम व शर्ते : 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाये वह कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव बीडीसी/जिला पंचायत सदस्य/तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बंधी एवं रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृति आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 13. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत धतुरा खास के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत धतुरा खास कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100/-रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 16. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत धतुरा खास के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, हाई मास्ट लाईट, अन्त्येष्ठि स्थल, पंचायत भवन, बारात घर, इण्टरलाकिंग, सीमेण्ट सीट, टीन शेड आदि।

**रेनू देवी**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत धतुरा खास**
**विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया**

**इन्द्रजीत**
**सचिव ग्राम पंचायत धतुरा खास**
**विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया**



**कार्यालय ग्राम पंचायत- बलुआ**
**वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 04.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बलुआ विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 08.04.2025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बलुआ के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बलुआ के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बलुआ कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बलुआ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-रुकसार**
**ग्रा.पं. बलुआ**
**वि.खं. बांसी**

**सचिव- मोहम्मद अली**
**ग्रा.पं. बलुआ**
**वि.खं. बांसी**


# मिड डे मील शेड का हुआ लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, फतेहपुर में दिनांक 4 अप्रैल 2025 को परियोजना के नैगमिक सामाजिक दायित्व द्वारा मिड डे मील शेड का निर्माण कर लोकार्पण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टाण्डा, जयदेव परिदा एवं विशिष्ट अतिथि हर गोविन्द सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री परिदा ने कहा कि बच्चों के भोजन करने का स्थान स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहेगा तो मनः स्थिति पर अच्छा असर पड़ेगा। यह मिड डे मील शेड धूल, बरसात के समय में भी भोजन के समुचित वितरण और व्यवस्थापन में सहायक सिद्ध होगा। श्री हर गोविन्द सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए एनटीपीसी का आभार प्रकट करते हुए मिड डे मील शेड के महत्व पर अपनी बात रखी। ध्यान देने योग्य है कि एनटीपीसी बुनियादी शिक्षा को सहज एवं सरल बनाने के लिए अपना पूरा प्रयास करता है। प्राथमिकशालाओं में स्कूल बैग्स और स्टेशनरी का वितरण हो अथवा स्मार्ट क्लास का संस्थापन, एनटीपीसी परियोजना सदैव एक कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है।

इसके अलावा बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के हेतु ''बालिका सशक्तीकरण मिशन'' एनटीपीसी की महत्वकांक्षी योजना है। इस मिड डे मील शेड का निर्माण शिक्षा के प्रति उसी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रमुख(रजनीश खेतान)अपर महाप्रबंधक अनुरक्षण (प्रमुख) प्रमोद कुमार गोयल,अपर महाप्रबंधक (सिविल) राम नारायण त्रिपाठी, नैगम संचार अधिकारी वरुण सोनी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तेन्दुही, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तेन्दुही, विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्यवित्त/15वां वित्त स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत सत्र-2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, बालू, सीमेण्ट, सरिया, मोरंग, इण्टरलाकिंग, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, कैमरा, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08.04.2025 को 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर अन्य वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय तेन्दुही के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय तेन्दुही में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि 5000/ (पांच हजार) रूपया होगी। नियम व शर्ते : 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाये वह कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव बीडीसी/जिला पंचायत सदस्य/तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बंधी एवं रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृति आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 13. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत तेन्दुही के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्तिदर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत तेन्दुही कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100/-रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा। 16. सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत तेन्दुही के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, हाई मास्ट लाईट, अन्त्येष्ठि स्थल, पंचायत भवन, बारात घर, इण्टरलाकिंग, सीमेण्ट सीट, टीन शेड आदि।

**सच्चिदानन्द यादव**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत तेन्दुही**
**विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया**

**इन्द्रजीत**
**सचिव ग्राम पंचायत तेन्दुही**
**विकास खण्ड बैतालपुर, देवरिया**

## पीएम अच्छे दोस्त

ट्रम्प ने प्रधानमंत्री के अपना अच्छा मित्र बताया। इससे अच्छे टेड्ड डील के संकेत मिलते है। ट्रम्प ने खुद कहा है हालाकि उन्होने यही कहा था कि भारत अमेरिकी सामानों पर ऊंचा टैक्स दर लगाये हुये है। यह भी ध्यान देने की बात है दोस्ती व्यक्तिगत सम्बन्ध टैक्स निर्धारित देश हित का मसला है। अगर सम्बन्ध दोस्ताना है तो देशहित के साथ आगे बढ़ता रहता है। ट्रम्प ने कहा अप्रैल से उन देशों पर नया टैक्स दर लगेगा। जो अमेरिकी सामनों पर ऊंचा दर लगा रहे है। मोदी ने जब वाशिगटन डीसी का दौरा किया था तो प्रेसिडेन्ट ट्रम्प और प्रधानमंत्री ने दो पक्षी वार्ता की थी। मोदी के दूसरे कार्यकाल कि यह यात्रा की थी जो दोनो देशों के मजबूत सम्बन्धों को दर्शाता है। भारत और अमेरिका ने अगले हफ्ते प्रस्तावित द्वीयपक्षीय व्यापार समझौते के तहत वार्ता करने का फैसला किया है। दोनो पक्षों ने व्यापार बाधाओं का कमक करने बाजार पहुंच बढ़ाने और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने पर सहमति दर्शाई है। समझौते का पहला चरण 2025 के अन्त तक पूरा करने का लक्ष्य रक्खा गया है। अमेरिका ने औद्योगिक वस्तुओं, आटोमोबाइल कृषि उत्पादों पर शुल्क कटौती की मांग की है। भारत श्रम प्रधान क्षेत्रों में रियायत चाहता है। दोनो देश 2030 तक द्वीपक्षीय वार्ता को 500 अरब डालर ट्रम्प ने टैरिफवार के बाद कनाडा के नये पीएम से बात की। ट्रम्प ने कनाडाके सम्प्रभुता के सम्मान करने की बात काही। वार्ता फोन पर ही हुई। अमेरिका ने अपने बदलाव को भी स्वीकार किया है। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब ट्रम्प ने कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध की घोषणा की है। आर्थिक दबाव के जरिये ट्रम्प कनाडा को अमेरिका को 51वां राष्ट्र बनाने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर ट्रम्प ने कहा है कि कनाडा में चुनाव के बाद दोनों देशो के बीच व्यापार और राजनीति को लेकर चर्चा होगी। इसके साथ ही नये कर लगाने की भी बात कही है।

कार्नी ने कहा अमेरिका अब विश्वसनीय भागीदार नहीं रहा। पर बातचीत से रिश्ते सुधारने की बात की जायेगी। यो भी राजनीति में न कोई स्थायी मित्र होता है न शत्रु होता है। कनाडा ने कहा है 28 अप्रैल के बाद अमेरिका से नये आर्थिक सम्बन्धों और सुरक्षा पर बात होगी। यह व्यापक वार्ता की शुरूआत होगी। ट्रम्प जबसे प्रशासन में आये है तब से नयी नयी घोषणा और पुराने नियमों बदलाव करने की बात करते रहते है। कुछ लागू भी करते रहते है। मै पहले भी कह चुका हूॅं ट्रम्प पूजीपती पहले है राजनीतिक बाद में है। हालाकि इससे पहले अमेरिका का राष्ट्रपति एक बार बन चुके है। वे एक रंगीन तबियत के खिलन्दड व्यक्ति है। राजनीति लगता है वह मनोरंजन के लिये करते है पर अन्दर अन्दर डिलो को लेकर गम्भीर रहते है। कोई भी राजनीतिज्ञ देशहित को सबसे ऊंपर रखता है। सम्बन्ध और दोस्ती इसके बाद की चीज होती है। ट्रम्प इतना तो समझते ही है। जबसे मस्क को साथ लिया तबसे उनके साथ मिलकर नई नई घोषणायें करते रहते है। देखने की बात होगी अभी तो दूसरे कार्यकाल की शुरूआत है। आगे के सालों में क्या क्या करते है और अपने उत्ताधिकारी के लिये कैसे उत्तराधिकार सौपते है। पर जबसे प्रवास की नई नीति घोषित की है तबसे उनके प्रंशसकों की संख्या घटती जा रही है। खासकर दूसरे देशों से आये विद्यार्थियों के लिये अच्छा खासा संकट नौजवानों में होना स्वाभाविक है।

## वक़्फ़ तरमीमी बिल एक मुआशरती इस्लाह, ना कि मज़हबी तनाज़ा

इंशा वारसी

हालिया बहस वक़्फ़ अमेंडमेट बिल के इर्द-गिर्द मुंतशिर हो रहा है, बदकिस्मती से ये मज़हबी बयानियों से घिरा हुआ है। जिसने मुजव्वज़ा इस्लाहात के बुनियादी मक़सद से इसकी तवज्जो को दूसरी तरफ़ मोड़ दिया है जो शफ़्फ़ाफ़ियत और एहतिसाब वक़्फ़ की मिल्कियत के इंतिज़ाम में यक़ीनी बनाता है। इसको पहचानना ज़रूरी है कि इस्लाम में वक़्फ़ का तसव्वुर बुनियादी तौर पर ख़ैरात और लोगों के भलाई के लिए है, ना कि इदारा की ताक़त। ये तरमीमें, हालाँकि ये ना समझा जाये कि ये मज़हब पर हमला है, बल्कि ये ज़रूरी क़दम है बदउनवानी और बदइंतिज़ामी को रोकने के लिए। वक़्फ़ बोर्ड के अंदर इस तसव्वुर की तबदीली के लिए दावत है, उसे मज़हबी तनाज़ा के बजाय इस बिल को मुआशरती इस्लाह के तौर पर देखा जाये।

इस चीज़ पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है कि वक़्फ़ का तसव्वुर क़ुरआन के अंदर वाज़ेह तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया है। क़ुरआन जिस चीज़ पर ज़ोर देता है वो है सदक़ा का अमल, और हिदायत देता है कि तुम वो चीज़ ख़ैरात करो जो सबसे अच्छा है अल्लाह के रास्ते में। क़ुरआन की आयत जो ये बयान है, ''तुम हरगिज़ नेकी को नहीं पहुंच सकोगे जब तक तुम (अल्लाह की राह में अपनी महबूब चीज़ों में से ख़र्च ना करो, और तुम जो कुछ भी ख़र्च करते हो बेशक अल्लाह उसे ख़ूब जानने वाला है।'' (सूरा आल-ए-इमरान 92) ये आयत वाज़ेह तौर पर बयान करती है कि इस्लाम सदक़ा के आमाल को फ़रोग़ देता है, ना कि वक़्फ़ जैसा कोई रस्मी ढांचा को वो ख़ास करता है। उसे मज़हबीयत ना ज़ात के साथ ज़म करना ग़लत हिदायत है और ग़लत रहनुमाई है। वक़्फ़ ऐक्ट 1995 की बुनियादी मक़सद उनके इमलाक की हिफ़ाज़त करना था जिसे मज़हबी, ख़ैराती या पाकीज़ा मक़ासिद के लिए दिए गए थे। हालाँकि पिछले सालों में, वक़्फ़ बोर्ड ने बेशुमार इल्ज़ामात का सामना किया है, उनके ग़ैर मुनज़्ज़म ताकतावर शफ़्फ़ाफ़ियत की कमी की वजह से। मौजूदा क़ानून वक़्फ़ बोर्ड को इस काबिल बनाता है कि वो किसी भी ज़मीन को वक़्फ़ की मिल्कियत का ऐलान कर दे बग़ैर किसी सही तसदीक़ के, जिसकी वजह से बेशुमार तनाज़आत सामने आए और इस पर इल्ज़ाम लगाया गया अपनी ताक़त के ग़लत इस्तेमाल का। मज़ीदबराँ, कुछ बोर्डज़ ने अमली तौर पर लोगों पर अदालत से मदद हासिल करने की पाबंदी आइद कर दी, ये क़ानून की हुक्मरानी को कम करता है। इन मुश्किलात को हल करने के लिए, हुकूमत ने तरमीमें तजवीज़ की जिसका मक़सद एहतिसाब को बढ़ाना है। ये तरमीम इन इमलाक की तसदीक़ करने की ज़रूरत को शामिल करता है, इससे पहले कि उसे वक़्फ़ बोर्ड की मिल्कियत का ऐलान कर दिया जाये, अदालत मुतनाज़ा इमलाक पर तफ़्तीश करें, वक़्फ़ बोर्ड में औरतों की शमूलीयत और मुख़्तलिफ़ रहनुमाओं की शमूलियत, और वक़्फ़ बोर्ड की बे-इंतिहा ताक़त को कम करना भी शामिल है। इस मोतबर तजवीज़ का एक जिसने तनाज़ा को हवा दी वो है वक़्फ़ बोर्ड में ग़ैर मुस्लिमों की शमूलियत करना। हालाँकि हनफ़ी फ़िक्ह जिससे हिन्दुस्तान के सबसे ज्यादा मुस्लमान जुड़े हुए हैं, वाज़ेह तौर पर बताता है कि मुतवल्ली (वक़्फ़ मुंतज़िम) ज़रूरी नहीं है कि वो मुस्लिम हो, बल्कि ये ज़रूरी है कि वो इन्सान सलाहियत रखता हो और हुनरमंद हो। इससे भी ज्यादा उसकी सदाक़त दारूल-उलूम देवबंद का फ़तवा नंबर 34944 ज़रिये भी की जाती है, जो इजाज़त देता है कि काबुल ग़ैर मुस्लिम वक़्फ़ इमलाक के मुंतज़िम के तौर पर मुक़र्रर किया जा सकता है। ये दिखाता है कि मुस्लिम की शमूलियत की ख़िलाफ़वर्ज़ी करना, सिर्फ ये बे-बुनियाद नहीं है बल्कि ये मौजूदा इस्लामी फ़िक्ह के ख़िलाफ़ भी है। वक़्फ़ तरमीमी बिल मुआशरती इस्लाह की रोशनी में देखा जाना चाहिए, ना कि मज़हबी तनाज़ा के तौर पर। ये इस्लामी इक़दार को चौलेंज नहीं करता है बल्कि ये वक़्फ़ बोर्डज़ के अंदर इंतिज़ामी ग़लतियों को सही करने के बारे में है। अदालत की तफ़्तीश को यक़ीनी बनाते हुए, मिल्कियत की तसदीक़ और शफ़्फ़ाफ़ियत और शमूलियती निगरानी की यक़ीनी बनाते हुए, बिल का मक़सद उस क़ौम के दिलचस्पियों की हिफ़ाज़त करना है और बदउनवानी को रोकना है। मज़हबी सनसनी खेज़ी से मुआशरती एहतिसाब के लिए इस बयानिया को तबदील करना है। ये सही वक्त है, वक़्फ़ इमलाक अपने सच्चे मक़सद का काम करे जो कि मुआशरे की भलाई है, इसकरे यक़ीनी बनाना ज़रूरी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है।**

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।



ललित गर्ग

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे



बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते? पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं। अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं।

# नजीर बनेगी सुप्रीम कोर्ट की संवदेनशीलता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने फैसला सुनाते हुए कहा था-पीड़िता के निजी अंगों को पकडऩा और पायजामे का नाड़ा तोडऩा दुष्कर्म या दुष्कर्म की कोशिश नहीं मानी जा सकती। इस फैसले पर न्यायविदों, नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बहुत तल्ख प्रतिक्रियाएं जताई थीं। 'वी द वुमेन ऑफ इंडिया' की अर्जी पर सर्वोच्च अदालत को स्वत- संज्ञान लेना पड़ा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की न्यायिक पीठ ने कहा कि 'यह मामला नाबालिग से दुष्कर्म का है, जो बेहद गंभीर है।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने 17 मार्च के एक फैसले में कहा था कि पीड़िता के स्तन को छूना और पायजामे की डोरी तोड़ने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश के मामले में नहीं गिना जा सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से पूरा देश हतप्रभ था। कोर्ट के फैसले पर देशभर में चर्चा का दौर तो शुरू हुआ ही, वहीं यह फैसला सवालों के घेरे में भी था। वी द वुमन ऑफ इंडिया नामक संगठन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख़ किया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि क्योंकि फैसला पूरी तरह से असंवेदनशील और अमानवीय नज़रिए को दिखाता है, इसलिए फैसले पर रोक लगाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को मजबूती प्रदान की है।



रोहित माहेश्वरी

जिस केस में यह फैसला सुनाया गया, यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था। घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। इस मामले में लड़की की मां ने आरोप लगाया था कि 10 नवंबर 2021 को शाम पांच बजे जब वो अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ देवरानी के गांव से लौट रही थीं तो अभियुक्त पवन, आकाश और अशोक मोटरसाइकिल पर उन्हें रास्ते में मिले। मां का कहना था कि पवन ने उनकी बेटी को घर छोड़ने का भरोसा दिलाया और इसी विश्वास के तहत उन्होंने अपनी बेटी को जाने दिया। लेकिन रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर इन तीनों लोगों ने लड़की से बदतमीजी की और उसके प्राइवेट पार्ट्स को छुआ. उसे पुल के नीचे घसीटा और उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ दिया। लेकिन तभी वहां से ट्रैक्टर से गुज़र रहे दो व्यक्तियों सतीश और भूरे ने लड़की का रोना सुना। अभियुक्तों ने उन्हें तमंचा दिखाया और फिर वहां से भाग गए। जब नाबालिग की मां ने पवन के पिता अशोक से शिकायत की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई जिसके बाद वे थाने गईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ये मामला कासगंज की विशेष कोर्ट में पहुंचा जहां पवन और आकाश पर आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार), पॉक्सो एक्ट की धारा 18 (अपराध करने का प्रयास) और अशोक के खिलाफ धारा 504 और 506 लगाई गई। इस मामले में सतीश और भूरे गवाह बने, लेकिन इस मामले को अभियुक्तों की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने फैसला सुनाते हुए कहा था-पीड़िता के निजी अंगों को पकडऩा और पायजामे का नाड़ा तोडऩा दुष्कर्म या दुष्कर्म की कोशिश नहीं मानी जा सकती। इस फैसले पर न्यायविदों, नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बहुत तल्ख प्रतिक्रियाएं जताई थीं।



'वी द वुमेन ऑफ इंडिया' की अर्जी पर सर्वोच्च अदालत को स्वत- संज्ञान लेना पड़ा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की न्यायिक पीठ ने कहा कि 'यह मामला नाबालिग से दुष्कर्म का है, जो बेहद गंभीर है।

खेद है कि फैसला देने वाले जज के खिलाफ कठोर शब्दों का प्रयोग करना पड़ रहा है। यह फैसला जज का असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाता है, लिहाजा इस पर रोक जरूरी है।' बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। केंद्र के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने भी पीठ के फैसले से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की तैयारी थी, दुष्कर्म नहीं किया गया, जज के फैसले में ऐसा कहा गया है। यह बेहद गंभीर टिप्पणी है। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ का कहना था कि दुराचार करने की कोशिश और अपराध की तैयारी के बीच के अंतर को सही ढंग से समझना चाहिए। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की हल्की धाराओं में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।

जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लोगों में नाराजगी देखी गई। माना गया कि इसका समाज में गलत संदेश जाएगा और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इसके चलते ही एक महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कालांतर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वत- संज्ञान लिया। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे ही मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट कर कानून की संवेदनशीलता को संबल दिया था। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 में कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। अब चाहे इसमें त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो। कोर्ट का मानना था कि अभियुक्त का इरादा ज्यादा मायने रखता है। बहरहाल सवाल है कि 'दुष्कर्म' का भाव क्या होता है? आरोपितों ने उस नाबालिग लडक़ी के निजी अंगों को क्यों पकड़ा था? पायजामे का नाड़ा क्यों तोड़ा या खोला था? और उस लडक़ी को पुलिया के नीचे क्यों ले जाना चाहते थे? इन सभी हरकतों में दुष्कर्म की नीयत अथवा मंशा साफ थी, लिहाजा एक आम आदमी के तौर पर हम इसे दुष्कर्म ही मानेंगे। आमतौर पर फैसले के ऐसे चरण में सर्वोच्च अदालत हस्तक्षेप नहीं करती और न ही रोक लगाती, लेकिन न्याय के नाम पर यह अनैतिक था और न्यायिक सिद्धांतों से परे था, लिहाजा विवादित हिस्से पर रोक लगानी पड़ी। वो तो लड़की जोर से चीखती रही, लिहाजा कुछ लोग उसे बचाने को वहां आ गए और आरोपित वहां से भाग गए, नतीजतन लडक़ी दुष्कर्म के दंश से बच गई। अलबत्ता दुष्कर्म हो सकता था। वर्ष 2021 में सर्वोच्च अदालत ने आरोपित पैतृक और स्त्री-द्वेषी रवैये के खिलाफ एक व्यापक चेकलिस्ट जारी की थी। खासकर न्यायिक फैसलों के संदर्भ में यह किया गया था, लेकिन अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। निचली अदालतों में स्थितियां काफी खराब हैं। इससे पहले भी, ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में कहा कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा. इसमें चाहे त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो लेकिन इरादा महत्वपूर्ण है। इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की एडिशनल जज पुष्पा गनेडिवाला ने अभियुक्त को बरी करने का फ़ैसला लिया था।

# वक्फ से जुड़ा भ्रम टूटा नहीं!

**यहां मजहबी मुसलमानों को वक्फ़ से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत हो जाना चाहिए। मक्का में डेढ़ सौ से अधिक पुरानी मस्जिदों को गत वर्षों में साउदी बादशाह के हुक्म से तोड़ा गया था ताकि हज के लिये आनेवाले जायरीनों के आवास, भोजन और दर्शन हेतु पर्याप्त व्यवस्था हो सके। मक्का–मदीना इस्लाम का पवित्रतम तीर्थस्थल है। 'साउदी गजट' समाचार–पत्र के अनुसार 126 मस्जिदें तथा 96 मजहबी इमारतें जमीनदोज कर दी गयीं थीं, ताकि विशाल पुनर्निर्माण कार्य हो सके। इस पर बीस अरब डालर (चौदह खरब रुपये) खर्च किये गये।**

उर्दू शब्दकोश के अनुसार वक्फ़ का अर्थ है अल्लाह को समर्पित संपत्ति। हालांकि भारत में वक्फ़ के तहत भूमि अधिकतर छिपे तरीके से निजी हित में कब्जियाकर इस्तेमाल होती रही। यह गंभीर पहलू कल के (02 अप्रैल 2025) संसदीय बहस में सुनाई नहीं दिया। बात 1955 की है जब हैदराबाद सरकार ने पहला वक्फ़ बोर्ड गठित किया था, तभी एक साल बीते थे नेहरू सरकार को केंद्रीय वक्फ़ अधिनियम लागू किये। मगर महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार ने औरंगाबाद मंडलायुक्त का प्रशासक नियुक्त कर इस पहले वक्फ़ बोर्ड को भंग कर दिया था।



के. विक्रम राव

वक्फ की अवधारणा इस्लाम के प्रारंभिक दौर में शुरू हुई। इसे धार्मिक और सामाजिक प्रयोजनों के लिए संपत्तियों को समर्पित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया। समय के साथ, वक्फ संस्थाएं बनीं, जिनका उद्देश्य समुदाय की भलाई को बढ़ावा देना था। एक कहानी और प्रचलित है कि एक बार खलीफा उमर ने खैबर में एक जमीन खरीदी। उन्होंने पैगंबर मोहम्मद से पूछा कि इस जमीन का सबसे अच्छा उपयोग कैसे किया जा सकता है। पैगंबर ने उन्हें सलाह दी कि इस जमीन को रोक लेना चाहिए। इसे बेचने, उपहार में देने या विरासत में देने के बजाय, इसके फायदे को लोगों की जरूरतों पर खर्च करना चाहिए। इस तरीके से उस जमीन को 'वक्फ' कर दिया गया, जिसका मतलब है कि उस जमीन से होने वाले लाभ सभी लोगों के लिए उपयोगी होंगे। कुछ इतिहास का संदर्भ देखें। वक्फ की संपत्ति की शुरुआत दो गांवों के दान से हुई थी, जो हमलावर मोहम्मद गोरी से जुड़ी हुई है। बारहवीं शताब्दी के अंत में जब मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराया, तो उसने अपनी शक्ति को मजबूत करने के लिए मुसलमानों की शिक्षा और इबादत के लिए कदम उठाए। उसने मुल्तान की जामा मस्जिद के लिए दो गांव दान किए और इसे भारत में वक्फ का एक शुरुआती उदाहरण माना जाता है।

मगर कालांतर में हिंदुओं की संपत्ति भी जबरन वक्फ़ के कब्जे में जाती रही। गनीमत है कि मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद द्वारा कब्जियाई संपत्ति वक्फ़ नहीं बन पाई। इसी परिवेश में जानना जरूरी है कि भारत का नया संसद भवन यदि कांग्रेस शासन लौटा तो वक्फ़ संपत्ति घोषित की जा सकती है।



हालांकि यह संभावना 2021 में सच साबित हो रही थी। न्यायिक निर्णय (हाईकोर्ट : 1 जून 2021) के बाद राजधानी के सेन्ट्रल विस्ता योजना का निर्माण कार्य निर्बाधरुप से चलेगा। किन्तु दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और ओखला क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक मियां मोहम्मद अमानतुल्ला खान ने (4 जून 2021) प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर आग्रह किया कि इस नयी राजधानी निर्माण क्षेत्र में आनेवाली मस्जिदों को बनी रहने दिया जाये। उन्होंने लिखा कि इंडिया गेट के पास के जलाशय के समीपवाली जाब्तागंज मस्जिद न तोड़ी जाये। इसी प्रकार कृषि भवन तथा राष्ट्रपति भवन की मस्जिद भी सुरक्षित रहें। उनकी लिस्ट में सुनहरी बाग रोड, रेड क्रास रोड की (संसद मार्ग), जामा मस्जिद (शाहजहांवाला नहीं) आदि भी शामिल हैं। ध्यान रहें कि ये सब वक्फ की संपत्ति नहीं हैं। एक दफा हरियाणा के चन्द जाट किसानों ने रायसीना हिल्स पर अपना दावा ठोका था। वे राष्ट्रपति को बेदखल कर खुद रहना चाहते थे (20 फरवरी 2017, दि हिन्दू )। इस जाट किसान महाबीर का कहना था कि उसके परदादा के पिता कल्लू जाट रायसीना भूभाग पर हल चलाते थे। उनके पुत्र नत्थू भी यहीं जोताई करता था। मगर 1911 में नयी राजधानी निर्माण पर ब्रिटिश राज ने उन्हें बेदखल कर दिया था।

विधायक खान ने दस दिन की नोटिस भारत सरकार को दिया है। वे नहीं चाहते कि अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़े। इसकी पूरी रपट चैन्नई के वामपंथी अंग्रेजी दैनिक 'दि हिन्दू' में (5 जून 2021, पृष्ठ–3, कालम 4–6 में) छपी है। यूं तो नयी दिल्ली के कई चौराहों पर के उद्यानों में मस्जिदों को असलियत में बिना नक्शे को पारित कराये बनी इमारतें ही कहा जायेगा।

यहां मजहबी मुसलमानों को वक्फ़ से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत हो जाना चाहिए। मक्का में डेढ़ सौ से अधिक पुरानी मस्जिदों को गत वर्षों में साउदी बादशाह के हुक्म से तोड़ा गया था ताकि हज के लिये आनेवाले जायरीनों के आवास, भोजन और दर्शन हेतु पर्याप्त व्यवस्था हो सके। मक्का–मदीना इस्लाम का पवित्रतम तीर्थस्थल है। 'साउदी गजट' समाचार–पत्र के अनुसार 126 मस्जिदें तथा 96 मजहबी इमारतें जमीनदोज कर दी गयीं थीं, ताकि विशाल पुनर्निर्माण कार्य हो सके। इस पर बीस अरब डालर (चौदह खरब रुपये) खर्च किये गये। उमराह तथा हज एक ही समय संभव हो, इस निमित्त से यह ध्वंस तथा पुनर्निर्माण कार्य हुआ। ओटोमन तुर्कों द्वारा निर्मित संगमरमर के भवनों को पवित्र काबा के समीप से हटाया गया ताकि विशाल मस्जिद चौड़ी की जा सके। बीस लाख यात्रियों को इससे सहूलियत मिली। राजधानी की 98 प्रतिशत ऐतिहासिक इमारतें तोड़ी गयीं ताकि साउदी अरब की राजधानी (ठीक नयी दिल्ली की भांति) समुचित रुप से निर्मित हो सके। यह 1985 की बात है। मगर यह ऐतिहासिक सच्चाई है कि सेकुलर संविधान के तहत धर्म हो पर आधारित संपत्ति संबंधी कानून अवाइत हैं हालांकि संसद में हुए भाषणों में इस तथ्य से सदस्य अनभिज्ञ थे। इसका परिणाम अगली पीढ़ी को भुगतना होगा।

# हंसा यह पिंजरा नहि तेरा : संत देवेंद्र दास

**हिंदी के विकास में संतों, योगियों, भक्तों, मठों एवं सामाजिक संस्थाओं की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय हिंदी परिषद्, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्व विद्यालय एवं हिन्दुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में 3-4 अप्रैल को हिंदी के विकास में संतों, योगियों, भक्तों, मठों एवं सामाजिक संस्थाओं की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन की शुरुआत शोधार्थियों के शोध पत्र वचन से हुई। द्वितीय सत्र के आयोजन के साथ संगोष्ठी जयराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में कुशलता पूर्वक प्रारम्भ होता है, जिसका संचालन अरुण कुमार वर्मा ने किया और विधार्थियों द्वारा हिंदी के विकास की उन्नति मे संतो, योगियों, मठों एवं सामाजिक संस्थाओं की भूमिका पर पत्र- वाचन प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी के मुख्य सत्र का संचालन डॉक्टर जयराम त्रिपाठी ने किया व मुख्य अतिथि के रूप मे संत देवेंद्र दास, कबीर मठ, विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रोफेसर राजनारायण शुक्ल सदस्य उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, भारतीय हिंदी परिषद के सभापति प्रोफेसर पवन अग्रवाल व प्रधानमंत्री प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह ने हिंदी के विकास मे भारतीय संतो, योगियों की भूमिकाओ पर विचार प्रस्तुत किया।



प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की हिंदी लोकतंत्र की भाषा है, जिसके द्वारा भारतीय शास्वत मूल्यों की स्थापना व जन चेतना की निर्मिति हो पाती है। जन भाषा के माध्यम से ही हम स्वयं व दूसरों से संबंध व सम्पर्क स्थापित करने मे सक्षम हो पाते है और इस जन भाषा के निर्माण का प्रारम्भिक स्वरुप हमें संतो व योगियों की वाणियों मे देखने को मिलता है।

प्रोफेसर अखिलेश सिंह का मानना है की जो मूल भाषा है उसका अध्ययन उसी भाषा मे होना चाहिए, अनुवादित भाषा मे नहीं।

मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित संत देवेंद्र दास ने कहा कि हिंदुस्तान की विरासत मे संस्कृति ही साहित्य की भूमिका है, चारों वेद हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हिंदी ही वह भाषा है,जो कबीर को बहुत दूर बहुत दूर तक ले गई, तथा कबीर को उपनिषदों की सच्ची संतान बताया है। और अपने वक्तव्य का समापन हंसा यह पिंजरा, नहि तेरा पद से किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का तृतीय सत्र प्रोफेसर अमरेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता मे सम्पन्न किया गया। वक्ता के रूप मे उपस्थित डॉ धर्मेंद्र अग्रहरि, डॉ राकेश अग्रहरि, डॉ वीरेंद्र दत्ता, सीमा जैन, देवेंद्र कुमार सिंह और मार्तंड सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

संगोष्ठी के दौरान धर्मेंद्र अग्रहरी, प्रवीण कुमार, वीरेन्द्र दत्ता, अमरेंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर सीमा जैन, विनम्र सेन सिंह, राजेश तिवारी, देवेंद्र कुमार सिंह एवं सभी सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भूमाफिया की जमीन पर चला बुलडोजर

■ पीडीए ने 100 बीघा अवैध प्लाटिंग से कब्जा हटाया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पीडीए ने करीब 100 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह कार्रवाई जोन-02 के उपजोन 2ए और 2 बी क्षेत्रों में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसारी मसारी और देवघाट कालिंदीपुरम गेस्ट हाउस के पीछे 15 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को हटाया गया। कसारी मसारी देवघाट क्षेत्र से 20 बीघा जमीन खाली कराई गई। देवघाट यमुना कुण्ड के पास नाले की 10 बीघा जमीन को भी मुक्त किया गया।

नसीरपुर सिलना और भीटी क्षेत्र में 20 बीघा जमीन से अवैध प्लाटिंग हटाई गई। सिलना भीटी रोड और नसीरपुर में 40 बीघा जमीन से अतिक्रमण दूर किया गया। पीडीए ने अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी, भवन निरीक्षक कुंवर आनंद सिंह, सुपरवाइजर और पीडीए प्रवर्तन टीम मौजूद थी।

थाना एयरपोर्ट की पुलिस टीम भी साथ रही। प्राधिकरण ने कहा है कि अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज ओपन शूटिंग चैंपियनशिप शुरू



**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में चौथी प्रयागराज ओपन शूटिंग चैंपियनशिप शुक्रवार से कैंट हाई स्कूल सदर बाजार में शुरू हुई। छह अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि छावनी परिषद इलाहाबाद के मुख्य अधिशासी अधिकारी मोहम्मद समीर इस्लाम ने किया। अकादमी के पिस्टल कोच विजय चंदेल व राइफल कोच फरीद सिद्धीकी ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 जिलों के लगभग 180 निशानेबाज प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन ईगल आई प्रयागराज की विष्णु प्रिया, महिमा सिंह, देवांश प्रताप सिंह, देवांश सिंह, प्रीती कुशवाहा, लखनऊ के मिहिर श्रीवास्तव ने बढ़त बनाई। अंतिम दिन चैंपियन ऑफ चैंपियन व सर्वश्रेष्ठ विजेता अकादमी का फैसला होगा।

### बेतिया राज की सम्पत्तियों का सर्वे कराकर आख्या प्रस्तुत करें सीआरओ



**प्रयागराज।** बोर्ड ऑफ रेवेन्यू बिहार के चेयरमैन/मेम्बर के0के0 पाठक की अध्यक्षता एवं मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की उपस्थिति में शुक्रवार को मण्डलायुक्त कार्यालय में बेतिया राज की प्रयागराज में स्थित सम्पत्तियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यू बिहार ने बेतिया राज के महाराजा हरेन्द्र किशोर सिंह तथा महारानी जानकी कुंवर के नाम से 1359 फसली वर्ष की खतौनी/खसरा में दर्ज सम्पत्तियों का सर्वे कराकर चिन्हीकरण किए जाने के लिए कहा, जिससे कि इस सम्बंध में नियमानुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके। मण्डलायुक्त ने मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रयागराज में स्थित बेतिया राज की सम्पत्तियों का एक माह में सर्वे कराकर चिन्हीकरण की कार्यवाही कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर बिहार सरकार के राजस्व विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### श्री राम महायज्ञ को हुआ भूमि पूजन का आयोजन



**आजमगढ़।** नगर के करतालपुर स्थित राम जानकी दुर्गा मंदिर में आयोजित होने वाले श्री राम महायज्ञ के बावत शुक्रवार को भूमि पूजन हुआ। विद्वान ब्राह्मणों ने मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री रामकृष्ण दास जी महाराज , मुख्य यजमान डा. एस. सी. गुप्त आदि के हाथों वैदिक रीति से पूजन कराकर ध्वजारोहण कराया। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर रामकृष्ण दास ने कहा कि पर्यावरण संतुलन में यज्ञ की महती भूमिका है। उन्होने बताया कि यज्ञ का आयोजन का समाज कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज और गरीब , असहायों के प्रति समर्पण ,सेवाभाव मानव.को वंदनीय बनाता है। भूमि पूजन के दौरान संत सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुभाष चन्द तिवारी कुन्दन, भारत रक्षा दल के अध्यक्ष उमेश सिंह गुड्डु , डा. पारिजात बरनवाल ,संजय कुमार पांडेय , शम्भू दास, संजय दास महाराज, मंगल दास, राम सूरत पहलवान, बसंत यादव, राज प्रताप सिंह, रानू यादव, सुरेश पाण्डेय, रणधीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से किशोर ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** गुरूवार देररात रीवन निवासी अजय( 16 )पुत्र भूरा ने अपने घर में फांसी लगा ली,जिसे गंभीर हालत में परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है फिलहाल किशोर की हालत गंभीर बताई जा रही है वहीं किशोर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के प्रयास के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

# सही ई रिक्शा चालकों को परेशान न करें अधिकारी: रघुनाथ द्विवेदी

■ ई रिक्शा चालकों के उत्पीड़न के विरोध में यूनियन पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संभागीय परिवहन अधिकारियों को प्रयागराज ई रिक्शा यूनियन के द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री एवं चीफ सेक्रेटरी के आदेश पर जिसमें उन्होंने कहा था कि ई-रिक्शा और टेंपो चालकों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए और उनका सत्यापन कराया जाए लेकिन संभागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा नामित सदस्यों ने चालकों का उत्पीड़न शुरू कर दिया है। जो रिक्शा चालक नियम अनुसार रिक्शा चला रहे हैं, उनके ई रिक्शा का नंबर सही है, फिटनेस सही है और उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी है लेकिन परिवहन अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उनको सताया जा रहा है और उनका ई-रिक्शा को पकड़ कर के राजकीय इंटर कॉलेज के ग्राउंड में खड़ा कर दिया जा रहा है। यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने संभागीय परिवहन अधिकारी से मांग की है कि जिन ई रिक्शा का नंबर और फिटनेस सही है ऐसे चालकों को परेशान ना किया जाए। क्योंकि बेरोजगार नवयुवकों रिक्शा के द्वारा अपनी कोचिंग की फीस और अपने जीवन का जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे बेरोजगार दूरदराज से आकर के ई रिक्शा- को चला करके अपना पालन पोषण कर रहे हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी से मांग की गई है की सही रिक्शे वालों को परेशान ना किया जाए। उन्होंने कहा कि चेकिंग अभियान की आड़ में जो प्रशासन के लोग उत्पीड़न कर रहे हैं यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और यातायात विभाग साथ ही साथ आरटीओ विभाग की होगी।

ज्ञापन सौंपने वाले यूनियन के उपाध्यक्ष रमाकांत रावत, ननकऊ मिश्रा, राजेंद्र कुमार, आमिर खान, बबलू यादव तथा राजेश सिंह ने ज्ञापन देकर के यह मांग की है कि ई रिक्शा चालक की ओर यदि ध्यान नहीं दिया जाता तो हम लोगों को मजबूर होकर के हड़ताल की घोषणा करनी पड़ेगी। जिससे सारी व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी।

## नगर निगम को स्वच्छता अभियान में मिली सफलता

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज ने स्वच्छता अभियान 2024 के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान में प्रयागराज को द्वितीय श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ घाट- 2024 श्रेणी में प्रयागराज को प्रथम श्रेणी में स्थान दिया गया है, जिससे नगर निगम प्रयागराज की प्रतिबद्धता और मेहनत को देशभर में पहचान मिली है। नगर निगम प्रयागराज के अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है। नागरिकों की भागीदारी और प्रशासन की तत्परता ने इस उपलब्धि को और भी सराहनीय बना दिया है। श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के दौरान पूरे देश भर के निकायों में प्रयागराज नगर निगम लगातार बेहतर कार्य कर रहा था। यहां के निवासियों, स्वयं सहायता संगठनों, स्कूलों और कॉलेजों की सामूहिक भागीदारी ने ही इस आयोजन को सफल बनाया। प्रयागराज के महापौर एवं नगर आयुक्त ने इस उपलब्धि पर नगरवासियों को बधाई दी और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# वक्फ संशोधन विधेयक पसमांदा समाज के हित में : एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता




■ पसमांदा समाज को वक्फ समितियों में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) ने एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में संगठन के विभिन्न स्तरों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और पसमांदा मुस्लिम समाज के सशक्तिकरण, वक्फ संशोधन विधेयक, सामाजिक जागरूकता, और संगठनात्मक रणनीति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। यहाँ बैठक के प्रमुख बिंदुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया जा रहा है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने हाल ही में पारित वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया और इसे पसमांदा समाज के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा यह विधेयक शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में पसमांदा समुदाय के लिए नए अवसर पैदा करेगा। बैठक में यह माँग उठी कि वक्फ संपत्तियों की पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जाए और पसमांदा समाज को वक्फ समितियों में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। इसके साथ ही, केंद्र सरकार से अपील की गई कि बीजेपी नेताओं के भड़काऊ बयानों पर रोक लगाई जाए, जो सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करते हैं। संगठन ने पसमांदा समाज को अशरफ तबकों के नेताओं, उलमाओं और बुद्धिजीवियों से सावधान रहने की सलाह दी। बैठक में कहा गया कि ऐतिहासिक रूप से इन वर्गों ने अपने निजी हितों के लिए पसमांदा समाज का शोषण किया है। संगठन ने पसमांदा समुदाय से आत्मनिर्भरता अपनाने और अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करने का आह्वान किया। यह भी जोर दिया गया कि पसमांदा समाज को अपने हितों की रक्षा के लिए संगठित और जागरूक रहना होगा। बैठक में पटना में ईद मिलन समारोह और पसमांदा आंदोलन के प्रणेता आसिम बिहारी की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इन आयोजनों के लिए एक समिति का गठन किया गया, जो रविवार तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन का उद्देश्य पसमांदा समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को मजबूत करना है। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक हाजी नेहाल अंसारी, महासचिव कमरुद्दीन, कोषाध्यक्ष इदरीस, ताहिर हुसैन, डॉ. इमरान अली इकबाल अहमद, शब्बीर आलम, सलीम मोहम्मद, शमीम अहमद, तौकीर अहमद, आसिफ सिद्दीकी, डॉ. कलीम आदि लोग मौजूद रहे।

# 9 सूत्री मांगों को लेकर एमएलसी शाह आलम से मिला सभासद एसोसिएशन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सभासद एसोसिएशन के बैनर तले नौ सूत्री मांगों को लेकर जिला योजना समिति सदस्य मो अफ़ज़ल की अगुवाई में एक पत्रक एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली को सौंपा गया और उनसे मांगों को विधान परिषद् में उठाने की अपील की गई।



समाजसेवी मो. अफ़ज़ल ने कहाकि नगरीय व्यवस्था को सुधारने के लिए सभासदो ं के अधिकारों में इजाफ़ा करना होगा, तभी घर-घर विकास पहुंचेगा। इसके लिए प्रदेश के सभासदों को वार्षिक विकास निधि पैतीस लाख रूपये निर्धारित की जाये, प्रदेश के सभासदों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपया मानदेय दिया जाये, प्रदेश के निकायों में मेयर व चेयर मैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लागू किया जाये।प्रदेश के नगर निकाय में डिप्टी मेयर उपाध्यक्ष, वाईस चेयर मैन का पद बहाल किया जाये, प्रदेश के सभासद के आकस्मिक के निधन पर उसके परिवार के आश्रित हो पचास लाख रूपये का तत्काल अहेतु आर्थिक सहायता शासन द्वारा प्रदान किया जाये। वहीं आनंद देव उपाध्याय ने कहाकि सभासदों को जनता के कार्य से अपने जिला मुख्यालय में आने और जाने हेतु रोडवेज व रेल का निःशुल्क पास पूरे 5 वर्ष तक दिया जाए, प्रदेश के सभासदों को अपने निकाय के सहायक अभियंता को विकास कार्य हेतु आगणन (स्टीमेट) बनाने हेतु सीधा आदेश देने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए, आउट सोर्सिंग कर्मचारी के चयन में निकाय के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी के साथ सभासदों को भी शामिल किया जाये, एक लाख रूपए तक का विकास कार्य हेतु सभासदों को स्वतंत्र अधिकार मिले जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष का कोई हस्तक्षेप न रहे। इस अवसर पर रेखा यादव, माहताब कुरैशी, शगुफ्ता आदि सभासद मौजूद रहे।

## निजी भूमि के क्रय विक्रय व राजस्व अभिलेखों के परिवर्तन पर लगी रोक हुई समाप्त

**बहराइच।** सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद बहराइच मे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 (जरवल-बहराइच सेक्शन) का चारलेन चौड़ीकरण/निर्माण प्रस्तावित है। नगर मजिस्ट्रेट बहराइच ने बताया कि जरवल से बहराइच तक के चारलेन चौड़ीकरण मे तहसील कैसरगंज के 57 तथा तहसील महसी के 4 ग्राम प्रभावित हैं। जिन ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है उनमे धारा 3ए का प्रकाशन 19 मार्च 2025 को भारत के राजपत्र मे हो चुका है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि चारलेन चौड़ीकरण/निर्माण से प्रभावित ग्रामों की निजी भूमियों के क्रय/विक्रय व राजस्व अभिलेखों मे परिवर्तन/अकृषिक (धारा-80) घोषित करने के सम्बन्ध मे रोक लगाई गयी थी जो 03 अप्रैल 2025 को (तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पे सिपाह, आदमपुर व मुस्तफाबाद को छोड़कर) समाप्त कर दी गयी है।

# जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्रों में 03 अप्रैल से 02 जून तक निषेधाज्ञा

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि महामारी अधिनियम-1897 के दृष्टिगत उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग 5 की अधिसूचना के निर्देशानुसार 03 फरवरी, .2025 द्वारा निषेधाज्ञा पारित करते हुए 03 फरवरी, 2025 से 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी किया गया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। आगामी विभिन्न पर्वो/त्यौहारों तथा उ0प्र0 बोर्ड व अन्य महत्वूपर्ण परीक्षाओं आदि के आयोजन पर कतिपय अवांछित तत्यों के हस्तक्षेप/साजिश के कारण विधि एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित किये जाने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिसके शांति कायम रखने के लिए यह निषेधाज्ञा 03 अप्रैल से 02 जून, 2025 तक लागू रहेगा, यदि आवश्यक कारणों से इसे मध्य में ही वापस नहीं लिया गया तो तद्नुसार प्रभावी रहेगी। इसके अतिरिक्त समय-समय पर शासन स्तर से निर्धारित एवं स्थानीय स्तर पर जनपद में सम्पन्न होने वाले विभिन्न आवश्यक प्रतियोगी तथा शैक्षणिक परीक्षाओं के व वर्तमान में वक्फ बिल प्रस्ताव के दृष्टिगत विधि एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित रखे जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत आवश्यक प्राविधानों के आधार एक पक्षीय निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-163 (2). भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 प्रभावी किया जाना अपेक्षित है। लागू निषेधाज्ञा के दौरान आगामी पर्व, त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए किसी प्रकार के जूलूस, धरना-प्रदर्शन इत्यादि बिना प्रशासनिक अनुमति आयोजित नहीं किये जायेंगे।



■ यदि आवश्यक कारणों से इसे मध्य में वापस नहीं लिया गया तो तद्नुसार रहेगी प्रभावी-जिला मजिस्ट्रेट

■ रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक लाउड स्पीकर/साउण्ड बाक्स/अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतया होगा प्रतिबन्धित-जिला मजिस्ट्रेट

कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह अपर जिला मजिस्ट्रेट अधोहस्ताक्षरी अथवा उप जिल मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना न तो कोई सभा, धरना-प्रदर्शन अथया जुलूस का आयोजन करेगा न ही किसी को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। धार्मिक मेलों, बारात वा शव यात्राओं पर यह प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा। रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक लाउड स्पीकर / साउण्ड बाक्स/ अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित होगा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त किसी भी प्राविधान का उल्लंघन पाये जाने की दशा में निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा- 163(2) भा0 न्या0स0-2003 एवं कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत तत्सम्वन्धित लागू आपदा प्रवन्धन अधिनियम-2005 एवं भा0द0वि0 की प्रभावी सुसंगत धाराओं में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जनहित एवं आवश्यकता के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित समस्त प्रावधानों का कड़ाई एवं तत्परता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# ग्राम बोझिया में हल्दी प्रोसेसिंग प्लान्ट का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

■ हल्दी उत्पादक किसानों को मिलेगा फसलों का वाजिब मूल्य

■ जनपद की हल्दी को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान

**बहराइच।** विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्राम बोझिया में स्थापित हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट का उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा ने पंतजलि आयुर्वेद लिमिटेड हरिद्वार के प्रतिनिधि सत्यव्रत के साथ हल्दी ब्वायलिंग, पैकेजिंग व ड्राईग यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसंद, नानपारा के एसडीओ कृषि सुधीर कुमार मिश्रा व सदर बहराइच के उदय शंकर सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के कृषि वैज्ञानिक सूर्यबलि व संदीप, बिल मिलिंडा गेट्स फाउण्डेशन टेक्निकल सपोर्ट यूनिट लखनऊ के अरविन्द मिश्रा, प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ प्रियेश चंदन, वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड के सीईओ विपिन मौर्य व निदेशक मंजू देवी, तथा सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के निदेशक अखिलेश प्रताप सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषकगण मौजूद रहे।



जनपद के कृषकों द्वारा उत्पादित हल्दी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि के उद्देश्य से मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिशा-निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से 28 दिसम्बर 2024 तहसील एवं ब्लाक मिहींपुरवा के 03 एफपीओ ग्राम गंगापुर की प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड व सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा ग्राम जरही की वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड व बाबा रामदेव की कम्पनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के साथ हल्दी उत्पादन तथा विपणन का एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया था।

उल्लेखनीय है कि कृषि प्रधान आकांक्षी जनपद बहराइच का मिहींपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु से समृद्ध है। जो कृषि के लिये एक आदर्श स्थान बनाता है। इस क्षेत्र में हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की खेती बहुतायत क्षेत्र में की जाती है। सब्जियों के उत्पादन एवं विपणन का कार्य क्षेत्रीय किसानों द्वारा किया जा रहा है, परन्तु इस क्षेत्र में हजारों किसान हल्दी की खेती कर रहे है परन्तु उन्हें उनकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा था। पंजाब हरियाणा आदि प्रदेशों के व्यापारी यहां के किसानों से सरते मूल्य पर हल्दी का क्रय कर अच्छा मुनाफा कमा रहे थे।

डीएम मोनिका रानी के प्रयास से जनपद के किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिगत प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हे. के हिसाब से लगभग 2000 हे. क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन बाबा रामदेव की कंपनी से कराया गया है जिसका सीधा लाभ जिले के किसानों को होगा। डीएम ने बताया कि हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों को पतंजलि के सहयोग से प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था भी की गई है। डीएम ने बताया कि उद्घाटन के डेमो के प्रचार प्रसार के लिए यूपी एफपीओ शक्ति पोर्टल पर विज्ञप्ति भी प्रकाशित की गई है जिसके माध्यम से प्रदेश भर में सभी एफपीओ को इसकी जानकारी प्राप्त हो गई है।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म के असफल प्रयास

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के एक गांव में एक दबंग द्वारा तमंचे की नोंक पर घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का असफल प्रयास किया गया जिसपर पीड़िता के पति ने छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है।वहीं पुलिस इस मामले को दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट बता रही है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पति ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि तीन अप्रैल को दोपहर में जब वह खेतों में था तभी पड़ोसी शैलेन्द्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह नाजायज तमंचा लेकर घर में घुस आया और उसकी पत्नी के सीने में तमंचा लगाकर छेड़छाड़ करने लगा।पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ने हिम्मत जुटाकर बाहर निकल कर शोर मचाया तो लोगों को आता देख आरोपी दोबारा घर में घुसकर दुष्कर्म करने की धमकी देकर तमंचा लहराते हुए चला गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला छेड़छाड़ का नहीं बल्कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी।

# स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन की चिंगारी झलकारी बाई की पुण्यतिथि मनाई

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे में आजादी के संघर्ष मे वीरागंनाओ की भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋृणी है के तहत एक बेजोड़ क्रांति नेत्री झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धान्जलि देते हुये कहा कि वह एक जमीनी जाबांज थी। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। झलकारी बाई का जन्म 22 नवम्बर 1830 को झांसी के पास भोजला गांव मे सदोवर सिंह तथा जमुना देवी के घर हुआ था। झलकारी बाई के पैदा होने के बाद जल्द ही उनकी मां का निधन होने पर पिता ने ही परवरिश की थी। झलकारी बाई बचपन से साहसी एवं निडर थी। एक बार लकडियों को एकत्रित करने जाते समय जंगल में तेदुंआ मिलने पर इन्होंने कुल्हाड़ी से उसे मार दिया। तब से यह सुर्खियों मे आ गयीं और पिता ने इन्हें घुडसवारी करना एवं हथियार चलाना सिखाया। यह महारानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल थीं। रानी ने इन्हें अपने दुर्गा दल अर्थात सेना का सेनापति बनाया। रानी और गोरों के मध्य झांसी मे हुये महासंग्राम मे इनके पति पूरन संघर्ष करते हुये शहीद हो गये थे। एक भितरघाती दुल्हाजू द्वारा किले का गेट खोल देने पर रानी झांसी छोडकर कोंच होते हुये कालपी गयीं। रानी के झांसी छोडने की योजना के तहत झलकारी बाई घोडे पर सवार होकर गोरों के शिविर मे जा पहुचीं। रानी का हमशक्ल होने के कारण जनरल ह्यूज अवाक रह गया। 4 अप्रैल 1857 को झलकारी बाई का निधन हो गया।

# हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड और वार्षिक परीक्षाफल ने भरा उत्साह

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत इस सत्र में छात्रों में अधिगम स्तर की प्राप्ति हेतु दक्षता आधारित शिक्षण, सतत आंकलन, उपचारात्मक शिक्षण के निर्देश दिए गए थे। जनपद में सभी परिषदीय तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के इसका अनुपालन हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के दिशा निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी हसनगंज के निर्देशों के अनुरूप जिले तथा विक्षा खंड स्तर पर लगातार अनुश्रवण के कारण हसनगंज के छात्रों के अधिगम स्तर में वृद्धि देखी गई।

इस सत्र में जनपद के काफी विद्यालय निपुण हो गए। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मॉडल विधालय विकसित होने के रूप में लगातार प्रयत्न होते रहे। सत्र के अंत में छात्रों को परीक्षा के बाद हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के द्वारा उनकी चौमुखी प्रगति से अवगत कराया गया। इसी क्रम में हसनगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर में 4 अप्रैल 2025 को अभिभावकों की उपस्थिति में हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। माताओं का सम्मान, उच्च उपस्थिति वाले छात्रों को पुरुस्कार तथा उत्कृष्ट छात्रों का भी सम्मान किया गया। कक्षा 8 के छात्रों में विशेष रूप से इंचार्ज शिक्षक रमाकांत वर्मा तथा विज्ञान शिक्षिका मसर्रत फात्मा द्वारा प्रोत्साहित किया गया। सभी नए छात्रों को उपहार मिले तो कक्षा 8 को फूलों और मालाओं से सम्मानित किया गया। सभी के लिए कुछ ना कुछ उपहार थे और वातावरण में प्रसन्नता की लहर, कक्षा 8 को आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कैरियर काउंसिलिंग की कक्षा भी दी गई। एसआरजी सदस्या जो कि विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका भी हैं, उनके द्वारा माता उन्मुखीकरण कर सभी छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा 8 से निशा, नंदिनी और शिवंशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उच्चतम उपस्तिथि के लिए पुरुस्कार मिला। कक्षा 6 और 7 में संतोष, गुफ़रान, सीता और राज, सुष्मिता तथा सत्यम को भी पुरस्कृत किया गया। बच्चों के अभिवावकों में रामरती, रूबी, रामेश्वर द्वारा प्रसाद तथा कौशल्या आदि ने उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने परिषदीय विद्यालयो की सुविधाएं जैसे कि डीबीटी, मुफ्त पुस्तक वितरण, एमडीएम तथा कायाकल्प के अंतर्गत हो रहे विद्यालयों के सौंदर्यीकरण के बारे में उन्मुखीकरण किया और आह्वान किया कि गांव के शत प्रतिशत छात्रों का विधालय में नामांकन हो तथा प्रतिदिन उनकी उपस्थिति में सहयोग दें।

# अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरुक हों महिलाएंः प्रतिभा



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** सफीपुर नगर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में मातृ शक्ति अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। सफीपुर नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में सहकार भारती के तत्वाधान में लोकमता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में मातृ शक्ति अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस विलक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर ने दीप प्रज्जवलित कर व लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने महिलाओं के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए समाज को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है वहीं विधायक बंबालाल दिवाकर ने कहा अहिल्याबाई के समाज कल्याण के कार्य आज भी अनुकरणीय है क्योंकि वे एक कुशल शासक और समाज सुधारक थी। कार्यकम का संचालन अधिवक्ता श्रीकांत तिवारी गोपाल ने किया। कार्यकम में जिलाअध्यक्ष रामबोध शुक्ला, अनिल शुक्ला, सतीश गुप्ता, सन्तोष अवस्थी, अरविन्द रावत सहित सहकार भारती के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन योजना (फेज-4) के अन्तर्गत जनपद उन्नाव में प्रस्तावित कार्यो पर कार्यदायी संस्था मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड के कार्यो की प्रगति, पाइप लाइन बिछाए जाने हेतु सड़क पुनर्स्थापना के कार्यो की प्रगति, भूमि उपलब्धता एवं विवादित भूमि की अद्यतन स्थिति, इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेंसी के कार्य, जनपद में जन जागरूकता हेतु आई0ई0सी0 की गतिविधियों आदि के संबंध में जानकारी ली गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता जल निगम, ग्रामीण अजीत कुमार सिंह एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद उन्नाव के ग्रामीण क्षेत्रों में सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजना का कार्य पूर्ण करने की तिथि 26 जनवरी निर्धारित की गयी थी, जबकि 3322.93 करोड़ लागत की इस महत्वाकांक्षी योजना की भौतिक प्रगति मात्र 31 प्रतिशत देखने को मिल रही है, यह स्थिति अच्छी नही है। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं ताकि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित गुणवत्तायुक्त सत्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इस योजना के क्रियान्वयन में पाइप लाइन बिछाए जाने से खराब हुई सड़कों की अविलम्ब पुनर्स्थापना करायी जाए। जन जागरूकता हेतु आई0ई0सी0 की गतिविधियों को बढ़ाया जाए। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह, एसीएमओ डा0 जेआर सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक प्रशांत नायक, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता पूनीत कुमार, शशि कुमार, आशीष कुमार, मनोरमा महिला मण्डल के जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बैसवारा शिक्षित बेरोजगार वेलफेयर एसोशियेसन के अध्यक्ष संतोषानन्द अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आजीविका मिशन के कार्यों को करने हेतु हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यालय कलक्ट्रेट परिसर बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में तथा उपायुक्त स्वतः रोजगार ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त बीएमएम ( ब्लॉक मिशन मैनेजर) एवं डीएमएम ( डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर) की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यो को सुचारू रुप से करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार ज्ञान सिंह ने बताया कि 31 मार्च से पहले सीएलएफ को 3.50 लाख की धनराशि कार्यालय स्थापना के लिए दी गयी। प्रत्येक ग्राम संगठन कार्यालय की स्थापना के लिए 75 हजार रुपये की धनराशि तथा एसएचजी के कार्यालय के लिए प्रत्येक एस एच जी 2500 रुपये दिये गये हैं।उपायुक्त स्वतः रोजगार ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही कार्यालयों की स्थापना की जाए। तथा शीघ्र ही निर्माण की फोटो भी प्रेषित किया जाए। इसके अतिरिक्त समस्त विकास खंड में गठित स्वयं सहायता समूहों को 1.50 लाख रुपये सामुदायिक निवेश के लिए दिये जा रहे हैं। 30 हजार रुपये की राशि रिवाल्विंग फंड के लिए दी जा रही है। ?2 लाख रुपये प्रति ग्राम संगठन को 16 ग्राम संगठन को हस्तान्तरित की गयी है। 19 पीजी उत्पादक समूहों को 28.50 लाख प्रति 1.50 लाख प्रति पीजी हस्तांतरित की गयी। तथा स्वयं सहायता समूह बैंक सखी तथा समूह सखी का मानदेय भी भेजा गया। आगामी वित्तीय वर्ष में लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सख्त निर्देश दिए गये।

# डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथल का निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**

■ जिलाधिकारी ने विकासखंड बनियाखेडा के प्राथमिक विद्यालय कैथल प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय में नवीन नामांकन वाले बच्चों का रोली का टीका लगाकर एवं फूल मालाएँ पहनाकर किया स्वागत

**सम्भल (बहजोई)** नव शैक्षिक सत्र 2025-26 जोकि एक अप्रैल से शुभारंभ हो चुका है। विद्यालयों में बच्चों का नामांकन शत प्रतिशत हो उसको लेकर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड बनिया खेड़ा के प्राथमिक विद्यालय कैथल प्रथम तथा प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय कैथल द्वितीय का निरीक्षण किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी को टीका लगाकर स्वागत किया।विद्यालय में बच्चों के प्रवेश समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में नव पंजीकृत छात्र एवं छात्राओं का रोली का टीका लगाकर तथा फूल मालाओं से स्वागत किया तथा स्कूल ड्रेस एवं कॉपी आदि भी दी गयीं। । जिलाधिकारी ने कहा कि अध्यापक बच्चों को बच्चों की रूचि एवं गुणवत्ता के अनुसार पढायेंगे तो अभिभावक अपने बच्चों को आवश्य विद्यालय भेजेंगे। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता वाले अध्यापक होते हैं। प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के पढ़ने से बच्चों के माता पिता के धन की हानि होती है तथा विद्या के क्रय की भी संभावना बनी रहती है। जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों को कन्या सुमंगला योजना से संतृप्त करने तथा बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनवाने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया तथा विद्यालय की चहारदीवारी तथा शेड को लेकर भी जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के कंठस्थीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।? विद्यालय में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए भी निर्देशित किया। विद्यालय के बाहर नालियों को ढकने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कैथल प्रथम का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा नव पंजीकृत छात्र एवं छात्राओं को रोली का टीका लगाकर एवं फूल मालाएँ पहनाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने मिड डे मील की रसोई को चेक किया। विद्यालय में साफ सफाई एवं छतों को डैमप्रूफ कराने तथा वैदर शीट मैक्स पेंट ? कराने तथा बाला पेंटिंग को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।विद्यालय के बाहर की नाली को ढकने के लिए भी निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र को भी देखा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के बीच बैठकर पढाएं तथा क, ख, ग, घ के आधार पर बच्चों को शिक्षा दें।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथल का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बच्चे स्कूल ड्रेस में आएं। कक्षाओं में चार्टो को व्यवस्थित रूप से लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मिड डे मील रसोई को भी चेक किया तथा गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा बच्चों की उपस्थित संख्या अव्यवस्थित मिलने पर जांच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, ब्लॉक प्रमुख बनिया खेड़ा सुगंधा सिंह, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा कमलकांत डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार प्रधानाध्यापिका ,ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम ईसापुर पट्टी निवासी बेवी देवी पत्नी रामकुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 31 मार्च की दोपहर 03 बजे परिवार की ही राम कुमारी, मोनू कांति, दरवाजे पर आए और समर के पानी के विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त गणों ने डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निवासी विमला देवी पत्नी संतराम द्वारा कोतवाली में बताया गया कि शुक्रवार को उसकी मूंगफली की फसल में गांव के के ही दो लोगों ने पानी काट दिया उसके द्वारा विरोध करने पर पथराव कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाने के उपरांत घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद मस्जिदों क पास तैनात रहा फोर्स



**महोबा।** वक्फ संशोधन बिल पेश होने के बाद से जिला प्रशासन से जुमे की नमाज को लेकर खासी सर्तकता बरती। पुलिस अधीक्षक ने जिले भर की जामा मस्जिदों में जुमे की नमाज में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए मस्जिदों के आस पास भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया। हालाकि जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। भाजपा ने संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किया। बाद में वक्फ बिल बहुमत के साथ पास कराया गया, बिल पास हो जाने के बाद पहला जुमा पढने पर पुलिस प्रशासन ने सर्तकता बरतते हुए मस्जिदों के आस पास भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया, जिससे नमाज के बाद किसी भी तरह का प्रदर्शन और बैठकें आयोजित न हो सकें। हालाकि नमाज लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से पढी और नमाज के बाद अपने अपने घरों के लिए निकल गए, पुलिस भी मस्जिदों से निकलने वाले नमाजियों की फोटो और वीडियो बनाते दिखाई दिए। जिलाधिकारी चरखारी डॉ0 प्रदीप कुमार, नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पुलिस के साथ मुस्लिम बाहुल इलाकों में निगरानी करते नजर आए। महोबा शहर में भी प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस जुमे की नमाज तक पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। पुलिस कर्मचारियों ने जुमे की नमाज के समय घूम घूम कर मुस्तैदी के साथ ड्यूटी की।

### कौमी एकता समिति ने पेश की चादर



**ललितपुर।** गुरुवार को ललितपुर में हिंदु-मुस्लिम एकता की मिशाल हजरत बाबा सदन शाह रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर उर्स के मुबारक मौके पर कौमी एकता सेवा समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चादर पेश की गई। बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष बाबा की मजार पर 5 दिन का उर्स (मेला) लगता है। जहां पर 3 दिन कब्वाली और मुशायरा होता है और बाकी 1 दिन सम्मेलन, शादियां होती हैं। इस मौके पर लंगर (भंडारा) भी होता है जिसमें सभी लोग तवर्रुक (प्रसाद) ग्रहण करते हैं साथ ही बाहरी दुकानदार यहां आकर दुकानें और झूले लगाते हैं और स्थानीय लोग खरीदारी करते हैं। अकीदतमंद लोग बाबा की मजार पर हाजिरी लगाने जाते हैं और चादर पेश कर दुआएं मांगते हैं। गुरुवार 3 अप्रैल को ललितपुर की कौमी एकता सेवा समिति के द्वारा भी चादर पेश की गई। इस दौरान समिति अध्यक्ष परवेज पठान, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, मकबूल राइन, आसिफ मंसूरी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, बलराम अहिरवार, इदु मंसूरी, आयुष सैनी, सचिन सोलंकी, रफीक अली आदि लोग उपस्थित रहे।

### आकस्मिक निधन पर नेमवि प्रबंध समिति व प्रशासन की शोकसभा सम्पन्न

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों /सदस्यों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की शोकसभा सम्पन्न हुई। इसमें प्रबन्ध समिति के वरिष्ठ सदस्य भगवत दयाल सिंधी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई। सभा में शरद खैरा, विलास पटैरिया, प्रदीप चौबे, हरदयाल सिंह लोधी, अशोक गोस्वामी, आदित्य नारायण बबेले, रामेश्वर प्रसाद, हरीराम निरंजन, बब्बूराजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, उदित रावत, धर्मेन्द्र रावत, गिरीश पाठक, महेन्द्र पाराशर, महेश प्रसाद, रामबाबू गोस्वामी, वीरेन्द्र तिवारी, रामकृष्ण साहू, संतोष चैबे, अजय साईकिल, रघुवीरशरण तिवारी, अनूप ताम्रकार, ओमप्रकाश बिरथरे, गोविन्द व्यास, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, प्रो.आशा साहू, प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, हरिप्रसाद, जयंत चौबे, श्रीपत सिंह, भरत सिंह, संजय शर्मा, कमलेश, राकेश, कामता, मिलन सेन, आकाश सोनी आदि उपस्थित रहे।

# जगह जगह सज गई भगवा ध्वज की दुकानें

■ रामनवमी को लेकर शहर में चारों तरफ भगवा ध्वज और बैनर आ रहे नजर



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** रामनवमी को लेकर शहर में जगह जगह भगवा ध्वज की दुकानें सज गई हैं। इतना ही नही मार्गो के दोनो तरफ शहर में भव्य सजावट की जा रही है साथ ही बिजली की आकर्षक सजावट कई स्थानों पर कर दी गई है। अन्य मार्गो पर भी बिजली की सजावट और भगवा ध्वज लगाने का काम चल रहा है, जिसके चलते समूचा शहर भक्तिमय नजर आने लगा है। दुकानों के अलावा सड़क किनारे फुटपाथ पर भी लोग भगवा ध्वज, बैंनर, कपड़े और गमछे बेच रहे हैं। रामनवमी को लेकर हिन्दू भाईयों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। युवा टोली बनाकर रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। युवाओं ने रामनवमी को लेकर खासा जोश दिखाई दे रहा है, स्थिति यह है कि भारी संख्या में दुकानदारों ने भगवा ध्वज बेचना शुरू कर दिया है, जिससे इन दुकानों और फुटपाथ पर झंडे गमछा बेचने वालों की अच्छी खासी बिक्री होने लगी है। यही वजह है कि झंडा, बैनर और गमछो की नई नई दुकानें खुलती जा रही है। शहर के चारो तरफ भगवा कलर के कपड़ों और ध्वज से दुकानें पटी पड़ी हैं। राम नवमी को लेकर युवा अपने अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों में भी छोटे छोटे भगवा कलर के झंडे लगाने के लिए खरीददारी कर रहे हैं, जिससे छोटे झंडों की भी बिक्री बढ़ गई है। इतना ही नहीं सारा दिन शहर के अलग अलग मार्गो पर भगवा ध्वज से सजे डीजे राम धुन और भक्ति मय गीत सुनाते हुए सड़क से निकल रहे हैं, जिससे डीजों की जोरदार आवाज से पूरा शहर गूंजने लगता है। छोटे छोटे बच्चे भी हाथ में भगवा कलर के झंडे झंडियां लिए घूम रहे हैं।

# डीआईजी ने औचक निरीक्षण कर परखी कोतवाली की कार्यप्रणाली

■ धर्मगुरूओं से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बक्फ बिल दोनों सदनों से पास होने के बाद मण्डल सहित जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखनें के उददेश्य से डीआईजी जोगिन्दर सिंह ने जहां एकओर जनपद भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये धर्मगुरूओं से मिलकर शाति व्यवस्था बनाये रखनें की अपील की। वहीं दूसरी ओर स्थानीय कोतवाली का औचक निरीक्षण कर कोतवाली की कार्यप्रणाली की हकीकत को परखा।

शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेन्द्र कुमार द्वारा जनपद कन्नौज का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्थानीय कोतवाली का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों सहित कार्य प्रणाली को परखा जिसमें सभी व्यवस्थायें सेतोषजनक पाई गई। नगर में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे सहित भारी पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण कर कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्हानें जुमा की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में भीड़-भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख मस्जिदों एवं संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। इस दौरान निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, मोहनलाल, रावेन्द्र सिंह, श्याम पाल सिंह, सुनील चौधरी, हरीश कुमार, प्रदीप कुमार, नीलम सिंह, हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, प्रवीन शुक्ला, शीशांक कुमार, उदित कुमार, महिला हेड कांस्टेवल अमिता सिंह, प्रियंका आदि मौजूद रहे। उधर एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी व सीओं ने जुमा की नमाज के दौरान पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# नामी बदमाश हुए मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पदोन्नत होने वाले जवाज़ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के कुशल नेतृत्व में मथुरा पुलिस नित नई उपलब्धि हासिल करती जा रही है, कहते है जिस टीम का कप्तान खुद हर मोर्चे को सम्हालने का मादा रखता हो तो उसकी टीम का जोश भी हाई हो जाता है इसी प्रकार मथुरा पुलिस भी हाई जोश के साथ काम कर रही है, जनता को भी पुलिस का काम समझ आ रहा है कि मथुरा पुलिस के जांबाज जवान आए दिन मथुरा में बेखौफ होकर बदमाशों से भिड़ रहे है और बड़ी शिद्दत के साथ मुकाबला कर रहे है जिसमें आज तक किसी भी सिपाही को एक भी खरोंच तक नहीं आने दी गई अब तक मथुरा के बहादुर पुलिस के जवान 4 खूंखार बदमाशों को भारी मुठभेड़ में ढेर कर चुके है तथा लगभग 250 के आसपास बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर चुके है, बीती रात भी मथुरा के बहादुर पुलिस कर्मियों ने,

मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25-25 हज़ार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। ये दोनों अपराधी सिवासा स्टेट और कृष्णा आर्किड कॉलोनी में कार से आकर दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके थे। इनका एक साथी पहले ही पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हो चुका है, जबकि वारदात में प्रयुक्त कार बरामद हो चुकी है।

घटना गुरुवार रात 11:05 बजे की है, जब पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की वारदातों में शामिल दो बदमाश एक मोटरसाइकिल से आगरा की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो वे इंडस्ट्रियल एरिया की ओर भागने लगे। पीछा करने पर वे बाइक से गिर पड़े और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए।

पुलिस ने दोनों अपराधियों को हिरासत में लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। इनके पास से चोरी के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### छह दिवसीय दौरे पर मथुरा में सांसद हेमा मालिनी

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी छह दिवसीय दौरे पर मथुरा आ रही है। वह चार अप्रैल को सांय काल आएंगी और 09 अप्रैल तक रहेंगी। शुक्रवार को आगमन के बाद शनिवार को प्रातः 11.00 बजे बीएसए कॉलेज के निकट उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। दोपहर 12.00 बजे- नवनिर्मित विद्युत उपकेन्द्र वेटरनेरी यूनिवर्सिटी (औरंगाबाद शहरी) व औरंगाबाद ग्रामीण 2 नवीन विद्युत उपकेन्दों के लोकार्पण करेंगी।रविवार को प्रातः 10.30 बजे श्री राजाधिराज द्वारकाधीश मन्दिर में दर्शन करने जाएंगी। सांय 5.00 बजे से 07.00 बजे तक इस्कॉन द्वारा आयोजित पचासवी वर्षगाठ महोत्सव समारोह में शामिल होना है। सोमवार को प्रातः 11.00 बजे दिशा बैठक की अध्यक्षता, कलैक्ट्रेट सभागार में करेंगी। मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक पांचजन्य ओडिटोरियम, डैम्पियर नगर मेंआयोजित स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार कार्यकम में प्रतिभाग करेंगीं।

# टोल प्लाजा बीघा खेत पर गुंडागर्दी कर रहे स्थानीय युवक, पुलिस कर रही आरोपियों को बचाने का प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी (ललितपुर)।** बुधवार की रात नेशनल हाईवे पर बीघा खेत टोल और उसके पास युवकों ने जमकर हंगामा काटा, कार पर पत्थर मारा और बाइक सवार दो युवकों की जमकर पिटाई की, पुलिस आरोपियों को पकड़ कर छोड़ा, पुलिस मामला सुलाटने में जुटी।

बुधवार की रात करीब 11 बजे बांसी निवासी राहुल कुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से नेशनल हाईवे 44 पर बीघा खेत टोल प्लाजा से थोड़ी दूर पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने से निकल रहा था, कि उसी दौरान दूसरे बाइक से भिडंत हो गयी, दूसरी बाइक पर सवार युवक पास के ही गांव के थे। पास के गांव के युवकों ने अपने क्षेत्र का प्रभाव दिखाते हुए बांसी के इन बाइक सवार युवकों की जमकर धुनाई कर दी, किसी तरह जान बचाकर बचे इन युवकों की बाइक घबड़ाहट में डिवाइडर से टकरा गई, पहले ही मारपीट में लहुलुहान इन युवकों के सिर में गम्भीर चोटें आयी एक के सिर में 17 टाके आए वह अभी भी जिला अस्पताल में भर्ती है, अन्य दो युवक गुरुवार और शुक्रवार को उपचार के बाद अपने गांव बांसी आ गये हैं। पास के गांव के जिन युवकों ने इन लोगों के साथ मारपीट की थी वह टोल के पास आकर खड़े हो गये और वहां से गुजर रही एक कार पर पत्थर मारा जिसकी शिकायत डायल 112 पर कार वालों ने दर्ज करायी है। इतना उपद्रव करने के बाद भी इन युवकों का मन नहीं भरा और इसी दौरान ललितपुर से स्कूटी से बांसी आ रहे बांसी निवासी सचेन्द्र कुमार और अनेन्द्र कुमार की युवकों ने रोक कर जमकर पिटाई कर दी जिससे एक का कान कट गया दूसरे के हाथ और पीट में गम्भीर चोटें आई है। आधा घंटा चली इस मारपीट की घटना टोल के कैमरो में भी कैद है, सचेन्द्र ने बताया कि उनके साथ अकारण मारपीट होती रही लेकिन टोल पर मौजूद दर्जनों लोगों में कोई उन्हें बचाने नहीं आया। इस घटना की तहरीर सचेन्द्र कुमार ने पुलिस चौकी मंडी को दी, पुलिस ने आरोपियों को भी पकड़ लिया और चौकी में बैठाने के बाद छोड़ दिया। पुलिस मामले को सुलटाने में जुटी जबकि इन युवकों द्वारा हाइवे पर जमकर गुंडागर्दी की।

### मथुरा में आंधी तूफान ने मचाई तबाही

**मथुरा।** मथुरा जनपद में देर रात आए भयंकर आंधी तूफान ने बड़ी तबाही मचा दी मथुरा के दिल्ली आगरा हाइवे नरी सेमरी पर लगने वाले देवी मेले में लगे बड़े बड़े झूले आंधी तूफान में ताश के पत्तो की तरह बिखर गए, कई जगह बिजली के खंभे हवा के तेज झोंको की थपेड़ को नहीं झेल पाए तमाम पेड़ हवा से गिर गए। नरी सेमरी देवी मेले में लगे मेले में लगे 4 विशाल झूले लगे हुए थे वो तेज हवाओ में धराशाई हो गए बताता जा रहा है झूलो की ऊंचाई तकरीबन 60 फुट थी इतने ऊंचे झूलों के गिरने से अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया पर मां दुर्गा की कृपा से किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। छाता क्षेत्र के गांव नरी सेमरी में नगर कोट वाली देवी का मंदिर बना हुआ है जहां नवरात्रि के दौरान मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है इसी क्रम में इस वर्ष भी वहां मेला लगा हुआ था जिसके चलते वहां लोगों की भीड़ भी अधिक थी।

# शकरकंद खाने से मिलते हैं ढेरों फायदे, जानिए कैसी होती है इसकी तासीर

कुछ चीजों की डिमांड तेजी से बढ़ती है। इन्हीं में से एक शकरकंद है। कुछ लोग इसको भूनकर खाते हैं, तो कुछ लोग उबालकर खाते हैं। इसकी गिनती फल और सब्जियों दोनों में की जाती है और यह ठंड में खूब बिकता है। शकरकंद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। शकरकंद में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए अच्छे माने जाते हैं।

बता दें कि शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसकी वजह से लोग आलू की जगह शकरकंद खाने की सलाह देते हैं। शकरकंद में विटामिन ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसके अलावा शकरकंद में जिंक, कार्बोहाइड्रेट और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी तासीर गर्म होती है या ठंडी। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि शकरकंद की तासीर ठंडी होती है या गर्म।



***ठंडा या गर्म होता है शकरकंद***

बहुत से लोगों को शकरकंद खाना पसंद होता है। लेकिन लोग कंफ्यूज होते हैं कि इसकी तासीर ठंडी होती है या गर्म। तो बता दें कि शकरकंद की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में इसका अधिक सेवन किया जाता है। क्योंकि इसमें विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। साथ ही यह शरीर को सर्दी भी प्रदान करता है।

***इन समस्याओं में है फायदेमंद***

सर्दियों में शकरकंद का सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से काफी फायदेमंद माना जाता है। इसको खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। शकरकंद में विटामिन सी की अच्छा मात्रा पाई जाती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। शकरकंद में फाइबर पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और इसको खाने से पाचन में सुधार होता है। अगर आप खाना पचा नहीं पा रहे हैं, तो आपको इसको अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। सर्दियों के मौसम में लोग एक्सरसाइज करने में आलस करते हैं। जिसकी वजह से वजन तेजी से बढ़ता है। ऐसे में अगर आप अपनी डाइट में शकरकंद को शामिल करते हैं, तो फाइबर से भरपूर होने की वजह से आपको जल्दी भूख नहीं लगेगी और आप ज्यादा खाने से बच जाएंगे।

***कब न खाएं शकरकंद***

हम में से बहुत से लोग कभी भी शकरकंद का सेवन कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए रात के समय शकरकंद खाने से बचना चाहिए और यदि आप मधुमेह या फिर मोटापे से पीड़ित हैं, तो आपको दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शकरकंद खाना चाहिए। हालांकि आप शकरकंद को कई तरह से खा सकते हैं। आप इसको उबालकर, भाप में पकाकर या फिर बेक करके खा सकते हैं। आप सर्दियों में इसका सूप बनाकर भी सेवन कर सकते हैं।

# अगर चाहते है गुलाब जैसा निखार! घर पर बनाएं टमाटर-चुकंदर का सूप, नोट करें रेसिपी

अगर आप अपनी टमाटर-चुकंदर का सूप को एड करते हैं, तो आपकी त्वचा काफी चमकेगी और आपका चेहरा भी गुलाबी दिखेगा। इस लेख में हम आपके लिए न्यूट्रिएंट से भरपूर ग्लो-एन्हांसिंग सूप की रेसिपी लेकर आए, इसे आप अपने दैनिक आहार में जरुर शामिल करें। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।



***टमाटर-चुकंदर का सूप कैसे बनाएं***

***सामग्री***

- 2 टमाटर
- 1 छोटा चुकंदर
- 2-3 लहसुन की कलियां
- 1 चुटकी काली मिर्च
- स्वादानुसार नमक
- 1 कप पानी

***टमाटर-चुकंदर का सूप बनाने का तरीका***

- टमाटर और चुकंदर को छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब एक पैन में थोड़ा पानी डालें और उसमें कटे हुए टमाटर, चुकंदर और लहसुन डालकर उबालें।
- इस मिश्रण को धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकने दें, फिर ठंडा होने दें।
- फिर आप इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चिकना पेस्ट बना लें, फिर छान लें।
- अब आप सूप को दोबारा गर्म करें, नमक और काली मिर्च डालें और अच्छी तरह मिला लें।
- आपका गरमागरम सूप तैयार है।

आप चाहें तो इसे छानने की जरूरत नहीं है और स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें एक चम्मच सफ़ेद मक्खन भी मिला सकते हैं।

बता दें कि, यह सूप टेस्टी तो है साथ ही सर्दियों के दौरान आपकी त्वचा को अंदर से चमकने भी मदद करता है। गौरतलब है कि टमाटर और चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को डिटॉक्सीफाई करते हैं। इतना ही नहीं, लहसुन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

# खुद को गर्म रखने के लिए हॉट चॉकलेट की इन रेसिपीज को घर में बनाएं, नोट करें विधि

हॉट चॉकलेट गाढ़ा और मीठा डेजर्ट बेवरेज है जो गर्माहट प्रदान करने के साथ-साथ चॉकलेटी स्वाद से मन को खुश कर सकते हैं। आप हॉट चॉकलेट के कई फ्लेवर ट्राई कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसी रेसिपीज बताएंगे जिनका आप आसानी से बना सकते हैं और स्वाद भी लाजवाब हो।

***क्लासिक क्रीमी हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप मिल्क
-2 चम्मच बिना चीनी वाला कोको पाउडर
-2 चम्मच चीनी
-1/4 चम्मच वनिला एक्सट्रैक्ट
-टॉपिंग के लिए व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो

***इसे बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप सॉस पैन में मीडियम आंच पर दूध गर्म करें। ध्यान रहे कि दूध को उबालना नहीं है।
- इसमें कोको पाउडर और चीनी डालें। इसके साथ ही चीजों को अच्छे से मिक्स कर सकते हैं।
- सभी चीजें अच्छे से घुल जानी चाहिए।



- वनिला एक्सट्रैक्ट डालकर मिक्स करें। दूध को अच्छे से पकने दें।
- फिर आप मग में गर्मागर्म डेजर्ट बेवरेज डालें और ऊपर से व्हिप्ड क्रीम या मार्शमैलो डालकर सर्व करें।

***पेपरमिंट हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट
-गार्निश के लिए क्रश की हुई कैंडी केन

***बनाने का तरीका***

- दूध को गर्म कर लें, ध्यान रहे उबालना नहीं है।
- दूध पकने पर उसमें कोको पाउडर और चीनी मिला लें।
- फिर आप पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट डालें। ध्यान रखें कि इसे पहले कम मात्रा में डालें। नहीं तो आपकी हॉट चॉकलेट कड़वी हो जाएगी।

***मैक्सिकन हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच दालचीनी
-एक चुटकी लाल मिर्च

***बनाने का तरीका***

- जैसे ऊपर बताया कि दूध को गर्म कर लें।
- अब इसमें कोको पाउडर, दालचीनी और लाल मिर्च डालकर फेंटें।
- इसमें एकदम स्मूथ होने तक मिक्स करें। सर्विंग मग में डालें और दालचीनी के टुकड़े डालें।

# सरसों ही नहीं, भारत के कोने-कोने में खाए जाते हैं ये साग

सर्दियों के दिनों में लोग हरी पत्तेदार सब्जियां प्रमुखता से खाते हैं। इनमें भी सरसों का साग काफी खाया जाता है। सरसों का साग पंजाब की सिग्नेचर डिश है और ठंड के दिनों में हर घर में बनती है। हालांकि, अगर आप यह सोचते हैं कि सर्दियों में सिर्फ सरसों का साग ही खाया जाता है तो आप गलत है। इस मौसम में भारत के अलग-अलग राज्यों में कई तरह के अलग-अलग पारंपरिक साग बनाए जाते हैं। इनका ना केवल स्वाद और टेक्सचर अलग होता है, बल्कि ये क्षेत्रीय रीति-रिवाजों और संस्कृति के बारे में भी काफी कुछ बताते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको भारत के अलग-अलग राज्यों में बनने वाले साग के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अक्सर लोग ठंड के दिनों में बनाते हैं-



***सरसों का साग (पंजाब)***

शायद ही कोई पंजाबी हो, जिसे सरसों का साग पसंद ना हो। इस डिश को सरसों के साग और कुछ मसालों का उपयोग करके बनाया जाता है। इसे बनाते समय पालक और बथुआ भी डाला जाता है। सरसों के साग का क्रीमी टेक्सचर होता है और अमूमन लोग इसे मक्की के आटे से बनी रोटी के साथ खाना काफी पसंद करते हैं। साथ ही, बहुत सारा सफेद मक्खन टेस्ट को कई गुना बेहतर बना देता है।

***गुंडी साग (ओडिशा)***

ओडिशा में लोग गुंडी साग बड़े चाव से खाते हैं। इस साग को गुंडी के पत्तों की मदद से बनाया जाता है। यह एक नई हरी किस्म है, जिसका उपयोग इसके विशेष स्वाद और औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। गुंडी के पत्तों को पारंपरिक ओडिशा के मसालों के साथ पकाया जाता है। इसे सूखी लाल मिर्च, जीरा और लहसुन से बनाया जाता है। साथ ही, इसमें ओडिशा के पांच मसालों का तड़का लगाया जाता है।

***साई भाजी (सिंधी)***

यह सिंधियों की स्पेशलिटी है। साई भाजी दाल, सब्जियों और पालक और अन्य साग का एक बैलेंस है। इसे बनाते समय मौसमी साग जैसे मेथी के पत्ते, डिल और ताजा पालक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। उबालने पर, चने की दाल प्रोटीन और क्रीमी टेक्सचर देती है। टमाटर, गाजर और आलू जैसी सब्जियां इस डिश के पोषक तत्वों को बढ़ाती है।

***लाल साग भाजा (पश्चिम बंगाल)***

लाल साग भाजा विशेष रूप में पश्चिम बंगाल में खाया जात है। इसे अमरनाथ के पत्ते यानी लाल साग की मदद से तैयार किया जाता है। ताज़े लाल अमरनाथ के पत्तों को हरी मिर्च, पंचफोरन (पांच मसालों का मिश्रण) और साग की हल्की कड़वाहट को दूर करने के लिए थोड़ी चीनी के साथ स्टर फ्राई किया जाता है। सरसों के तेल के साथ अंतिम तड़का इस डिश के टेस्ट को बढ़ाता है।

# इस तरह से बनाएं आंवले की स्वादिष्ट चटनी, बच्चों से लेकर बड़ों सबको आएगी पसंद, नोट करें रेसिपी

आंवला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, डॉक्टर भी आंवला खाने की सलाह देते हैं। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। सर्दियों में आंवला खाना काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से कई समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। आंवले का स्वाद खट्टा होते है, जिस वजह से बच्चों को इसे खाना पसंद नहीं करते हैं। अगर आप घर पर आंवले की चटपटी चटनी बनाएंगे तो इसे सभी लोग खाना पसंद करेंगे। आइए आपको बताते हैं इसे बनाने का तरीका।



***आंवले की चटनी बनाने के लिए सामग्री***

- 1/2 किलो आंवला
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच पंचफोरन ( मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज का मिक्स)
- 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज
- आधा चम्मच से भी कम हिंग पाउडर
- 1/2 कप गुड़
- 1 चम्मच मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चम्मच काला नमक
- 1 चम्मच अदरक कटा हुआ

***कैसे बनाएं आंवला की चटनी***

- सबसे पहले आंवला को मीडियम आंच पर 10-15 मिनट भाप में पकाएं। जब आंवले नरम हो जाएं तो इसके बीज निकालकर आंवले का गूदा को अलग कर लें। अब एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल लें, उसमें 1 चम्मच मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज डालें। इसके बाद 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज और थोड़ा सा हींग पाउडर डालें। फिर आप इसमें उबले हुए आंवले डालें और 5 मिनट तक अच्छे से भून लें। अब आप इसमें आधा कप गुड़ डाल दें। इसको आप मध्यम आंच पर तब तक पकाएं जब तक गुड़ पिघल न जाए और मिक्स थोड़ा गाढ़ा न हो जाए। जब यह गाढ़ा हो जाएगा तो इसे धीमी आंच पर रखें। फिर आप इसमें मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और काला नमक डालें। फिर बारीक कटा हुआ अदरक भी इसमें मिला दें। अच्छे से मिक्स के बाद आपकी आंवले की चटनी तैयार है। इसे रोटी, पराठा, चावल के साथ सर्व करें।

# बच्चों के टिफिन में रखें चुकंदर से बनी ये 2 टेस्टी और हेल्दी रेसिपी, तुरंत होगा फिनिश

हर घर में मम्मियों की चिंता रहती है रोजाना सुबह उठकर बच्चों के लांच बॉक्स में क्या रखें। इसको लेकर वह काफी कंफ्यूज रहती है कि आखिर टिफिन बच्चों क्या बनाकर रखें, जो हेल्दी और टेस्टी हो। अब चिंता को छोड़िए, आप अपने बच्चे के टिफिन में चुकंदर से बनी ये दो रेसिपी जरुर रख सकते हैं। ये डिश हेल्दी होने के साथ ही काफी टेस्टी है आपके बच्चें इससे खाकर टिफिन को साफ कर देंगे। इसे बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते है।

***चुकंदर के अप्पे***

***सामग्री***

-चुकंदर- 2 कद्दूकस किए हुए
-सूजी- 2 कप
-छाछ या खट्टा दही- आधा कप
-ईनो/बेकिंग सोडा-एक चुटकी
-नमक-स्वादानुसार
-तेल

***इसे बनाने का तरीका***

- इसके लिए आप पहले एक बाउल में सूजी, चुकंदर, नमक और खट्टा दही और छाछ लेना है।
- इन चीजों को अच्छे से मिला लें।
- अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर स्मूद बेटर तैयार कर सकते हैं।
- इस मिश्रण को अब करीब 10-15 मिनट के लिए फर्मेंट होने के लिए रख दें।



- फिर आप इसमें ईनो या बेकिंग सोडा और हल्का पानी डालकर दुबारा मिक्स करें।
- अब आप इडली स्टैंड को गैस पर रखकर उसमें तेल लगाकर बेटर डालें और करीब 10 मिनट के लिए पका लें।
- और आपकी गरमा-गरम अप्पे तैयार है। इसे आप चटनी या सॉस के साथ सर्व कर सकते हैं।

***बीटरुट चाट***

***सामग्री***

-काबुली चना- 1 कटोरी (उबले हुए)
-लोबिया- 1 कटोरी (उबले हुए)
-चुकंदर- 2 (उबले छोटे टुकड़ों में कटे हुए)
-तेल- 1 टेबलस्पून
-राई- 1 टेबल स्पून
-नमक- स्वादानुसार
-चाट मसाला- आधा टेबल स्पून
-हल्दी- आधा टीस्पून
-प्याज- बारीक कटा हुआ
-अनार के दाने- आधा कटोरी
-हरा धनिया- बारीक कटा हुआ
-नींबू का रस- 1 टेबलस्पून

***इसे बनाने का तरीका***

- बीटरुट चाट बनाने के लिए आपको एक रात पहले काबुली चना और लोबिया को रात भर पानी में डालकर भिगो दें।
- फिर पानी को हटाकर कुकर में पानी और नमक डालकर इसे उबाल लें।
- इसके बाद एक बर्तन में चुकंदर को छीलकर उसको छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब आप गैस पर एक पैन चढ़ाएं फिर इसमें तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें राई को डाल दें।
- फिर उबले हुए छोले और लोबिया डालें साथ ही ऊपर से नमक, चाट मसाला और हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- अब इसमें चुकंदर डालकर दो-तीन मिनट के लिए भून लें।
- गैस बंद कर दें अब ऊपर से हरा धनिया, नींबू का रस, कटा हुआ प्याज और अनार दाने डालकर फिर मिक्स करें।
- यह आपकी चुकंदर चाट तैयार है। इसे आप टिफिन बॉक्स में सर्व करके रख दें।

# जड़ी-बूटियों से बना ये घोल लगाने से 6 महीने तक काले रहेंगे बाल, असर देख आप भी रह जाएंगे हैरान

हम में से कई लोग सफेद बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए डाई या फिर केमिकल वाली मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। आजकल बालों का सफेद होना आम समस्या है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आप सफेद बालों पर केमिकल घिस-घिसकर इन्हें बेजान कर दें। बालों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको अपनाने से आपके सफेद बाल नेचुरली काले हो जाएंगे और इसका असर 6 महीने तक बना रहेगा।



***एक्सपर्ट से जानिए कमाल का नुस्खा***

एक्सपर्ट के मुताबिक इस नुस्खे को अपनाने से 6 महीने तक आपके बाल नेचुरल काले रहेंगे। वहीं ये मेहंदी आपके बालों पर 6 महीने तक टिकी रहेगी। तो आइए जानते हैं कि बालों को काला करने वाले इस घोल को तैयार करने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होगी।

***इन चीजों की होगी जरूरत***

चाय पत्ती- 2 चम्मच
मेहंदी पाउडर- 100 ग्राम
खाने वाला चूना- 1/4 चम्मच
मुर्दा सिंगी- 1/4 चम्मच
सरसों का तेल- जरूरत अनुसार?
नोट- मुर्दा सिंगी आपको पंसारी की दुकान में आसानी से मिल जाएगा।

***ऐसे तैयार करें लेप***

एक बाउल में 2 चम्मच पिसी हुई चायपत्ती लें और इसमें खाने वाला चूना, मुर्दा सिंगी और 100 ग्राम मेहंदी पाउडर मिलाएं।

अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें और घोल बनाने लायक जरूरत के मुताबिक सरसों का तेल मिलाएं।

यह घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। वरना यह बालों पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगा या फिर बालों में चिपक जाएगा।

***इसको लगाने के 20 मिनट बाद बाल धो लें।***

इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आप पाएंगे कि आपका एक-एक बाल काला हो गया है और यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

***डाई भी होगी फेल***

एक्सपर्ट की मानें, तो इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद आप मार्केट में मिलने वाली केमिकल वाली मेहंदी को भूल जाएंगे। आप देखेंगे कि इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों में नेचुरल शाइन आएगी।

***जानिए क्या होती है मुर्दा सिंगी***

बता दें कि मुर्दा सिंघी पत्थर की तरह दिखने वाली जड़ी-बूटी है। जो ब्यूटी के लिए इस्तेमाल की जाती है और यह बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। मुर्दा सिंघी में मौजूद प्राकृतिक मिनरल्स बालों के पोषण की कमी को दूर कर उन्हें मजबूती देते हैं। साथ ही यह एक्ने, डार्क स्पॉट, पिंपल्स, एक्जिमा और सूजन जैसी कई त्वचा संबंधी समस्या को ठीक करने के लिए भी किया जाता है।

# टॉयलेट की भयंकर बदबू से छुटकारा दिला सकता है ये कमाल का जुगाड़, बिना क्लीन किए दूर होगी स्मेल

टॉयलेट की भयंकर बदबू से कई बार पूरा दिन खराब हो जाता है। तो वहीं कई बार बदबू इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि टॉयलेट इस्तेमाल करने का भी मन नहीं करता है। वहीं अगर कहीं घर में मेहमान आ जाएं, तो आपको शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। अक्सर बिजी शेड्यूल होने की वजह से लोगों के पास टाइम नहीं होता है, जिससे कि वह रोजाना टॉयलेट की सफाई कर सकें। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप बिना इसको क्लीन किए ही बदबू को दूर कर सकते हैं।

दरअसल, आप नींबू और मास्क की मदद से टॉयलेट से आने वाली भयंकर बदबू को दूर कर सकते हैं। ऐसे में आपको मास्क और नींबू की ट्रिक को जान लेना चाहिए। वहीं आपको एक बार इस ट्रिक को आजमाना है और इससे हफ्ते भर आपको टॉयलेट की सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ फ्लश करने से न सिर्फ टॉयलेट क्लीन होगा, बल्कि बदबू भी दूर हो जाएगी। वहीं सबसे अच्छी बात है कि इसके लिए आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना होगा।



***चाहिए होगा ये सामान***

नींबू
सर्जिकल मास्क
कैंची

ऐसे डालें मास्क में नींबू

कंबोड से बदबू को हटाने के लिए आप नींबू और मास्क वाली ट्रिक आजमा सकते हैं। इसके लिए नींबू को छोटे-छोटे स्लाइस में काट लें और फिर मास्क का ऊपरी हिस्सा स्ट्रिप्स के साथ कट कर दें। इससे आपको मास्क में नींबू के स्लाइस डालने की जगह मिल जाएगी। अब इसमे नींबू की स्लाइस डालने के बाद कटी हुई स्ट्रिप्स से इसको बांध लीजिए।

***जानिए कैसे काम करेगी ये ट्रिक***

बता दें कि जब आप मास्क के अंदर नींबू की स्लाइस बांधेंगे तो यह एक पैकेट की तरह लगेगा। अब इस नींबू वाले पैकेट को वन साइड स्ट्रिप्स की मदद से फ्लश टैंक के अंदर लटकाएं। इससे नींबू का एसिड फ्लश के साथ टैंक के पानी में मिल जाएगा। फिर आप जब भी इसे फ्लश करेंगे, तो नींबू का एसिड कंबोड क्लीन हो जाएगा। ठीक इसी तरह से आप बोतल वाला नुस्खा भी आजमा सकते हो।

# संसद से वक्फ बिल पारित होने के बाद आक्रोश; अहमदाबाद-कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन




**कोलकाता।** संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती का कहना है, ऐसा नहीं होना चाहिए। यह अल्पसंख्यकों और मुसलमानों की संस्था है और इस पर इस तरह से हमला करना और संसद में इसे पारित करना, मेरा मानना है कि डकैती के बराबर है, जो बहुत गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए। संसद के बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल बहुमत से पारित हो चुका है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद विधेयक कानून की शक्ल ले लेगा। प्रस्तावित कानून के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों में आक्रोश है। भाजपा शासित राज्य- गुजरात के अहमदाबाद और तृणमूल कांग्रेस शासित प्रदेश पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन होने की शुरुआत हो गई है। अहमदाबाद में सड़कों पर उतरे आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

गौरतलब है कि लोकसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 तीन अप्रैल को पारित हुआ। दो अप्रैल को चर्चा की शुरुआत के बाद लगभग 12 घंटे की चर्चा हुई। देर रात विधेयक और इसमें प्रस्तावित संशोधनों पर वोटिंग के बाद लोकसभा से यह विधेयक देर रात 1.56 बजे पारित हुआ। इसके समर्थन में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 वोट डाले गए। अगले दिन यानी चार अप्रैल को राज्यसभा में विधेयक पारित हुआ। राज्यसभा में तीन अप्रैल को इस विधेयक पर चर्चा की शुरुआत हुई। देर रात 2.32 बजे राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विधेयक पारित होने की घोषणा की। राज्यसभा में इस विधेयक को 128 सांसदों का समर्थन मिला, जबकि विरोध में 95 वोट डाले गए।

## युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया के प्रभाव का उठा मुद्दा, कांग्रेस सांसद ने की बहस की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया के प्रभाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोरोना महामारी के बाद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बढ़ती भारतीय युवाओं की निर्भरता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंता का कारण बन गई है।इस पर सदन में चर्चा किए जाने की जरूरत है। लोकसभा में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया के प्रभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस मुद्दे पर बहस की मांग की। सांसद ने वेबसीरिज एडोलसेंस का भी जिक्र किया। इसमें विषाक्त पुरुषत्व को बढ़ावा देने वाले ऑनलाइन प्रभावशाली लोगों के उदय के साथ-साथ इस मुद्दे को भी उठाया गया है। कांग्रेस सांसद ने सदन में कहा कि कोरोना महामारी के बाद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बढ़ती भारतीय युवाओं की निर्भरता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंता का कारण बन गई है।

# क्या भारत में बड़े देशों और पड़ोसियों से सस्ता है पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से आम नागरिकों को उच्च अंतरराष्ट्रीय मूल्यों से सुरक्षित रखने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं। इनमें कच्चे तेल की आयात बास्केट में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाना आदि शामिल हैं।

पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी सिलेंडर, इनके किफायती रेटों में भारत ने कई बड़े देशों को पीछे छोड़ दिया है। यानी भारत में ये उत्पाद दूसरे देशों की तुलना में सस्ते मिल रहे हैं। इतना ही नहीं, पड़ोसी मुल्कों की तुलना में भी भारत में इन उत्पादों के मूल्यों में परिवर्तन का प्रतिशत कम रहा है। केंद्र सरकार द्वारा नवंबर 2021 और मई 2022 में दो बार में पेट्रोल और डीजल पर कुल मिलाकर क्रमशः 13 रुपये प्रति लीटर और 16 रुपये प्रति लीटर की केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी की गई, जिसका लाभ पूरी तरह से उपभोक्ताओं को दे दिया गया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री सुरेश गोपी के अनुसार, पेट्रोल और डीजल के मूल्य, बाजार निर्धारित हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल तथा



डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उचित निर्णय लेती हैं। भारत सरकार, वैश्विक ऊर्जा बाजारों के साथ-साथ भूराजनीतिक परिस्थितियों से उत्पन्न संघर्ष के चलते संभाव्य ऊर्जा आपूर्ति में बाधा की ध्यानपूर्वक निगरानी कर रही है। कच्चे तेल की आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी एकल क्षेत्र से कच्चे तेल के लिए निर्भरता का जोखिम करने के निमित्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूज) ने अपने पेट्रोलियम आयात बास्केट को विविधीकृत किया है और विभिन्न भौगोलिक स्थलों पर अवस्थित देशों से कच्चे तेल की अधिप्राप्ति कर रहे हैं।

सरकार द्वारा आम नागरिकों को उच्च अंतरराष्ट्रीय मूल्यों से सुरक्षित रखने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं, जिनमें कच्चे तेल की आयात बास्केट में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाना आदि शामिल थे।

घरेलू स्तर पर, सरकार और पीएसयू ओएमसीज द्वारा किए गए विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप पेट्रोल और डीजल के मूल्य कम हो कर क्रमशः 94.77 रुपये और 87.67 रुपये प्रति लीटर (दिल्ली के मूल्य) हो गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा नवंबर 2021 और मई 2022 में दो बार में पेट्रोल और डीजल पर कुल मिलाकर क्रमशः 13 रुपये प्रति लीटर और 16 रुपये प्रति लीटर की केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी की गई, जिसका लाभ पूरी तरह से उपभोक्ताओं को दे दिया गया। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए राज्य वैट दरों में कमी की। मार्च 2024 में, ओएमसीज ने पेट्रोल और डीजल, प्रत्येक के खुदरा मूल्यों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की।

## झारखंड सरकार को रामनवमी के दौरान बिजली की आपूर्ति में कटौती करने की सुप्रीम अनुमति

यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड, जो देश का सबसे बड़ा बियर निर्माता है और हेनिकेन कंपनी का हिस्सा है, ने उत्तर प्रदेश में अपनी प्रतिष्ठित प्रीमियम बियर, एम्सटेल ग्रांडे, लॉन्च की है। यह विस्तार भारत की प्रीमियम बियर बाजार में एक महत्वपूर्ण विकास को दर्शाता है, जिसमें यूबीएल की ब्रूइंग उत्कृष्टता और एम्सटेल की 150 वर्षों की धरोहर का संगम है, जो क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बियर अनुभव को और भी उन्नत करता है। एम्सटेल ग्रांडे भारतीय उपभोक्ताओं को एक अद्वितीय बियर अनुभव देने का वादा करता है, जिसका श्रेय इसके गुप्त घटक टाइम को जाता है। बियर को धीमी गति से बनाया जाता है और लंबे समय तक पकाया जाता है, जिससे इसका स्वाद पूरी तरह से अच्छा बन जाता हैं, जिसके परिणामस्वरूप एक समृद्ध, स्मूथ स्वाद प्राप्त होता है। बेहतरीन गुणवत्ता वाले जौ, अद्वितीय डच यीस्ट और सावधानी से चुने गए हॉप्स का उपयोग करके तैयार की गई, एम्सटेल ग्रांडे की प्रत्येक चुस्की गुणवत्ता के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इसमें कोई अतिरिक्त शर्करा नहीं होती और इसे वैश्विक और स्थानीय परीक्षणों के माध्यम से परिपूर्ण किया गया है, जिससे उपभोक्ता अनुसंधान में इसे शीर्ष अंक प्राप्त हुए हैं, और यह प्रीमियम बियर में एक नया मानक स्थापित करता है। विक्रम बहल, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेडने उत्तर प्रदेश में लॉन्च के बारे में बात करते हुए कहा, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद, हमें उत्तर प्रदेश में एम्सटेल ग्रांडे लॉन्च करने की खुशी है। उत्तर प्रदेश एक जीवंत बाजार है, जहाँ प्रीमियम पेय पदार्थों की बढ़ती मांग है, और हमें पूरा विश्वास है कि एम्सटेल ग्रांडे जल्द ही उन लोगों की पसंदीदा बियर बन जाएगी जो बेजोड़ गुणवत्ता और कौशल की तलाश में हैं। इस लॉन्च के साथ हम अपनी विश्वस्तरीय गुणवत्ता प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत कर रहे हैं। 1870 से, एम्सटेल ने शराब बनाने की कला को अपनाया है, जिसकी शुरुआत एम्स्टर्डम में दो दोस्तों के अच्छी बीयर के सपने से हुई थी। अब, 100 से ज़्यादा देशों में लोकप्रिय हेनेकेन के प्रतिष्ठित ब्रांडों में से एक के रूप में, एम्सटेल अपनी समृद्ध विरासत को एम्सटेल ग्रांडे के साथ भारत में लेकर आया है। यह प्रीमियम ब्रू गुणवत्ता के प्रति एम्सटेल की प्रतिबद्धता और ब्रूड फॉर बॉन्डिंग के दर्शन को दर्शाता है, जो दोस्तों के बीच जुड़ाव और खुशी के पल पैदा करता है। भारत में स्थानीय रूप से विकसित, यह लॉन्च एक प्रीमियम स्ट्रॉन्ग बियर की मांग को पूरा करता है, जो वैश्विक आकर्षण और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता के साथ पेश की गई है, वैश्विक प्रेरणा से, स्थानीय रूप से ब्रू की गई। इसका पैकेजिंग, जो प्रीमियम बियर के शौकियों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, बियर की एम्स्टर्डम जड़ें दिखाता है, जिसमें डच वास्तुकला और दृश्यात्मक नहरों की चित्रण शामिल हैं, जो हर बोतल में एम्स्टर्डम के आकर्षण को कैप्चर करते हैं। एम्सटेल ग्रांडे अब उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है, जिसे प्रतिस्पर्धात्मक रूप से रूपये 110 में 330 एमएल बोतल, रूपये 160 में 500 एमएल बोतल और रूपये 210 में 650 एमएल बोतल के दाम पर पेश किया गया है, और यह राज्य भर के प्रमुख आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

# किसानों एवं एमएसएमई को सशक्त बना रहे फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि एवं एसईआरपी आंध्र प्रदेश



**नई दिल्ली।** घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने सोसायटी फॉर एम्पावरमेंट ऑफ रूरल पॉवर्टी, आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि पहल के तहत अनंतपुर में कार्यशाला का आयोजन किया। आंध्र प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री श्री कोडापल्ली श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में किसान उत्पादक संगठनों को बाजार से जुड़ी अहम जानकारियों, डिजिटल टूल्स और कारोबार के विकास के लिए जरूरी रणनीति से लैस करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय बाजार तक किसानों एवं कृषि कारोबारियों की पहुंच में मदद के लिए फ्लिपकार्ट के निजी लेबल वाले किराना कारोबार की सोर्सिंग से जुड़े अवसरों पर भी जोर दिया गया।

इस साझेदारी को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित समाधान के माध्यम से छोटे कारोबारियों और किसानों का समर्थन करना फ्लिपकार्ट के विजन का हिस्सा रहा है। आंध्र प्रदेश हमारे लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है। एसईआरपी के साथ साझेदारी करते हुए हम कृषि कारोबारियों एवं ग्रामीण उद्यमियों को जरूरी टूल्स, जानकारियां एवं पहुंच बढ़ाने व डिजिटल इकोनॉमी में सफलता के अवसर प्रदान करते हुए सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस गठजोड़ के तहत फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि ने एसईआरपी आंध्र प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। एमएसएमई, कृषि कारोबारियों एवं किसान समुदायों को बाजार तक रणनीतिक लिंकेज एवं ई-कॉमर्स इंटीग्रेशन के माध्यम से समर्थन प्रदान करने के लक्ष्य के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य सतत विकास को सक्षम बनाना, आजीविका सृजित करना और राज्य में छोटे कारोबारियों एवं किसानों का आर्थिक समावेश बढ़ाना है। फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि 2019 में लॉन्च की गई फ्लिपकार्ट समर्थ पहल का ही विस्तार है।

# ओडिशा में नेस्ले इंडिया की पहली फैक्ट्री का शिलान्यास



**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया ने आज ओडिशा के खोरधा जिले में अपनी आगामी फैक्ट्री की आधारशिला रखी। इस अवसर पर ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमोहन चरण मांझीने समारोह में उपस्थित होकर शिलान्यास किया। यह फैक्ट्री नेस्ले इंडिया की देशभर मेंदसवींऔर पूर्वी भारत मेंपहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिटहोगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्रीमोहन चरण मांझीने कहा, ओडिशा में नेस्ले इंडिया द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त एक विश्वस्तरीय फैक्ट्री की स्थापना होते देखना गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि यह यूनिट न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता को नई ऊँचाइयाँ देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और समृद्धि के नए द्वार भी खोलेगी। राज्य सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग देती रहेगी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशकश्री सुरेश नारायणनने कहा, मेक इन इंडिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए हम ओडिशा में अपनी दसवीं फैक्ट्री स्थापित कर रहे हैं।

# टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धिः जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या पहुंची 2 मिलियन के पार

**नई दिल्ली।** टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या 2 मिलियन पर पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया है। यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है। अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से, टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने प्रगति की बड़ी छलांग लगाई है। भारतीय क्रेडिट कार्ड बाज़ार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए यूज़र्स इसे काफी ज़्यादा पसंद करते हैं। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी Qx FY25-RBI में जारी किए गए 13% से ज़्यादा नेट नए कार्ड के साथ, इसने देश भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी तेज़ी से हासिल की है। 2 मिलियन से अधिक कार्ड जारी किए गए॰ बाज़ार में बहुत अच्छी स्वीकृति और ग्राहकों द्वारा वरीयता दी गयी है। 13त्न+ बाज़ार हिस्सेदारी॰ वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में उद्योग में जारी किए गए नए कार्डों में से 13त्न से अधिक ये कार्ड हैं RBI डेटा के अनुसार, जो भारत में किसी भी को-ब्रांडेड कार्ड के लिए सबसे अधिक है। एकीकृत रिवार्ड्स इकोसिस्टम॰ टाटा न्यू इकोसिस्टम में किराने का सामान, दवाइयां, बिल भुगतान, UPI, उपहार कार्ड और वित्तीय सेवाओं से लेकर फैशन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा और मनोरंजन जैसी जीवनशैली से जुड़ी पेशकशों तक के पुरस्कारों को सहजता से एकीकृत किया जाता है। उच्च जुड़ाव॰ UPI सुविधा एक बड़ी सफलता है, जिसमें हर महीने 12 मिलियन से ज़्यादा लेनदेन होते हैं, यानी UPI पर हर महीने 800 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाते हैं। सबसे ज़्यादा खर्च जिनमें किए जाते हैं ऐसी श्रेणियां॰ किराने का सामान, ईंधन और यूटिलिटीज़ ऐसी श्रेणियां हैं जिनमें सबसे ज़्यादा यानी कुल खर्च का लगभग 30त्न खर्च किए जाते हैं। यह श्रेणियां दर्शाती हैं कि यह ग्राहकों के लिए एक टॉप-ऑफ़-द-वॉलेट कार्ड है जो ग्राहकों की रोज़मर्रा की ज़रूरतों को पूरा करता है। विविध ग्राहक वर्ग॰ न्यू कार्ड को नए बैंक ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉज़िट के आधार पर भी दिया जाता है। लोगों के लिए वित्तीय यात्रा को पूरी तरह से डिजिटल बनाते हुए यह कार्ड छात्रों, सेवानिवृत्त लोगों, गृहिणियों और स्व-नियोजित वर्गों सहित कई अलग-अलग ग्राहक वर्गों को सेवाएं प्रदान करता है। बड़ी कीमतों के खर्च॰ हर दिन न किए जाने वाले, इलेक्ट्रॉनिक्स और आभूषण श्रेणियों के बड़ी कीमतों के खर्च के साथ, नेउ कार्ड मजबूत मूल्य प्रस्ताव को प्रदर्शित करता है और सोच-समझदार कदम उठाने वाले ग्राहकों को आकर्षित करता है। मजबूत डिजिटल अपनापन॰ सहज डिजिटल ऑनबोर्डिंग, तत्काल स्वीकृति और संपर्क रहित लेनदेन आधुनिक डिजिटल जीवन शैली को पूरा करते हैं।

# टोल प्लाजा पर फास्टैग रीड नहीं होने से लगता है लम्बा जाम

अवधनामा संवाददाता


सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर लगा जाम

- टोल यूजर्स जाम की समस्यायों से हो रहें हैं प्रतिदिन परेशान
- बिहार सीमा पर स्थित सलेमगढ़ टोल प्लाजा का मामला

**तरयासुजान, कुशीनगर।** टोल प्लाजा पर जाम की स्थित न बने, इसके लिए सरकार ने फास्टैग लगाने का फैसला किया, लेकिन तकनीकी कमी कहा जाय या नई कम्पनी के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा परवान चढ़ती नजर नहीं आ रही है। फास्टैग रीड न होने के कारण सलेमगढ़ स्थित टोल प्लाजा में जाम की समस्या बनी रहती है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

चालकों के शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। बता दें कि सलेमगढ़ टोल प्लाजा में 24 घंटे में करीब हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। टोल पर किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके लिए 10 ट्रैक बनाए गए है। आठ ट्रैकों से फास्टैग लगे वाहनों को गुजारा जाता है। जबकि दो लाइनों से कैश लेकर वाहनों को गुजारा जाता है। अक्सर फास्ट टैग वाले ट्रैक पर जाम की स्थिति बन जाती है। शुक्रवार को दोपहर में टोल प्लाजा पर जाम लगा हुआ था। उक्त सम्बन्ध में जानकार बताते हैं कि गाड़ियों में लगे फास्टैग कभी कभी मशीन रीड नहीं कर पाती हैं। ऐसे में जाम लग जाता है। इसके अलावा जानकारी के अभाव में बिना फास्ट टैग लगा वाहन इस लेन में आ जाते है। जिसके कारण जाम लग जाता है।वाहन चालको ने बताया कि टोल प्लाजा कर्मचारियों की लापरवाही से अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके पूर्व जीके टीपीएल कम्पनी टोल प्लाजा को संचालित कर रही थी उस दौरान इस तरह के समस्या उत्पन्न नहीं हो पा रहा था। बीते जनवरी माह से कोरल एसोसिएट कम्पनी ने टोल टैक्स वसूली का जिम्मा संभाला है तब से लगातार जाम की समस्या को झेलना पड़ रहा हैं ।लेकिन इस प्रकार की समस्या को टोल के अधिकारियों ने नजर अंदाज कर दिया है। टोल प्लाजा पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। इससे बिहार से यूपी और यूपी से बिहार में जाने-आने में काफी परेशानी होती है। इस समस्या के निस्तारण के लिए टोल प्लाजा के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इस सम्बन्ध में टोल मनैजर मनोज कुमार के नम्बर पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नेटवर्क से बाहर बता रहा था। जिसके वजह से कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई।

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई : पीडी

यूपी बिहार सीमा के पास स्थित सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर जाम की समस्या के सम्बन्ध में पीडी गोरखपुर ललित पाल से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि सिस्टम मेंटिनेंस किया जा रहा है। जिसके वजह से समस्या आ रही है। जल्दी ही समाधान किया जाएगा। रहा टोल प्लाजा कि बात तो शिकायत आ रही है, जांच कर कार्रवाई कि जाएगी।

## डीएम की उपस्थिति में हुई क्रॉप कटिंग

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की उपस्थिति में आज सदर तहसील स्थित ग्राम सोन्दा में गेहूं के फसल की कटाई करायी गई। क्रॉप कटिंग के माध्यम से गेहूं की औसत पैदावार का आंकलन किया जाता है, जिससे शासन को अवगत कराया जाता है। क्रॉप कटिंग के लिए खेत एवं स्थल का चयन रेंडमली किया जाता है। जिलाधिकारी आज अपराह्न सोन्दा पहुंची। वहां उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार अपने समक्ष क्रॉप कटिंग करने का निर्देश दिया। कृषक रामकेवल गुप्ता के 0.004 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कटाई की गई जिसमें कुल पैदावार 20 किलो 200 ग्राम निकला। उक्त खेत में प्राप्त गेहूं की उपज के आधार पर उत्पादकता 47 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आंकलित की गई।

# विद्युत करंट के चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

अवधनामा संवाददाता


मृतक सूर्यभान की फाइल फोटो

- घर के पीछे खेत में टुल्लू पम्प से सिंचाई कर रहे थे सूर्यभान

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसही बाजार निवासी एक 45 वर्षीय व्यक्ति की विद्युत की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक सूर्यभान गुप्ता पुत्र भोला गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी भैसही अपने घर के पीछे खेत में टूल्लू पंप से पानी चला रहे थे तभी बिजली करंट के चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि सूरजभान गुप्ता गुरुवार की देर शाम टुल्लू पंप से खेत में सिंचाई कर रहे थे। उस दौरान जैसे ही वह हैंड पंप के पास गए हैंड पंप में बिजली का करंट उतर गया। जिसके चपेट में आ गए तथा करंट लगने से वह चीखने चिल्लाने लगे। चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन आए तो देखें इन्हें विद्युत का करंट लग गया है और वहीं जमीन पर पड़े हुए थे। इसके बाद परिजन उनके इलाज के लिए निजी साधन से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले गए जहां इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक भैंसही बाजार में ही मां शक्ति इलेक्ट्रिक एंड वर्कशॉप नाम से दुकान चलाता था और उसी से अपने परिवार का भरण पोषण करता था लेकिन परिवार की मुखिया की मृत्यु हो जाने के बाद उसके घर में मातम छा गया। वही इस घटना से परिजनों का रो रोकर बूरा हाल था। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हर तीन साल में एक दिन के लिए घर छोड़ देते है इस गांव के लोग

शकील अहमद


गांव के बाहर काली मंदिर पर तैयारी में लगे लोग

- पराह नाम से प्रचलित यह प्रथा हर तीसरे साल उल्लास के साथ मनाई जाती है
- नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के सिगहां गांव के पूरबपट्टी का मामला

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले में एक अजीबो गरीब परम्परा चली आ रही है। यहां हर तीन साल में एक दिन के लिए गांव के सभी लोग घर छोड़कर बाहर चले जाते और वहीं यहीं पूजा पाठ कर रात गुजारते है। विकास खंड नेबुआ नौरंगिया के सिगहां गांव के पूरबपट्टी टोला में हर तीसरे साल पराह का आयोजन होता है। इस बार यह आयोजन आज शनिवार को होगा। गांव के मां काली स्थान परिसर में शुक्रवार को दिन भर तैयारी चली। भोजन बनाने के लिए लोगों ने मिट्टी का चूल्हा तैयार किया। परिसर की सफाई की गई। एक दिन तक इस टोला के लोग घर से बाहर रहकर प्राचीन परंपरा का पालन करेंगे। पराह के नाम से प्रचलित इस परंपरा को लेकर बुजुर्ग बताते हैं कि कई पीढ़ी पहले इस टोले पर बुखार, उल्टी-दस्त की बीमारी ने महामारी का रूप ले लिया था। गांव के अधिकांश लोग बीमार हो गए थे। बीमारी ठीक नहीं होने पर सभी लोग इकट्ठा होकर मां काली स्थान परिसर में चले गए और वहीं रहने लगे। जब सभी लोग स्वस्थ होने लगे तब घर वापस आए। तभी से इस परंपरा को पराह नाम दिया गया। यह आयोजन हर तीसरे साल किया जाता है। अगहन मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी व चतुर्दशी के दिन लोग काली स्थान परिसर में विश्राम करते है। यहीं भोजन पकाते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दिन का यहां के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। रिश्तेदार व शुभचितकों को बुलाकर प्रसाद ग्रहण कराते हैं। तीसरे दिन पूर्णिमा की सुबह सभी महिलाएं मां काली को जल (छाक) अर्पित करने के बाद चना व भूजा का प्रसाद एक दूसरे में बांटती हैं। उसके बाद मां काली का आशीर्वाद लेकर लोग घर आते हैं। यहां मेले जैसा दृश्य होता है, गांव के लोग इस पर्व को बड़ी श्रद्धा से पूरा करते हैं।

## वीरांगना झलकारी बाई का 168वां बलिदान दिवस आज

**अमेठी।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई कोरी का 168वां बलिदान दिवस 5 अप्रैल को मनाया जाएगा। बलिदान दिवस के अवसर पर मुंशीगंज अम्बेडकर मार्केट में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर सुबह 11 बजे माल्यार्पण है। माल्यार्पण के बाद 12 बजे से चौरसिया मैरिज लान गौरीगंज में विचार गोष्ठी और सभा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के संयोजक राम सजीवन कोरी और सहसंयोजक संजय कुमार ने बताया कि जिला सेवा योजन अधिकारी श्रीमती अनुपमा रानी को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया है। कार्यक्रम की तैयारी के क्रम में शुक्रवार को आयोजन समिति की अंतिम बैठक हुई।

बैठक में कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार की गई।हौसिला प्रसाद, अवधेश बौद्ध, शीतला प्रसाद, अनिल बौद्ध,ललित कुमार, विनोद कुमार, सुंदर लाल, दीपक आर्य, राजेश कोरी रज्जन आर्य आदि मौजूद रहे। उधर बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, रामनाथ भारती और अरविंद त्यागी ने तिलोई विधानसभा में सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच जनसम्पर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## वैश्य समाज के विधानसभा अध्यक्ष बने श्रवण कुमार

**डीह, रायबरेली।** अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से सलोन श्रवण कुमार अग्रहरि को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेला निवासी अपने हंसमुख और मिलन स्वभाव से सबके प्रिय श्रवण कुमार अग्रहरि को विधानसभा सलोन अध्यक्ष बनाए जाने पर वैश्य समाज समेत तमाम व्यापारियों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।इस अवसर पर लोगों ने फूलों मालाओं से श्रवण कुमार का स्वागत किया। वहीं अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से नियुक्ति पत्र पाकर श्रवण कुमार ने कहा कि हम अपने समाज वह अपने वैश्य समाज को आगे ले जाने में जितना हो सकेगा, हम जी जान लगा देंगे। वहीं श्री अग्रहरि ने कहा कि वह वैश्य समाज को आगे ले जाने में जहां भी उनकी आवश्यकता होगी हम हम हर समय तत्पर रहेंगे।

# कार्यवाहक प्रधानाचार्य का वेतन रोका अभिलेख उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

- श्री गंगा बक्श कनोडिया गांधी इण्टर कालेज कप्तानगंज का मामला

**कुशीनगर।** संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर ने जनपद के कप्तानगंज स्थित श्री गंगा बक्श कनोडिया गांधी इण्टर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने यह कार्रवाई विभागीय अधिकारियों के लगातार निर्देश के बावजूद कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय का अभिलेख व आडिट न कराए जाने के कारण की गई है। इसके साथ ही एक पखवाड़े के भीतर अभिलेख उपलब्ध न कराने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्ति करने का निर्देश डीआईओएस को दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर सतीश सिंह द्वारा जारी पत्र संख्या - 147-50/2024-25 दिनांक - 2 अप्रैल-2025 में कहा गया है कि श्री गंगा बक्श कनोडिया गाँधी इण्टर कालेज, कप्तानगंज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी को ऑडिट जॉच के लिए कतिपय अभिलेखों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा अद्यावधि कार्यालय में वांछित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया है। श्री त्रिपाठी का उक्त कृत्य घोर लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, कार्यवाहक प्रधानाचार्य, श्री गंगा बक्श कनोडिया गाँधी इण्टर कालेज, कप्तानगंज का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित किया जाता है। साथ ही इसके संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मण्डल गोरखपुर ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि श्री त्रिपाठी द्वारा प्रकरण से सम्बन्धित वांछित अभिलेख 15 दिवस के भीतर कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो श्री त्रिपाठी के स्थान पर संस्था के अन्य वरिष्ठ प्रवक्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का प्रभार देने के लिए संस्था के प्रबन्धक से प्रस्ताव मंगाते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करे।

# क्षेत्रीय लोगों को गंतव्य तक आवाजाही में मिलेगी सुविधा : पी.एन. पाठक

## अहिरौली राजा से गोरखपुर के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

अवधनामा संवाददाता


हरी झंडी दिखाकर रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ करते विधायक पी.एन पाठक

**कसया, कुशीनगर।** शुक्रवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने अहिरौली राजा में रोडवेज बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इन बसों के संचालन से क्षेत्र के हजारों लोगों को गंतव्य तक आवाजाही में सुविधा मिलेगी। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित भी हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक शामिल हुए।

पडरौना से बाड़ीपुल अहिरौली राजा, गोबरही, हेतिमपुर होते हुए गोरखपुर तक जाने वाली रोडवेज बस का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विधायक पी.एन पाठक ने बस पर सवार होकर यात्रियों के साथ बस यात्रा भी किया। विदित हो कि इस मार्ग पर रोडवेज बस संचालन के लिए स्थानीय लोगों ने विधायक पी.एन पाठक को लिखित रूप से अवगत कराया था कि इस मार्ग पर रोडवेज बस संचालन आवश्यक है। जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए विधायक पी.एन पाठक ने उत्तरप्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से अभिलंब उक्त मार्ग पर रोडवेज बस संचालन व संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर बस संचालन कराया। इसके लिए क्षेत्रीय लोगों ने कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा इन बसों के संचालन से क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## कालाजार से बचाव के लिए होगा आईआरएस छिड़काव

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनकटा ब्लॉक के कालाजार प्रभावित गाँवों में कालाजार प्रथम चरण का आईआरएस छिड़काव के लिए प्राथमिकता स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया । इसमें कालाजार प्रभावित क्षेत्रों में छिड़काव के लिए कर्मियों व नेटवर्क सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर नोडल एसीएमओ डा. हरेंद्र कुमार ने रोकथाम, बचाव व हडसन हैंड कम्प्रेसर पंप चलाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छिड़काव कार्य में नेटवर्क सदस्य छिड़काव टीम का सहयोग करेंगे और लोगों को घरों में छिड़काव कराने के लिए राजी करेंगे। डब्ल्यूएचओ के जोनल कोआर्डिनेटर डॉ नित्यानंद ठाकुर ने कहा कि कालाजार लिशमेनिया डोनी नामक रोगाणु के कारण होता है, जो बालू मक्खी काटने से फैलता है। यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी प्रवेश कर जाता है। दो सप्ताह से अधिक बुखार व अन्य विपरीत लक्षण शरीर में महसूस होने पर अविलंब जांच कराना अति आवश्यक है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में हाटा नगरपालिका को मिला प्रथम स्थान


हाटा ईओ मीनू सिंह के प्रशस्ति पत्र देते नगर विकास मंत्री एके शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राज्य स्तर पर जनपद के हाटा नगर पालिका परिषद को शुक्रवार को पुरस्कृत किया गया।राज्य स्तर पर आरक्षित पुरस्कारों के लिए निकायों ने आवेदन किए थे। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। नगरीय सुविधाओं, साफ सफाई की व्यवस्था की मॉनीटरिंग, घाटों की सफाई सहित अन्य मानकों पर किए गए आवेदनों की जांच के आधार पर स्वच्छता ही सेवा नगर पालिका परिषद की सीटीयू वर्ग में हाटा नगर पालिका को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। शासन के दिशा निर्देशन में पालिका के जिम्मेदारों एवं आम जनमानस के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाली निकायों को राज्य स्तर से नगरपालिका श्रेणी में नगरपालिका परिषद हाटा को प्रदेश में प्रथम श्रेणी स्थान प्राप्त होने पर मीनू सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद हाटा को ए0के0 शर्मा मंत्री नगर विकास द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता घाट प्रतियोगिता को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह सहित नपा कर्मियों एवं आम जनमानस के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना प्रथम प्राथमिकता है।

## एंजाइम पेक्टिन लाइएज खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और दवा उद्योग में उपयोगी साबित हो सकता है : डॉ कंचन

**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** तहसील सलेमपुर के चौरिया की रहने वाली वैज्ञानिक डॉ0 कंचन यादव ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर के वैज्ञानिक साथियो के सहयोग से शोध के जरिये फंगस (कवक ) फ्यूजेरियम से एक महत्वपूर्ण एंजाइम पेक्टिन लाइएज बनाने की क्षमता का पता लगाया है शोधकर्ताओं का दावा है कि यह एंजाइम खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और दवा उद्योग में उपयोगी साबित हो सकता है। इसके अलावा यह जैविक कीटनाशकों के विकास में मदद कर सकता है, जिसे खेती को और अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाया जा सकेगा। डॉ कंचन यादव ने अन्य सहयोगियों के साथ इस एंजाइम का अध्ययन किया। पेक्टिन लाइएज नामक यह एंजाइम फलों सब्जियों में पाए जाने वाले पेक्टिन को तोड़ने का काम करता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत- रेहरा वि.खं. बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 04.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत रेहरा विकास खण्ड बांसी द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 10.04.2025 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत रेहरा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत रेहरा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत रेहरा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत रेहरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-मीरा देवी**
**ग्रा.पं. रेहरा**
**वि.खं. बांसी**

**सचिव- प्रशांत प्रजापति**
**ग्रा.पं. रेहरा**
**वि.खं. बांसी**

## आई जी आर एस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में अमेठी जनपद को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली में अमेठी जनपद को उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल हुआ है।डी एम निशा अनंत ने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी हैं, साथ ही जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के भी निर्देश दिए हैं। शनिवार को डी एम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तिलोई में होगा।

मार्च 2025में आई जी आर एस पोर्टल पर कुल 3821 शिकायतें प्राप्त हुई थी, सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जनपद पहले स्थान पर है। इस जनपद की रैंकिंग 91.43 फीसदी के साथ पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर अमेठी जनपद है। रैंकिंग 87.14 फीसदी है। डी एम निशा अनंत ने आई जी आर एस टीम को बधाई दी है। जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव ने बताया कि शनिवार को डी एम तिलोई में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करेंगी। गौरीगंज तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और मुसाफिरखाना तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा।

# पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता थे स्व. गिरीश नारायण पाण्डेय: ब्रजेश पाठक

## पाण्डेय के घर पहुंचे डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष व राज्यमंत्री ने जताया शोक



अवधनामा संवाददाता

**लालगंज,रायबरेली।** न्यायमंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय व उनकी पत्नी बीना पाण्डेय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह कस्बे के पान दरीबा स्थित उनके पैतृक आवास पर दोपहर लगभग 1 बजे पहुंचे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करते हुए प्रतिमाओं पर पुश्प भी अर्पित किये।

इस दौरान डिप्टी सीएम ने बताया कि स्व पाण्डेय पार्टी के निष्ठावन व कर्मठ योद्धा थे। उनके निधन से रायबरेली ही नही बल्कि प्रदेश में भी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने स्व0 मंत्री के परिजनो को ढांढस बंधाते हुए कहा कि विपत्ति के समय पूरी पार्टी आपके साथ हर कदम पर खड़ी है। राज्यमंत्री दिनेश सिंह ने बताया कि स्व पाण्डेय बहुत ही सरल व शांत स्वभाव के नेता थे। गरीब, अमीर सभी को वह समान नजरो से देखते थे। अटल जी के पदचिन्हो पर चलने वाले ऐसे नेता बहुत कम ही देखने को मिलते है जिनमे शादगी कूट-कूट कर भरी थी। इस मौके पर रविनदंन चौहान, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, एएसपी, एडीएम, विजय प्रतापर्सिंह, पप्पू लोहिया, जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, डॉ. अविनाश सिंह, राजेश फौजी, रामप्रताप सिंह, रमेश सिंह किसान नेता, गोलू पाण्डेय, यतीन चौहान, चंद्रप्रकाश पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन नागेंद्र गुप्ता, अनूप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री ने 20 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**देवरिया।** घायलों, मरीजों और प्रसूताओं को अस्पताल पहुंचाने में अब और अधिक सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को एसपी आवास स्थित डाक बंगले में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिले के लिए 20 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और बरहज विधायक दीपक मिश्रा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि पुरानी एंबुलेंस के स्थान पर नई एंबुलेंस के संचालन से मरीजों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सेवा मिलेगी। जल्द ही और नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। नई एंबुलेंस की तैनाती से मरीजों, घायलों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में आसानी होगी।

# बच्चों का परीक्षण व मूल्यांकन कर पंजीकृत कराएं: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की एक बैठक कलेक्टेउ्ट सभागार में ली। बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सम्बन्धी योजनाओं के कार्यक्रमों की समीक्षा की साथ ही अभिलेखों में दर्ज कुल बच्चों का परीक्षण एवं मूल्यांकन कर पंजीकृत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित मुख्य सेविका सुनीता देवी, एका के वेतन काटने व स्पष्टीकरण देने के निर्देश के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी, बैठक के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के अर्न्तगत विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न

■ प्रत्येक माह 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाए

प्रकार निर्देश दिये गये हैं जिसमें उन्होने कहा कि अभिलेखों में पंजीकृत कुल बच्चों के सापेक्ष वास्तविक बच्चों का आयु, वजन एवं लम्बाई के आधार पर परीक्षण व मुल्यांकन करते हुये पोषण टेउ्कर पर नवीन चिन्हित सैम श्रेणी के बच्चों को पंजीकृत कराया जायें, जो बच्चे सैम एवं मैम श्रेणी में पंजीकृत है, उनको स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक 06 दवायें दिलवाकर सुधारीकरण की स्थिति में यथाशीघ्र लाया जायें, उन्होने निर्देश दिये कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने जा रहे ड्राई राशन का वितरण प्रत्येक लाभार्थी में पूर्ण पारदर्शिता के साथ हो, इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरती जायें, उन्होने बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह कम से कम 10 आंगनबाडी केन्द्र एवं प्रत्येक मुख्य सेविका कम से कम 20 आंगनबाडी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायें। बैठक के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के अर्न्तगत आंगनबाडी केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य व बाल मैत्रिक शौचालय, आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, पेयजल एवं पानी की टंकी आदि कार्य इस माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें, इन्फ्रा किट-जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र इन्फ्रा किट से आच्छादित होना चाहिए, बैठक में अनुपस्थित मुख्यसेविका सुनीता देवी, एका के वेतन काटने व स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये, पोषण टेउ्कर पर फीडिंग कार्य पूर्ण न होने पर सीमा मुख्यसेविका, जसराना को स्पष्टीकरण निर्गत करने के निर्देश दिये।

## जल मिशन कार्यक्रम की बैठक 8 को

**फिरोजाबाद।** अधिशासी अभियन्ता सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन देवेन्दऊकुमार सिंह की सूचनानुसार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना (पैकेज-1) की पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 के अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 8 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना (पैकेज 1) के पुनःरीक्षित डी0पी0आर0 की ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति द्वारा अनुमोदन करने के सन्दर्भ में बैठक आहूत की गयी है।

# नये वित्तमान स्केल ऑफ फाइनेन्स से होगा कृषकों को लाभ

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विभिन्न कृषि योजनाओं में लागत को ध्यान केन्दिऊकरते हुए नये वित्तमान स्केल ऑफफाइनेंन्स की समय सीमा निर्धारित कर दी गयी। जिससे नये वित्तीय वर्ष में कृषकों को पूर्व वर्षो से अत्यधिक ऋण प्राप्त हो सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित होने वाले बैंकों के (वित्तमान) स्केल ऑफफाइनेन्स के सम्बन्ध में जिला स्तरीय तकनीकी समिति डी0एल0टी0सी0 की बैठक को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित हुई, बैठक में विभिन्न कृषि योजनाओं में लागत को ध्यान में रखते हुए (वित्तमान) स्केल ऑफ फाइनेन्स की सीमा निर्धारित की गई, जिससे नए वित्तीय वर्ष में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषकों को पूर्व वर्षो से अत्यधिक ऋण प्राप्त हो सकेगा, नये (वित्तमान) स्केल ऑफफाइनेन्स के



अनुसार प्रति हेक्टेयर कृषि भूमि के मानक को लेकर आलू के लिए मु0 2.97 लाख, धान के लिए मु0 0.82 लाख गेहूँ के लिए मु0 0.73 लाख की एवं अन्य फसलों हेतु ऋण सीमा निर्धारित की गई है, बैठक में उप कृषि निदेशक एस पी सिंह, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता), जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक (भा0स्टे0बैंक), जिला बिकास प्रबन्धक नाबार्ड एवं सचिव, मुख्य व कार्यपालक अधिकारी (जिला सह0 बैंक लि0 फिरो0) आदि अधिकारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत खरगीपुर गोधना, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 05-04-2025 से 15-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अनिता राजभर**
**ग्राम प्रधान- खरगीपुर गोधना**
**वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**हरीश चन्द्र**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- खरगीपुर गोधना**
**वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत खुदौली, वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 05-04-2025 से 16-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**कमलेश भास्कर**
**ग्राम प्रधान- खुदौली**
**वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**हरीश चन्द्र**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- खुदौली**
**वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत सादीपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 05-04-2025 से 15-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 16-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुनिता यादव**
**ग्राम प्रधान- सादीपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**श्याम बहादुर यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- सादीपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत विशुनपुर मझवारा, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 05-04-2025 से 16-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 12:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 17-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**विजय कुमार**
**ग्राम प्रधान- विशुनपुर मझवारा**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**श्याम बहादुर यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- विशुनपुर मझवारा**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# एसएमजीआई डी फार्मा के छात्रों को बांटे गए टैबलेट



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डी.फार्मा के 2023-24 में पास छात्र-छात्राओं को प्रदेश सरकार की डिजिशक्ति योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत् युवाओं के तकनीकि कौशन विकास के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण अभियान के तहत टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसएमजीआई के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के डिजिशक्ति प्रोग्राम के बारे में छात्रों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि, यह टेबलेट आपके छात्र जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण डिवाइस है जिसकी सहायता से आप पढाई के साथ रोजगार की जानकारी भी प्राप्त कर सकते है और देश दुनिया की तकनीकी की सूचनाएं घर बैठे ही प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि, प्रत्येक वस्तु का उपयोग दुरुपयोग भी होता है अतःयह आप पर निर्भर है कि आप इस टैबलेट का क्या और कितना उपयोग अपने भविष्य निर्माण में करेंगे। कालेज के डी.फार्मा के छात्रों को कालेज का डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा द्वारा कुल 30 टैबलेट वितरित किए गए। छात्र-छात्राएं टैबलेट पाकर बहुत ही खुश दिखाई दिए। सभी लाभार्थियों ने संस्थान सहित सरकार की योजना को विशेष धन्यवाद दिया। एसएमजीआई के चैयरमैन डा.विवेक यादव ने सभी छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम होने की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसएमजीआई के समस्त शिक्षणगण सहित सम्पूर्ण स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## 26 वाँ प्रांतीय कर्मचारी सम्मेलन बुलंदशहर में 07 अप्रैल को

**इटावा।** राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश का 26 वाँ प्रांतीय कर्मचारी सम्मेलन नगर पालिका परिषद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में दिनांक 07 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को प्रातः11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी परिषद के प्रांतीय महामंत्री राजीव यादव ने देते हुए बताया कि प्रांतीय कर्मचारी सम्मेलन में प्रदेश के निकाय कर्मचारियों की पूर्व से शासन में लम्बित 15 सूत्रीय मांगो को शासन से मंगवाने पर चर्चा होगी उन्होंने बताया कि चर्चा के प्रमुख बिंदु पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली एवं प्रदेश की निकायों में आउटसोर्सिंग पर लगे कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोत्तरी हो प्रांतीय महामंत्री राजीव यादव ने बताया की सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुशलपाल सिंह (बुलंदशहर), अब्दुल खालिद (रामपुर), अरविंद प्रताप सिंह धनगर (इटावा), डॉ. वीरेंद्र शास्त्री (मथुरा), प्रमोद राजपूत (इटावा), नीरज राजपूत प्रवक्ता (इटावा), आनंद प्रकाश शुक्ला (इटावा), वीरेन्द्र पाल सिंह जादौन (एटा), वीरेश्वर यादव (शिकोहाबाद), उमाशंकर गुप्ता (अयोध्या), सुनील टैगोर (टूंडला), अनिल बाजपेई (इटावा), मदन गोपाल गुप्ता (गुलावटी), राम विलास यादव (इटावा), शिव शंकर (गोसाईंगंज), पवन त्रिपाठी (इटावा), राजीव बाल्मीकि (इटावा), होंगे।

# रंज नदी में अवैध मौरंग खनन जोरों पर

- स्थानीय लोग बने भागीदार-प्रशासन बना मौन दर्शक

अवधनामा संवाददाता



**नरैनी (बाँदा)** बाँदा जनपद के नरैनी कस्बे की रंज नदी में अवैध तरीके से मौरंग का खनन एवं परिवहन खुलेआम जारी है। इस अवैध गतिविधि में स्थानीय निवासियों की भूमिका भी सामने आ रही है, जो अपने निजी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मौरंग का परिवहन कर रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो इस अवैध खनन की जानकारी अभी तक जिलाधिकारी महोदया के संज्ञान में नहीं लाई गई है। वहीं, खनन अधिकारी इस पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं, जिससे सवाल उठता है कि क्या प्रशासनिक स्तर पर मिलीभगत तो नहीं हो रही?

कृषि मे प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर और ट्राली इस अवैध खनन की रीढ की हड्डी बन गये है , रात्रि होते ही दर्जनो ट्रैक्टरों से अवैध खनन और परिवहन प्रारम्भ हो जाता है ,इस अवैध ट्रैक्टर संचालन मे स्थानीय पुलिस की भूमिका से भी इंकार नही किया जा सकता है ऐसा सूत्रो द्वारा बताया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि के समय अवैध खनन तेज़ी से होता है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि रंज नदी का स्वरूप भी बदला जा रहा है। नदी की गहराई और जलधारा में बदलाव से भविष्य में जल संकट और भूस्खलन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

पर्यावरणविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो इसके गंभीर परिणाम पूरे क्षेत्र को भुगतने होंगे।

जनता अब यह जानना चाहती है कि आखिर कब तक प्रशासन आंख मूंदे बैठा रहेगा और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी?

## एक देश एक चुनाव प्रकिया लागू हो दिया संदेशः विशाल पांडेय



**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जनपद सोनभद्र के द्वारा स्वर्ण जयंती चौक पर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा विशाल पांडे के नेतृत्व में एक देश एक चुनाव प्रकिया लागू हो इसके लिए स्वर्ण जयंती चौक पर प्ले कार्ड के माध्यम से जन जागरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आरंभ किया जिला अध्यक्ष विशाल पांडे ने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक एक देश एक चुनाव के लिए जागरूक करने का काम करेंगे जिस देश में एक जन समर्थन तैयार हो सके कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव प्रदेश कार समिति सदस्य रमेश जायसवाल जिला महामंत्री रजनीश रघुवंशी मंडल महामंत्री अनुपम तिवारी जिला मंत्री विनीत त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरी मंडल महामंत्री रवि तिवारी धर्मवीर त्यागी अमन वर्मा विकास चौबे धीरेंद्र पांडे मीडिया प्रभारी दिशांत द्रीवेदी,प्रिंस पांडे आनंद पांडे अखिल पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीआईजी नें मौदहा में किया पैदल गश्त



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मौदहा वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 के दोनों सदनों में पास होने के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के अवसर पर संवेदनशील कस्बा मौदहा में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दिया। इस दौरान डीआईजी (चित्रकूट धाम मंडल) ने कस्बा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी भी मौजूद रहे।

डीआईजी ने नगर भ्रमण के दौरान मस्जिदों के आसपास विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते हुए उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया।

पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए, स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है। जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए मस्जिदों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस की गश्त तेज कर दी गई थी। प्रशासन का कहना है कि माहौल बहुत ही खुशगवार और खुशनुमा है किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है।

# जर्मनी भेजा गया संगम त्रिवेणी का एक हजार बॉटल गंगा जल

अवधनामा संवाददाता



- प्रयागराज में जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के माध्यम से जर्मनी भेजा गंगा जल
- महाकुम्भ आने से वंचित रह गए जर्मनी के हिन्दू परिवारों के लिए भेजा गया त्रिवेणी संगम का जल

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इस त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाय इसके लिए योगी सरकार ने अग्नि शमन विभाग की तरफ से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी पवित्र जल पहुंचाया। अब इसी त्रिवेणी के जल की मांग विदेशों से भी आनी शुरू हो गई है। इसकी पहली खेप प्रयागराज से भेज भी दी गई है।उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ के समापन के बाद प्रदेश के सभी जिलों में संगम के जल को महा प्रसाद रूप में पहुंचाने का निर्णय लिया था जो किसी कारण वश यहां महा कुम्भ में आने से वंचित रह गए। लेकिन अब देश के बाहर भी यही पवित्र गंगा जल भेजने की मांग आई है जिसकी पहली खेप भी प्रयागराज से भेज दी गई है। प्रयागराज के एन आर एल एम उपायुक्त राजीव कुमार सिंह बताते हैं कि जनपद की जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की तरफ से त्रिवेणी के गंगा जल की आपूर्ति की जा रही है। इसी क्रम में कांच की 1000 बोतल में त्रिवेणी का पवित्र गंगा जल यहां से जर्मनी भेजा गया है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी के माध्यम से यह जल विदेश भेजा गया है। जर्मनी से जो श्रद्धालु किसी कारण वश महाकुम्भ नहीं पहुंच सके उनके लिए यह त्रिवेणी का जल भेजा गया है। प्रदेश सरकार द्वारा महाकुम्भ के दिव्य और भव्य आयोजन के समय ही जनपद में बड़े स्तर त्रिवेणी के गंगा जल की पैकेजिंग की शुरुआत महिला स्वयं सहायता समूह की तरफ से हो गई थी। जसरा की नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की प्रभारी नमिता सिंह बताती हैं कि महाकुम्भ के आयोजन के बाद अब तक 50 हजार से अधिक बोतल में पैक किया हुआ गंगा जल स्वयं सहायता समूह की उनकी महिलाओं द्वारा भेजा चुका है। हाल ही में उन्होंने नागपुर के शिव शंभू ग्रुप सोसायटी को 50 हजार बोतल त्रिवेणी का जल भेजा है। 500 एम एल की बोतल में यह गंगा जल भेजा गया है। जबकि जर्मनी जो गंगा जल भेजा गया था वह 250 एम एल की बोतल में था।

### यूपी के 75 जिलों असम से भी भेजा जा चुका है त्रिवेणी का पावन जल

यूपी के सभी 75 जिलों में अग्नि शमन विभाग की तरफ से त्रिवेणी का पावन जल पहले ही पहुंचाया जा चुका है। यह सिलसिला अभी संपन्न चल ही रहा था कि नॉर्थ ईस्ट में असम से निजी टैंकर लेकर परम शिवम शिव मंदिर योगाश्रम, गुवाहाटी के संत राजा रामदास त्रिवेणी संगम पहुंचे थे। सीएफओ प्रमोद शर्मा का कहना है कि राजा रामदास जी ने टैंकर में गंगा जल भरवाने में विभाग का सहयोग मांगा और उनके विभाग ने उनके टैंकरों में जल भरकर उन्हें यहां से असम के लिए रवाना कर दिया गया था।

# बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** शुक्रवार तड़के कस्बे सहित क्षेत्र में बेमौसम तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुक्सान हुआ है हालांकि क्षेत्र में बोई जाने वाली दलहनी और तिलहनी फसलें लगभग 95 प्रतिशत कट कर किसानों के घर या बाजारों में पहुंच चुकी हैं जबकि सबसे महत्वपूर्ण खाद्यान्न फसल गेहूं ही मात्र खेतों में खड़ा हुआ है जिसके काफी नुकसान का अनुमान है। शुक्रवार तड़के तेज हवाओं और गरज के साथ हुई तेज बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है जिसके चलते किसान नींद छोडकर खेतों की ओर रुख कर रहे हैं।बताते चलें कि इस समय क्षेत्र में गेहूं की फसल पकी हुई खड़ी है जबकि कुछ किसानों की फसल खेतों में कटी पड़ी है।बेमौसम बारिश से खड़ी और पड़ी फसलों को काफी नुकसान का अनुमान है।

अधिकांश फसल पकी हुई खड़ी है जो बारिश और तेज हवाओं के कारण पूरी तरह से जमीन पर लेट गई है जिसका खड़ा होना मुश्किल है और काटते समय काफी गेहूं जमीन पर छिटक जाएगा जिससे किसानों का नुकसान होना तय है।और जिन किसानों की फसल अधपकी है वह कुछ दिन पिछड़ जाएगी।

**कृष्ण बिहारी सिंह पूर्व प्रधान ग्राम सिजवाही**

हमारे गांव के अधिकांश किसानों की खेती बंधी की प्लेन जमीन में है जिसमें पानी रुक जाता है और इस बारिश के कारण गेहूं की फसल को अधिक नुकसान हुआ है क्योंकि अधिकांश किसानों की फसलें जमीन में लेट गई हैं जिनके दोबारा खड़े होने की उम्मीद नहीं है और कुछ किसानों की दलहनी और तिलहनी फसलों को भी नुकसान हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन कल

**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी की ओर कल 6 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हुसैनिया हज ट्रेनिंग कैम्प 2025 का आयोजन स्वयंवर मैरिज हाल में किया गया है। हज ट्रेनिंग कैम्प की जानकारी देते हुए अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी सरफराज मुस्तफा खान ने बताया कि इस वर्ष भी अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी 6 अप्रैल दिन रविवार को शहर के स्वयंवर मैरिज हाल में मौलाना जाहिद रजा कादरी की अध्यक्षता में हुसैनिया हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन कर रही है जिसमें जनपद इटावा के अलावा मैनपुरी, कन्नौज, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, उरई, औरैया, भिण्ड, जालोन, मुरैना और ग्वालियर जनपद से इस साल हज पर जाने वाले हज यात्री भाग लेंगे जिनको कानपुर के हज ट्रेनर अल्हाज शारिक अल्वी ट्रेनिंग देंगे। श्री खान ने हज पर जाने वाले सभी लोगों से हज ट्रेनिंग कैम्प में भाग लाने की अपील की है।

### सिटी पब्लिक स्कूल की छात्रा आदिति को डॉ हरीशंकर पटेल ने किया सम्मानित



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** सिटी पब्लिक स्कूल, ब्रह्म नगर की छात्रा अदिति का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय साम्हो, भरथना में होने के अवसर पर डॉ0हरीशंकर पटेल व दीप बिसारिया ने छात्रा को पुरुस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा मुख मीठा कराया। महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डॉ0हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अपना दल (एस)ने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों की मेहनत व दूरदर्शिता से होनहार बच्चों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का जो कार्य कर रहे है वह अद्वितीय है। सभी सम्मानित शिक्षक एवं खाशतौर पर प्रबन्धक दीप बिसारियां बधाई के पात्र हैं , कक्षा 5 की छात्रा अदिति की कड़ी मेहनत का परिणाम आज सामने है , भविष्य में सिटी पब्लिक स्कूल सफलता के सोपानों की ओर अग्रसरित हो, बेटी अदिति को आशीर्वाद देते हुए यह भी कहा कि वह जीवन में नए आयामो पर पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दीप बिसारिया ने कहा कि छात्रा अदिति ने अपनी मेहनत से विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकों ने अदिति को ढ़ेरों बधाई दी। बधाई देने वालों में दिव्यांश बिसारिया, संदीप, कु दीक्षा, कु, मुस्कान, कु, स्वेता, कु, सृष्टि, अनिल मिश्रा आदि।

### डीएम व एसएसपी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शहर में किया फ्लैग मार्च



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** आगामी त्योहार एवं जनपदीय कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्रान्तर्गत शास्त्री चौराहा से नौरंगाबाद चौराहा से नौरंगाबाद चौकी होते हुये पक्का तालाब चौराहा से एसएसपी चौराहे फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। इस दौरान उन्होंने सभी से आगामी त्योहारो को शांतिपूर्वक एवं प्रेमभाव से मनाने की अपील की साथ ही संबंधित अधिकारियों को माहौल खराब करने, शांति व्यवस्था बिगाडने तथा अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव एवं पुलिस तथा प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के आरोपी को मुठभेड़ में लगी गोली



**राठ,हमीरपुर।** कस्बे में एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल कर दिया। आरोपी उस्मान ने मंदिर जा रही किशोरी के साथ अश्लील हरकतें की थीं। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गुरुवार रात करीब 11 बजे पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली। टीम जब सैना रोड स्थित दूध फैक्ट्री के पास पहुंची, तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी। घायल आरोपी को राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर रामआसरे सरोज ने बताया कि आरोपी के पास से एक अवैध देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

### रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा पर रहेगा रूट डायवर्ट

**सुमेरपुर हमीरपुर।** आगामी छह अप्रैल रविवार को निकलने वाली विशाल रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हाइवे सहित बांदा मार्ग से आने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी किए गए आदेश के अनुसार हाईवे सहित बांदा मार्ग में रूट डायवर्जन का समय सुबह 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक तय किया गया है। कानपुर से महोबा की तरफ जाने वाले वाहनों को राठ तिराहा से बिवार,मुस्करा होकर महोबा भेजा जाएगा।

# जनपद के चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 5 अप्रैल को

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि शासन की मंशा के अनुरूप अप्रैल महीने के प्रथम शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 05 अप्रैल,2025 को किया जायेगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षत में तहसील दुद्धी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन शक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित कैम्प/शिविर भी लगाया जायेगा, जिसमें नया पेंशन आनलाईन कराने के कराने के साथ ही पेंशन हेतु के0वाई0सी0 का भी कार्य कराया जायेगा। आयोजित कैम्प के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित विभाग से जुड़े पात्र लाभार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नम्बर (ओ0टी0पी0 हेतु) के साथ स्वयं उपस्थित होकर योजनाओं के लाभ हेतु नया आवेदन, के0वाई0सी0 आदि कार्य करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कैम्प में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी जारी किया जायेगा, जिसके लिए आधार कार्ड, ओ0टी0पी0 के लिए मोबाईल का होना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार से दिव्यांगत बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का नवीन दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा, जिस हेतु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आनलाइन आवेदन किये गये फार्म की प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति व दिव्यांगता दर्शाते हुए चार फोटो की आवश्यकता होगी। दिव्यांगजन जिनका दिव्यांग प्रमाण-पत्र अभी तक नहीं बन पाया है विभाग के वेबसाइट salamban.gov.in पर आनलाइन कराकर तहसील दुद्धी में उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वंचित दिव्यांगजनों को विभाग की योजनाओं का लाभ मिल सकें। जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित योजना पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन का लाभ उठा सकते हैं, इस योजना के लाभ हेतु ऐसी महिलाएं जिनके पति की मृत्यु हो चुकी हो तथा उन्हें आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है, को मासिक पेंशन के रूप में 1 हजार रूपये प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री कनया सुमंगला योजना के तहत समान लिंगानुपात स्थापित करने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बालिकाओं के जन्म के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करने पर लाभ दिये जाने का प्राविधान है।

# सिसोलर में जल निगम की टंकी का ट्यूबवेल खराब, बूंद-बूंद पानी के लिए हाहाकार

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा विकास खण्ड के बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर में बनी जल निगम की टंकी में पानी पहुंचाने वाला ट्यूबवेल बीते एक पखवाड़े से खराब पड़ा है। जिससे कि टंकी में पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे कि गांव के हजारों लोगों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है। इन लोगों ने विभागीय अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई है लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। बताते चलें कि लगभग पंद्रह हजार की आबादी वाले गांव सिसोलर में पेयजल की भारी किल्लत को दूर करने के लिए यहां पर जल निगम द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था लेकिन इसमें विभागीय कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के कारण यह योजना शुरुआती दौर से ही ग्रामीणों को खून के आंसू रुला रही है और आए दिन कोई न कोई समस्या बनी रहती है। आए दिन टंकी का लीकेज होना अथवा नलकूपों के खराब हो जाने की समस्या बनी रहती है जिससे कि लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या से जूझना पड़ता है। विशेष कर गर्मियों के दिनों में यह समस्या बहुत ही गंभीर हो है। इधर बीते एक पखवाड़े से इस टंकी का नलकूप खराब होने से सैकड़ों परिवारों को बूंद बूंद पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। गांव के गन्नू यादव, गंगा यादव, चंदन प्रजापति, कमल प्रजापति, चुन्नू वर्मा, पिग्गा वर्मा, राजू वर्मा, महेश अरख,राजू अरख,मतवा, प्रह्लाद प्रजापति, रामबाबू प्रजापति,राज कुमार गुप्ता, शत्रुधन यादव, श्री कान्त यादव, प्रेम नारायन तिवारी,महेश तिवारी,कमल तिवारी, अच्छे लाल यादव,राजेन्द्र गुप्ता,वीरेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया है कि बीस दिन से इस टंकी का नलकूप खराब पड़ा है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होकर दर-दर भटक रहे हैं। टंकी का आपरेटर नलकूप की मोटर खराब होने की बात कहता है। इन ग्रामीणों का कहना है कि इन्होंने दर्जनों बार विभागीय जेई,एई और एक्सियन सहित अन्य अधिकारियों को फोन करके अवगत कराया है लेकिन किसी ने भी अभी तक पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं किया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो धरना प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर हो जाएंगे।

# रामनवमी उत्सव की तैयारी के भव्य स्वरूप में लगे कार्यकर्ता : डॉ. धर्मवीर

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** रामनवमी उत्सव की तैयारी को भव्य स्वरूप देने के लिए राम दरबार अखाड़ा के सभी कार्यकर्ता पूरा समय देकर पूरे नगर में 5000 झंडा नगर के प्रमुख मार्गो में बाधा जा रहा है राम दरबार अखाड़ा के अध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने कहा कि पूरे नगर को भगवान राम के जन्म के उत्सव के रूप में मनाने के लिए सजाने की भव्य तैयारी की जा रही है भगवान राम का जन्मोत्सव 12:00 बजे दिन में मनाया जाएगा 1:00 बजे किन्नरों द्वारा सोहर व बधाई गीत राम जानकी मंदिर पर किया जाएगा उसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा पूरे नगर में 6 जगह भगवान राम की भव्य आरती की जाएगी सा जगह पानी के स्टॉल लगाए जाएंगे 3:00 से भव्य श्री राम दरबार की शोभायात्रा आरती के साथ राम जानकी मंदिर पन्नूगंज रोड से शुरू की जाएगी शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण भगवान श्री राम का दरबार श्री गणेश जी की झांकी महादेव जी की झांकी आज गुरु शंकराचार्य जी की झांकी और बनारस से आए हुए कलाकारों द्वारा विभिन्न झांकियां का प्रदर्शन और शिव तांडव किया जाएगा नगर के युवाओं द्वारा ढोल नगाड़ों का मुख्य आकर्षण होगा शोभायात्रा में लगभग 5 से 6000 लोगों के शामिल होने की संभावना है उत्सव के रूप में मनाने की भव्य तैयारी है राम भक्तों में जबरदस्त उत्साह है लोकल कलाकारों में भी उत्साह है। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए राम दरबार सभी संरक्षक गण जितेंद्र सिंह आनंद मिश्रा रविंद्र केसरी संजय जयसवाल बलराम सोनी मनीष अग्रहरि संगम गुप्ता मनोज जालान नरेंद्र गर्ग मनीष खंडेलवाल अभिषेक राय प्रकाश श्रीवास्तव अभिषेक गुप्ता भैयालाल कनौजिया दिनेश भारती सभी कार्यकर्ता भव्य स्वरूप देने के लिए निरंतर लगे हुए हैं।

# करोड़ों के अवैध गाजा के साथ दो गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान डेविड कुमार चौरसिया पुत्र शिवप्रसाद निवासी मकोईया थाना खोडारे जनपद गोण्डा व जगमोहन पुत्र स्व जोखू राम निवासी पंडित का पुरवा, थाना अन्तू, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में की गई है। मामले में तीन अभियुक्त

**सोनभद्र।** शाहगंज थाना पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ रॉबर्ट्सगंज-घोरावल मार्ग पर बनौरा पुलिया के पास से गुरुवार की रात एक ट्रक से 800 किलो ग्राम गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार बरामद गांजा की अनुमानित कीमत एक करोड़ 60 लाख रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए तस्कर उड़ीसा प्रान्त से उक्त गांजा की खेप लेकर प्रयागराज जा रहे थे। शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने तस्करों को मीडिया से रूबरू कराया। एएसपी आपरेशन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार की देर रात एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ शाहगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रॉबर्ट्सगंज-घोरावल मार्ग पर बनौरा पुलिया के पास से एक डीसीएम कंटेनर से 800 किलो ग्राम गांजा बरामद करते हुए वाहन सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्कर उड़ीसा प्रान्त से उक्त कंटेनर में गांजा लोड़ करके प्रयागराज जा रहे थे। एएसपी ने बताया कि गांजा लोड कंटेनर को थाना परिसर में खड़ा करते हुए तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानून के हवाले कर दिया गया।

## जुमे की नमाज को लेकर पुलिस रही अलर्ट

**सुमेरपुर हमीरपुर।** जुमा की नमाज के दौरान वक्फ संशोधन बिल के विरोध को मद्देनजर रखकर पुलिस प्रशासन ने जोरदार सख्ती बरती। कस्बे में सीओ सदर के नेतृत्व में सभी मस्जिदों पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने मुस्लिम समुदाय को किसी तरह के विरोध प्रदर्शन की प्रति आगाह करते हुए सख्त चेतावनी दी।

इससे कस्बे में हड़कंप मचा रहा और कोई भी विरोध करने की जरूरत नहीं जुटा सका। शासन के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज के दौरान बेहद सतर्कता बरती नमाज के पूर्व सीओ सदर राजेश कमल ने थानाध्यक्ष अनूप सिंह के साथ कस्बे की मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को अगाह करते हुए कहा कि वह शांति के साथ जुमे की नमाज अदा करें। किसी तरह का विरोध प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने आवासीय योजना में भू-खण्डों के लिए पंजीकरण का किया शुभारम्भ

# सस्ती आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना आज की आवश्यकता

- लोगों को अच्छी आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता
- प्रधानमंत्री ने विगत 10 वर्षों में देश में इस दिशा में अनेक बड़े कदम उठाए: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को अच्छी आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना तथा बेहतर ईज ऑफ लिविंग प्रदान करना डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 10 वर्षों में देश में इस दिशा में अनेक बड़े कदम उठाए हैं। नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से अत्याधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए निर्धारित समय से पूर्व सस्ती आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना आज की आवश्यकता है। इस आवश्यकता के अनुरूप लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अनन्त नगर आवासीय योजना को लखनऊ में आगे बढ़ाया है। आज बासन्तिक नवरात्रि के दौरान इस आवासीय योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह योजना शीघ्र ही लोकप्रिय होते हुए आमजन की ईज ऑफ लिविंग के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री यहां अपने सरकारी आवास पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 6,500 करोड़ रुपये की लागत से 785 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित अनन्त नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना में भू-खण्डों के लिए पंजीकरण का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इसके पूर्व, उन्होंने अनन्त नगर आवासीय योजना पर आधारित मॉडल का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 20 वर्ष उपरान्त प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बेहतरीन कार्ययोजना के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लगभग 800 एकड़ क्षेत्रफल में 07 हजार करोड़ रुपये की लागत से इस बड़ी आवासीय योजना को लाने में सफलता प्राप्त की है। यह आवासीय योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आवासीय योजना को चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक्सप्रेस-वे तथा लखनऊ रिंग रोड के माध्यम से बेहतरीन कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी। इन्टीग्रेटेड टाउन प्लानिंग के अन्तर्गत यहां एजुकेशन हब स्थापित करने के लिए भी 100 एकड़ से अधिक भूमि आरक्षित की गई है। इसमें प्री-प्राइमरी से हायर एजुकेशन तक, टेक्निकल तथा मेडिकल एजुकेशन आदि के लिए अच्छी सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक तबके के लिए हाई राइज आवासीय सुविधा के साथ-साथ खाली प्लॉट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। यह अत्यन्त सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बदल चुकी है। पहले एक हाई राइज बिल्डिंग का निर्माण करने में 05 से 10 वर्ष तक का समय लगता था। अब कुछ ही महीनों में हाई राइज बिल्डिंग का स्ट्रक्चर निर्मित कर लोगों को गुणवत्तायुक्त आवासीय सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है। लखनऊ में 02 वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा लाइट हाउस प्रोजेक्ट लागू किया गया। यह योजना अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित थी।

# वक्फ संशोधन बिल संविधान की भावना के खिलाफ : सांसद सैयद नसीर हुसैन

- वक्फ बिल के जरिए बीजेपी की सांप्रदायिक ध्रुवीकरण
- विधेयक में विपक्षी सदस्यों की कोई सिफारिश शामिल नहीं

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी पारित हो गया। विपक्षी दल के कड़े विरोध के बावजूद विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े। सदन में विधेयक के खिलाफ बोलते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और जेपीसी सदस्य रहे डॉ.सैयद नसीर हुसैन ने वक्फ विधेयक को भाजपा का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि जेपीसी ने ये संशोधन सुझाये हैं, लेकिन यह केवल जेपीसी के एनडीए सांसदों का विचार है, अन्य दल के सभी लोगों और उनकी सिफारिशों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि 1995 और 2013 के विधेयक किसी को खुश करने के लिए लाए गए थे और सख्त थे, तो भाजपा उसका समर्थन क्यों करी थी? भाजपा के लोग पूरे देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।भाजपा ने 2013 में इस विधेयक का समर्थन किया था, जिसके बाद 2014 में एनडीए सत्ता में आई। और 10 साल तक सत्ता में रहने के दौरान उन्होंने कभी इस बारे में बात नहीं की। लेकिन 2024 में बिल फिर से याद आ गया, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिली। इसलिए भाजपा चाहती है कि ऐसे मुद्दे चलते रहें, देश बंटता रहे और जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहे। भाजपा की हिन्दू-मुस्लिम राजनीति जारी रह सके। जो संशोधन लाए गए हैं वे संविधान की भावना के विरुद्ध हैं। यह अनुच्छेद 14, 25, 26, 30 का उल्लंघन है। यह कानून के समक्ष समानता की अवधारणा के खिलाफ है। यह विभिन्न वर्गों के लिए कानून में समानता के विरुद्ध है। और भाजपा एक राष्ट्र, एक कानून, यूसीसी के बारे में जो भी कहती है, वह उसके भी खिलाफ है। पिछले कुछ दिनों से लगातार वक्फ एक्ट और बोर्ड के बारे में गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं और गोदी मीडिया इसका पूरा समर्थन कर रहा है और भाजपा का आईटी सेल भय फैला रहा है।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को 30 अप्रैल तक पूरा करें: सिंह

- एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने में पर्यटन विभाग की अहम भूमिका होगी
- अंतर्राष्ट्रीय रोमा संग्रहालय कन्नौज का निर्माण कार्य इस महीने के अंत तक पूरा कर लिया जाए: समाज कल्याण मंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने आज पर्यटन भवन में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण तथा मा0 मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी तथा विभागीय अधिकारियों के साथ कन्नौज में निर्माणाधीन रोमा म्यूजियम व मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त संदर्भों, लम्बित परियोजनाओं व 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को हर हाल में 30 अप्रैल तक गुणवत्ता के साथ पूरा कराये। पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने में पर्यटन विभाग की अहम भूमिका होगी, इसलिए पर्यटकों को बड़ी संख्या में आकर्षित करने के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करके उनकी क्लोजर रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध करायें। उन्होंने पर्यटकों के आगमन को देखते हुए होटलों के कमरे आदि की व्यवस्था के लिए धर्मशाला, ढाबे, शादीघर, होम स्टे आदि का सर्वे करायें। उन्होंने कहा कि फिलहाल उ0प्र0 में एक लाख की आबादी पर 35 कमरे ही उपलब्ध हैं।

# अहलेबैत अ.स. से मोहब्बत एक बड़ी नेमत: मौलाना सै. अशरफ

- नज्म-उल-उलमा आयतुल्लाह सै. अली नक़वी (त. स.) की इसाले सवाब की मजलिस का

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नज्म-उल-उलमा आयतुल्लाह सै. अली नक़वी (त. स.) की इसाले सवाब के लिए हुसैनिया सैयद तकी साहब, जन्नत मआब मे मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस की शुरुआत तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुई। शायरों ने अहलेबैत अ.स. की शान में अशआर पेश किए। इस कार्यक्रम का संचालन मौलाना तसव्वुर हुसैन ने किया। मौलाना सैयद अशरफ अली गरावी साहब क़िबला (वकील आयतुल्लाह-उज़्मा सैयद अली हुसैनी सीस्तानी ह.ज. ) ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अहलेबैत अ.स. से मोहब्बत रखने वाले की खासियत यह होती है कि वह उन तमाम चीज़ों पर अमल करता है जिनका अहलेबैत अ.स. ने हुक्म दिया है, और जिन चीज़ों से मना किया है उनसे दूर रहता है। रसूल-ए-अकरम (स.अ.व) ने फ़रमाया जो शख्स अहलेबैत अ.स. की मोहब्बत में इस दुनिया से रुख्सत हो जाए, वह शहीद होता है। शहीद के बारे में खुदा का फरमान है जो लोग अल्लाह की राह में क़त्ल कर दिए जाएँ, उन्हें मुर्दा न कहो, बल्कि वे अल्लाह के पास रोज़ी पा रहे हैं। जिसके दिल में अहलेबैत अ.स. की मोहब्बत हो, उसका कोई मुकाबला नहीं हो सकता। अहलेबैत अ.स. की मोहब्बत बहुत बड़ी नेमत है और हमें इसकी क़द्र करनी चाहिए। मौलाना सैयद अशरफ अली साहब क़िबला गरावी ने नज्म-उल-उलमा सैयद अली नक़वी (त. स.) की अहमियत और महानता पर रोशनी डालते हुए कहा कि नज्म-उल-उलमा हमेशा अपने घरवालों की किफालत के लिए दिन-रात कोशिश करते रहे। उन्होंने अपने आराम की परवाह किए बिना लगातार मेहनत करते हुए अपनी पूरी ज़िंदगी गुज़ार दी और अपने बच्चों का मुस्तक़बिल महफ़ूज़ कर दिया।

उन्होंने अपनी औलाद के लिए इल्म-ए-दीन को क़ायम रखने की हर मुमकिन कोशिश की। नज्म-उल-उलमा ने कभी भी अपनी परेशानियों को अपने बच्चों पर जाहिर नहीं होने दिया और खुद एक फौलादी दीवार की तरह हर मुश्किल का मुकाबला करते रहे। आखिर में मौलाना सैयद अशरफ अली गरावी ने मसाइब-ए-इमाम हुसैन अ.स. बयान किए, जिसमें अज़ादारों ने ग़मगीन होकर गिरया किया। मजलिस के इख़्तेताम पर मौलाना ने नज्म-उल-उलमा सैयद अली नक़वी (त. स.) की बुलंद दरजात के लिए दुआ की। इस कार्यक्रम में उलमा, तलबा और मोमिनीन की बड़ी तादाद ने शिरकत की।

## संक्षिप्त समाचार

### मजलिसे बरसी रविवार को

**लखनऊ।** डॉ. मोहम्मद मोहसिन जैदी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे बरसी रविवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय के भाई डॉ. हुसैन मोहसिन जैदी ने बताया कि 6 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित इमामबाड़ा बिल्कीस जहां में तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना सज्जाद हैदर आब्दी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के सरफराजगंज स्थित आवास पर सुबह 9:30 बजे होगी।

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 58.31 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 58.31 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, वित्तीय वर्ष के सफल समापन के साथ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज मार्च 2025 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़े जारी किए। मार्च 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,27,448 यूनिट्स रही, जिसमें घरेलू बाजार में 4,01,411 यूनिट्स और 26,037 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। गौरतलब है कि एचएमएसआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 58,31,104 यूनिट्स की बिक्री की, जिससे 19 प्रतिशत की सालाना वृद्धि (YoY ग्रोथ) दर्ज की गई। इसमें घरेलू बाजार में 53,26,092 यूनिट्स और 5,05,012 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

### स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता निकाली रैली




**बाराबंकी/लखनऊ।** मलका इंटर कॉलेज व एमएसएम जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक कफील जैदी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर स्कूल चलो अभियान के संदर्भ में एक जागरूकता रैली निकाली गई जो मलका इंटर कॉलेज से रवाना होकर मलका महिला महाविद्यालय तक गई। उक्त रैली का उद्देश्य शिक्षा के महत्व का प्रचार -प्रसार करना है। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक कफ़ील जैदी, उप प्रबंधक नबील जैदी, मिन्हाल ज़ैदी, प्रधानाचार्य रंजन शुक्ल , इमरान हैदर ,आशीष मिश्र, शुभम शुक्ल,दुर्गेश द्विवेदी, पारस राम सहित मलका इण्टर कॉलेज व एम.एस.एम. जूनियर हाई स्कूल असंद्रा बाराबंकी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### जन्नतुल बकी में रौजों के पुनर्निर्माण की मांग जाएगी

**लखनऊ।** आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड इस्लामी महीने शव्वाल की 8 तारीख 7 अप्रैल को सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना स्थित जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और इमामों की मजारों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में होने वाले प्रदर्शन का समर्थन करेगी। फण्ड की ओर से सऊदी अरब के दूतावास को पत्र भेज कर जन्नतुल बकी में रौजों के पुनर्निर्माण की मांग की जाएगी। फण्ड महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने बताया कि संस्था सऊदी अरब दूतावास भेजने वाले मांग पत्र में सऊदी हुकूमत से पवित्र मजारों के पुनर्निर्माण कराने या शिया समुदाय को निर्माण कराने की अनुमति दिलाने की मांग करेगी। उन्होंने फण्ड पदाधिकारियों से 7 अप्रैल को होने वाले वाले विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। इसी तरह तंजीमे मिल्लत ने भी 8 शव्वाल को आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। तंजीमे मिल्लत के महासचिव प्रिंस इकबाल मिर्जा ने कहा कि 8 शव्वाल को शहीद स्मारक पर दोपहर 12:30 बजे मौलाना यासूब अब्बास की ओर से प्रदर्शन होगा। उन्होंने लोगों से प्रदर्शन में शामिल होकर जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और इमामों के मजारों के पुनर्निर्माण की मांग की अपील की।

### रामनवमी पर मंदिरों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ आज से

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अष्टमी एवं रामनवमी के पावन अवसर पर प्रमुख शक्तिपीठों एवं मंदिरों में रामचरितमानस का अखण्ड पाठ 05 व 06 अप्रैल को किया जायेगा। यह पाठ चयनित भजन मंडलियों द्वारा किया जायेगा, इसके लिए इन्हें 5000 रूपये का मानदेय दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बार विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान भी संचालित किए जाएंगे। सभी जिलों में 24 घंटे का श्रीरामचरिमानस का अखंड पाठ कराने के निर्देश दिए गए हैं। 05 अप्रैल दोपहर से प्रारंभ अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति 06 अप्रैल को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होगी।

# दानिश आजाद अंसारी ने हज यात्रा 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक की

- अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री ने हज हाउस का किया निरीक्षण
- मेहरम कोटे के तहत 46 अतिरिक्त महिलाओं का चयन किया गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को सरोजनी नगर स्थित मौलाना अली मियां हज हाउस पहुंच कर हज यात्रा 2025 की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को हज यात्रा की तैयारियों के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए हज हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने हज यात्रा की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चर्चा की और यात्रियों की सुविधाओं, आवास, परिवहन और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये। इस वर्ष प्रदेश से 15513 आवेदकों ने हज यात्रा के लिए आवेदन किया था, जिनका कोटे से कम संख्या होने की वजह से स्वतः चयन हो गया। लखनऊ से 5416 और दिल्ली से 8090 आवेदन मिले। निदेशक हज अंकित अग्रवाल ने बताया कि मेहरम कोटे के तहत 46 अतिरिक्त महिलाओं का चयन किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि हज यात्रियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए 75 जिलों से 100 हज प्रशिक्षकों का चयन किया जा चुका है। सऊदी अरब में हज यात्रियों के मार्ग दर्शनार्थ और सुविधा पहुंचाने के लिए लगभग 92 स्टेट हज इंस्पेक्टर (खादिमुल हुज्जाज) का भी चयन किया जा चुका है।

इसके अलावा अतिरिक्त स्टेट हज इंस्पेक्टर की तैनाती यात्रियों की उड़ान से एक सप्ताह से पूर्व सऊदी अरब में किये जाने की कार्रवाई का विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लखनऊ उड़ान स्थल पर यात्रियों को ठहराने के लिए प्रबंधकीय व्यवस्था किये जाने की कार्रवाई प्रगति पर है। इस मौके पर सचिव राज्य हज समिति एस.पी. तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# परिवहन निगम में होगी 5000 महिला परिचालकों की सीधी भर्ती

- गृह जिले में मिलेगी तैनाती; इस तरह करें आवेदन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 5000 महिला अभ्यर्थियों की संविदा परिचालक के रूप में भर्ती की जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया महिला सशक्तिकरण और रोजगार वृद्धि के उद्देश्य से की जा रही है। यह भर्ती प्रक्रिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सरकार ने महिला अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए हैं कि उनका गृह जनपद के डिपो में ही नियुक्ति की जाएगी। संविदा परिचालकों को परिवहन निगम द्वारा निर्धारित अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के अनुसार वेतन मिलेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक विभिन्न शहरों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

#### रोजगार मेले का कार्यक्रम

08 अप्रैलः गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी, 11 अप्रैलः मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़, 15 अप्रैलः सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूटधाम, बांदा, प्रयागराज, 17 अप्रैलः नोएडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर

#### ऑनलाइन आवेदन और प्रमाणपत्र सत्यापन

इच्छुक अभ्यर्थी परिवहन निगम की वेबसाइट www.upsrtc.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्रमाणपत्रों का सत्यापन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जाएगा।

#### महिला अभ्यर्थियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

महिला अभ्यर्थियों को स्किल डेवलपमेंट के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यदि किसी प्रशिक्षण कोर्स की आवश्यकता होगी, तो परिवहन निगम स्वयं प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा।

# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वार्षिकोत्सव 2024-25 'स्पंदन'

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना लखनऊ में वार्षिकोत्सव 2024-25 'स्पंदन' का बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुषमा खर्कवाल, महापौर लखनऊ, उपस्थित रहीं । साथ ही भावना चौहान आर्या, समाजसेवी, भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम आरम्भ दीप प्रज्वलन एवं प्राचार्य प्रो सुमन गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की सत्र 2024 -25 की वार्षिक आख्या अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ सरिता सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई एवं तत्पश्चात महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ किरण यादव को पुष्प, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुमन गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत उद्बोधन किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न प्राध्यापको द्वारा लिखी गई पुस्तकों का भी विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसके साथ-साथ और महाविद्यालय की पत्रिका विधा का भी विमोचन किया गया ।तदुपरांत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नेट जेआरएफ में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

# यूपी में तपिश भरी धूप से लोग बेहाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़त देखने को मिलेगी। वहीं रात के पारे में भी बढ़ोतरी आएगी।

# रजिस्ट्री शिविर के साथ मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में शुक्रवार को विशेष रजिस्ट्री शिविर के साथ ही मानचित्र समाधान दिवस का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान 85 आवंटियों ने अपनी सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराई वहीं 22 मानचित्र, शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शनिवार को भी विशेष शिविर आयोजित होगा, जिसमें रजिस्ट्री कराई जाएगी। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित विशेष शिविर में विभिन्न अपार्टमेण्ट्स के फ्लैट्स, कानपुर रोड योजना, जानकीपुरम विस्तार, बसंतकुंज और प्रधानमंत्री आवास योजना के 85 आवंटियों ने रजिस्ट्री कराई। मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम ने बताया कि उपाध्यक्ष ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर महीने मानचित्र समाधान दिवस आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। शुक्रवार को पारिजात सभागार में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित विशेष शिविर में 22 मानचित्र व शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। इसी के साथ नजूल, अर्जन, सीलिंग, ट्रस्ट व लैण्ड यूज से संबंधित 7 एनओसी मौके पर जारी की गयीं। इसके अलावा 14 लोगों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन मानचित्र व शमन मानचित्र के अलए नये आवेदन भी किये। उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रक्रियाधीन प्रकरणों के अलावा नये प्राप्त होने वाले आवेदनों पर भी समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### भाषा विवि के छात्रों ने किया वनस्पति संस्थान का दौरा

**लखनऊ।** ख्व़ाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्थापित ''फैकल्टी आफ फार्मेसी'' के डी0 फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को वनस्पति विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय अनुसंधान से जुड़ी आधुनिक जानकारियाँ देना था। भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में भाषा विवि विद्यार्थियों के गतिविधियों का केंद्र बन रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। संस्थान उत्तर भारत की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए कार्य करता है साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों व संस्थानों के साथ मिलकर अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। यहाँ के वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. मनीश एस. भोयर ने छात्रों को पौधों के ऊतक संवर्धन और जेनेटिक इंजीनियरिंग के ज़रिए नई किस्मों के विकास की विस्तृति जानकारी छात्रों को प्रदान की।